दैनिक

नवप्रदेश

प्रदेश के साथ पूरा देश...

www.navpradesh.com | बिलासपुर, गुरूवार 29 अक्टूबर 2020, आश्विन शुक्ल पक्ष-त्रयोदशी, विक्रम संवत-2077 वर्ष-06 अंक-198 पृष्ठ-08 मूल्य-3 रुपए | छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, झारखंड, से एक साथ प्रकाशित

आज बेबाक

वल्लभगढ़ में एक गेटी की हत्या के आरोपी पकड़े गए तो हरियाणा के मुख्यमंत्री खट्टर ने पुलिस की पीठ थपथपाई और कहा कि घटना के बाद ही पुलिस कार्यवाही करती है। सही बात है। पुलिस अपराध रोकने के लिए थोड़े न है। अपराध होने के बाद पुलिस की भूमिका शुरू होती है। कभी अपराधी जल्दी पकड़े जाते है, कभी देर से और कभी पकड़े ही नहीं जाते। कोर्ट भी कभी जल्दी सजा देता है कभी देर से और कभी बरि कर देता है। जब तक पुलिस की कार्यप्रणाली और न्यायिक प्रक्रिया में सुधार नहीं होगा तब तक बेटियां यूं हीं बेमौत मारी जाती रहेंगी।

खास-खबर

कर्नाटक में प्रसाद खाने से 70 से अधिक लोग बीमार

मलावल्ली (वार्ता)। कर्नाटक के मांड्या जिले के लिंगापत्तन गांव में स्थित मारम्मा मंदिर में बुधवार को प्रसाद लेने के बाद महिलाओं एवं बच्चों समेत 70 से अधिक लोग और श्रद्धालु बीमार पड़ गये। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार प्रसाद लेने वाले श्रद्धालुओं को पहले उल्टी हुई जिसके बाद उनकी हालत और बिगडने लगी। इसके बाद सभी बीमार श्रद्धालुओं को मलावल्ली तालुक अस्पताल ले जाकर भर्ती कराया गया।

बारूदी सुरंग विस्फोट, दो जवान जख्मी

जम्मू (वार्ता)। जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले के बालाकोट इलाके में नियंत्रण रेखा पर बारूदी सुरंग में विस्फोट होने से सेना और सीमा सुरक्षा बल के दो जवान घायल हो गये। आधिकारिक सूत्रों ने बुधवार को बताया कि यह विस्फोट सेना की अग्रिम चौकी के पास हुआ। इसके कारण सेना एवं बीएसएफ का एक-एक जवान घायल हो गये।

विदेश सचिव गुरुवार से यूरोप की यात्रा पर

नई दिल्ली (वार्ता)। विदेश सचिव हर्ष वर्द्धन श्रृंगला गुरुवार से चार नवंबर तक फ्रांस, जर्मनी और ब्रिटेन की यात्रा पर रहेंगे। विदेश मंत्रालय ने आज यहां यह जानकारी दी। ये तीनों देश भारत के रणनीतिक साझीदार हैं और इनसे भारत के अत्यंत घनिष्ठ संबंध हैं।

सीप्लेन सेवा की होगी शुरूआत

नई दिल्ली (वार्ता)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी शनिवार को लौह पुरूष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के मौके पर गुजरात के केवड़िया में आयोजित समारोह में हिस्सा लेंगे और स्टेच्यू ऑफ यूनिटी से अहमदाबाद में साबरमती रिवरफ्रंट तक सी-प्लेन सेवा का उद्घाटन करेंगे।

मरवाही उपचुनाव: 50 कांग्रेसी विधायकों, 5 मंत्रियों के बाद अब मुख्यमंत्री सम्हालेंगे मोर्चा

आज से जोगी के गढ़ में गूंजेगी सीएम की आवाज

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल मरवाही में करेंगे कुल 7 आमसभा

नवप्रदेश संवादाता

रायपुर। विधानसभा के विशेष सत्र के पहले दिन जल्दबाजी में ही सहीं लेकिन पूर्व मंत्री अजय चंद्राकर के मुंह से कांग्रेस के 70 विधायक वाली बात निकल गई थी। जिसपर सदन में सत्तापक्ष की ओर से संसदीय कार्यमंत्री रविंद्र चौबे ने कटाक्ष करते हुए मुंह में घी-शक्कर बोला था। मंत्री चौबे ने यह भी कहा था कि अभी 69 विधायक हैं पार्टी में, अब भाजपा

के विधायक ने भी पहले ही हार मानते हुए मरवाही की जीत यानि कि 70 विधायक कह कर एक तरह से हमारी जीत मान लिया है।

सीएम की यहां होगी आमसभा

- रायपुर से सुबह 11.20 बजे हेलिकॉप्टर से रवानगी
- डोंगरिया, ■ कोटगार,
- जोगीसार, ■ बस्ती बगरा,
- दानीकुण्डी,
- लोहारी,
- नवागांव रोड शो होगा,
- 29 से 31 अक्टूबर तक सभाएं

पिछले चुनाव का चुनावी गणित

मरवाही उपचुनाव में इस दफा जोगी परिवार मैदान में नहीं हैं। ऐसे में कांग्रेसी मंत्री श्री सिंहदेव समेत बीजेपी के दिग्गज नेता भी कह चुके हैं कि जोगी परिवार को मिले वोट जिधर गिरेंगे वो पार्टी प्रत्याशी जीतेगा। हालाकि सियासी गलियारों में इस बयान के बाद बवाल भी मचा और इसका मतलब भी गलत निकाला गया। सवाल अब भी वही है कि पिछले विधानसभा चुनाव में स्वर्गीय अजीत जोगी को 70 हजार के करीब वोट मिले थे। जबकि बीजेपी को करीबन 27 हजार और कांग्रेस को 18 हजार मत पड़े थे। ऐसे में यह सवाल प्रासंगिक है कि जोगी परिवार के वोट किसे पड़ेंगे। चुनाव से वंचित कर दिए गए जोगी परिवार की कोशिश निर्दलीय प्रत्याशी को अपने मत पड़वाने की है। फिर भी सत्ता और विपक्ष के बीच इन वोटरों पर डोरे डालने से ही भविष्य संवरेगा।

अब इसी जीत को सुनिश्चित करने और 69 से 70 के आंकड़े को छूने के लिए मुख्यमंत्री भूपेश बघेल कल 29 से 31 अक्टूबर तक मरवाही में प्रचार का मोर्चा सम्हालेंगे।

राज्य में 15 साल भाजपा की सत्ता की गहरे तक जमी जड़ों को हिलाने वाले सीएम भूपेश बघेल अब मरवाही उपचुनाव की चुनौती भी अपने हाथ में लिए हैं। पार्टी और सत्तापक्ष के लिए यह सीट नाक की बात है। इसलिए जीत के लिए पहले से ही मरवाही उपचुनाव में तैनात 50 विधायक, 5 मंत्री और सैकड़ों कार्यकर्ताओं के बाद सीएम तीन दिनों में धुंआधार 7 आमसभाएं कर माहौल बनाएंगे। इसके उलट बीजेपी के स्टार प्रचारकों ने भी अपनी जीत के लिए दौड़-भाग करते दिख रहे हैं पर उपचुनाव एक तरह से सत्ता के इर्द-गिर्द दिखाई पड़ता है।

आदिवासी पगड़ी पहनकर मुरिया दरबार में शामिल हुए मुख्यमंत्री

■ मां दंतेश्वरी के दर्शन कर लिया आशिर्वाद

नव प्रदेश संवादाता

जगदलपुर। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल बुधवार दोपहर करीब ढाई घंटे देरी से जगदलपुर पहुंचे। सबसे पहले उन्होंने मां दंतेश्वरी के दर्शन और पूजन किया। इसके बाद सिरहासार पहुंचे और बस्तर दशहरा के दौरान होने वाले मुरिया दरबार में शामिल हुए हैं जहां सांसद दीपक बैज ने पगड़ी पहनाकर उनका स्वागत किया। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल आज जगदलपुर में विश्व प्रसिद्ध बस्तर दशहरा के अंतर्गत आयोजित

मुरिया दरबार में शामिल हुए। जहां सांसद दीपक बैज ने मुख्यमंत्री का स्वागत करते हुए पगड़ी पहनाई। इस अवसर पर स्कूल शिक्षा एवं आदिम जाति विकास और जिले के प्रभारी मंत्री डॉ. प्रेमसाय सिंह टेकाम, उद्योग मंत्री कवासी लखमा, लोकसभा सांसद दीपक बैज, संसदीय सचिव रेखचंद जैन, छत्तीसगढ़ हस्तशिल्प बोर्ड के अध्यक्ष श्री चंदन कश्यप, जगदलपुर महापौर श्रीमती सफिरा साहू, ■ शेष पृष्ठ 6 पर

समर्थन मूल्य पर धान और मक्का उपार्जन के लिए 10 नवम्बर तक होगा पंजीयन

किसानों की सुविधा को देखते हुए मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल के निर्देश पर खाद्य विभाग ने खरीफ विपणन वर्ष 2020-21 में समर्थन मूल्य पर धान और मक्का उपार्जन के लिए किसानों के पंजीयन की तारीख को 10 नवम्बर तक बढ़ा दिया है। पूर्व में पंजीयन की तारीख 31 अक्टूबर तक निर्धारित थी, जिसमें यह वृद्धि की गई है। राज्य शासन के खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग द्वारा प्रदेश के सभी संभागायुक्त, जिला कलेक्टरों, पंजीयक सहकारी संस्थाएं और अपेक्स बैंक के प्रबंध संचालक को पत्र जारी करते हुए आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए हैं।

राज्य स्थापना दिवस: भवन जगमगाएंगे राहुल वीसी के जरिए होंगे शामिल

■ अलंकरण, लोकार्पण और लोक नृत्य का होगा आयोजन

नवप्रदेश संवादाता

रायपुर। छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस 1 नवंबर को कोरोना काल की वजह से सीमित, संयमित लेकिन गरिमापूर्ण तरीके से मनाया जाएगा। कोई बड़ा आयोजन तो नहीं होगा लेकिन मुख्यमंत्री निवास में अलंकरण समारोह आयोजन होगा जिसमें वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्य से कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी जरुर समारोह में शामिल होंगे। मीडिया से मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि पिछले साल धूमधाम से राज्य स्थापना दिवस के साथ ही आदिवासी नृत्य महोत्सव का आयोजन किया गया था लेकिन इस साल कोरोना काल को देखते हुए कोई भी बड़ा आयोजन नहीं किया जा रहा है। सिर्फ मुख्यमंत्री निवास में छोटा सा राज्य अलंकरण सम्मान समारोह का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम ■ शेष पृष्ठ 6 पर

मुख्य शासकीय भवन होंगे रौशन

राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर राज्य के मुख्य शासकीय भवनों पर रोशनी की जाएगी सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा मंत्रालय से जारी परिपत्र में कहा गया है कि कोविड-19 के संक्रमण के कारण इस वर्ष राज्य स्थापना दिवस राज्योत्सव पर मुख्यमंत्री निवास में केवल राज्य अलंकरण समारोह का वर्चुवल आयोजन किया जाएगा। राज्य स्थापना दिवस 1 नवम्बर की रात्रि में सभी जिला मुख्यालयों एवं राजधानी रायपुर में स्थित शासकीय भवनों पर रोशनी की जाएगी। सामान्य प्रशासन विभाग ने इस आशय के परिपत्र सभी विभागों, अध्यक्ष राजस्व मंडल बिलासपुर, विभागाध्यक्षों, संभागीय कमिश्नरों, जिला कलेक्टरों और जिला पंचायत के सभी मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को जारी किया गया है। मंत्री बंगलों को भी इसमें शामिल किया गया है।

स्मृति को हुआ कोरोना, बिहार चुनाव में स्टार प्रचारक

नई दिल्ली। केन्द्रीय मंत्री स्मृति ईरानी कोरोना पॉजिटिव पाई गई हैं। उन्होंने गुरुवार को यह जानकारी ट्वीट के जरिए दी। इसके साथ ही उन्होंने अपने संपर्क में आए लोगों से जल्द जांच कराने को कहा है। स्मृति ने ट्वीट करते हुए कहा- इस बात का ऐलान करने के लिए शब्दों का चयन मेरे लिए दुर्भ है। इसलिए इसे साधारण रखते हुए कहती हूं कि मेरा कोविड-19 टेस्ट पॉजिटिव पाया गया है और उन लोगों से अनुरोध करना चाहूंगी जो मेरे संपर्क में आए हैं वे जल्द से जल्द अपनी जांच करवा लें। इससे पहले, बिहार के उपमुख्यमंत्री और भारतीय जनता पार्टी के दिग्गज नेता सुशील कुमार मोदी कोरोना संक्रमित पाए गए थे।

राष्ट्रपति ने दिल्ली विवि के वाइस चांसलर को किया सस्पेंड

नई दिल्ली। दिल्ली विश्वविद्यालय के कुलपति योगेश त्यागी को बुधवार को राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद के आदेश पर निलंबित कर दिया गया। साथ ही कर्तव्य में लापरवाही के आरोपों में त्यागी के खिलाफ जांच के भी आदेश दिए गए। यह जानकारी शिक्षा मंत्रालय के अधिकारियों ने दी। केंद्रीय विश्वविद्यालय में वर्चस्व की लड़ाई के बीच यह कदम उठाया गया है। मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि विश्वविद्यालय के कुलाधिपति राष्ट्रपति ने त्यागी को निलंबित कर दिया है ताकि सुनिश्चित किया जा सके कि जांच निष्पक्ष हो और वह साक्ष्यों से छेड़छाड़ करने या गवाहों को प्रभावित नहीं कर सकें।

राजद पर निशाना, कहा-कंपनियां बिहार से भाग जाएंगी

तेजस्वी यादव जंगलराज के युवराज: प्रधानमंत्री मोदी

मुजफ्फरपुर (वार्ता)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राष्ट्रीय जनता दल (राजद) प्रमुख लालू प्रसाद यादव के पुत्र और महागठबंधन की ओर से मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार तेजस्वी यादव का नाम लिये बगैर उन्हें जंगलराज का युवराज करार देते हुए कहा कि इनका पुराना ट्रैक रिकॉर्ड ऐसा है कि सरकारी नौकरी तो छोड़िए, इन लोगों के सत्ता में आने से नौकरी देने वाली निजी कंपनियां भी राज्य से भाग जाएंगी। श्री मोदी ने बुधवार को यहां राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के पक्ष में चुनावी सभा को संबोधित करते हुए कहा कि बिहार का चुनाव इस बार असाधारण परिस्थिति में हो रहा है । कोरोना के कारण पूरी दुनिया चिंता और मुश्किल में है। महामारी के इस कठिन समय में बिहार में स्थिर सरकार जरूरी है। उन्होंने कहा कि कोरोना महामारी के समय में जंगलराज वाले सत्ता में आ जाएं तो यह बिहार के लोगों पर दोहरी मार होगी। जंगलराज के युवराज आ जाएं तो महामारी से निपटने के लिए जो पैसे दिये जा रहे हैं उसका क्या होगा यह बिहार की जनता उनके पुराने ट्रैक रिकॉर्ड के आधार पर अच्छी तरह से जानती है।

पीएम पर रोजगार और कृषि कानून पर साधा निशाना

झूठ बोलने में नरेंद्र मोदी का कोई मुकाबला नहीं: राहुल

बगहा (वार्ता)। कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर देश के लोगों से झूठ बोलने का आरोप लगाते हुए बुधवार को कहा कि झूठ बोलने के मामले में प्रधानमंत्री का कोई मुकाबला नहीं है। मधुबनी प्रखंड के दौनहा मिडिल स्कूल मैदान में एक चुनावी सभा में रोजगार एवं कृषि सुधार कानून के मुद्दे पर श्री मोदी पर जमकर निशाना साधा और कहा कि प्रधानमंत्री ने दो करोड़ रोजगार की बात कही थी। अब यदि प्रधानमंत्री दो करोड़ रोजगार की बात बोल दें तो शायद भीड़ उन्हें भगा देगी। कुछ साल पहले श्री मोदी यहां आए थे और कहा था कि ये गन्ने का इलाका है, चीनी मिल चालू करूंगा और अगली बार आऊंगा तो यहां की चीनी चाय में मिलाकर पिऊंगा। उन्होंने सवालिया लहजे में कहा कि पिछले वादे के अनुसार प्रधानमंत्री ने यहां के लोगों के साथ चाय नहीं पी। कांग्रेस नेता ने रोजगार का मुद्दा उठाया और श्री मोदी के साथ-साथ मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की भी आलोचना करते हुए कहा कि बिहार के लोगों को दिल्ली, हरियाणा, पंजाब, बेंगलुरु में रोजगार मिलता है लेकिन बिहार में नहीं मिलता।

बौखलाए चीन का अमेरिका पर तंज, कहा-

भारत के साथ एलएसी पर तनाव द्विपक्षीय मुद्दा

बीजिंग (ए.)। अमेरिकी विदेश मंत्री माइक पोम्पियो की तरफ से बुधवार को गलवान हिंसा का जिक्र करने के साथ ही एलएसी पर चीन के साथ सैन्य तनाव के बीच भारत के समर्थन में खड़े रहने के उनके बयान ने बीजिंग को काफी बेचैन कर दिया है। उसने ने बुधवार को कहा कि भारत-चीन सीमा विवाद एक द्विपक्षीय मुद्दा है और इस पर बातचीत चल रही है। चीन ने आगे कहा कि वाशिंगटन की हिंद-प्रशांत नीति 'आउट डेटेड शीत युद्ध रणनीति' में धकेलने की है। चीनी विदेश मंत्रालय नई दिल्ली में मंगलवार को अमेरिकी विदेश मंत्री माइक पोम्पियो की उस

टिप्पणी पर जवाब दे रहे थे, जिसमें उन्होंने कहा था कि एलएसी पर चीन के साथ जारी सैन्य गतिरोध के बीच अमेरिका भारत के साथ खड़ा है। वांग वेनबिन ने बुधवार को नियमित मंत्रालय की ब्रीफिंग के दौरान बीजिंग में कहा- चीन और भारत के बीच सीमा विवाद दो देशों के बीच का मामला है। अब सीमा पर स्थित शांत है और दोनों पक्ष बातचीत ■ शेष पृष्ठ 6 पर

रायपुर निगम › सामान्य सभा से पहले ही गरमाई है निगम की सियासत

सामान्य सभा को लेकर बुलाई बैठक से कांग्रेसी पार्षद नदारद

■ हक-ओ-हकूक और नजर अंदाज किये जाने से खफा हैं 5 पार्षद

नवप्रदेश संवाददाता

रायपुर। सूबे के सबसे ताकतवर महापौर ऐजाज ढेबर को चुनौतियां मिलना शुरु हो गया है। युवा महापौर होने के बाद भी ऐजाज ढेबर से उनकी ही पार्टी के 5 युवा ऊर्जावान पार्षद बुरी तरह से खफा लगते हैं। शहरी सरकार की सियासत का बड़ा दिन यानि की सामान्य सभा 6 नवंबर को होगी।

सामान्य सभा को लेकर बुलाई गई कांग्रेसी पार्षद दल की बैठक से एक साथ ये 5 युवा पार्षद नदारद रहे। अब कानाफूसी भी होने लगी है कि उन्हें जानबूझकर नजरअंदाज किये जाने की वजह से ही वे खफा हैं। वजह कई हैं लेकिन उनके वॉर्ड में विकास कार्यों को लेकर यह नाराजगी बताई जा रही है। हालाकि युवा वॉर्ड मेंबरों के बीच महज इलाके में काम को लेकर ही नहीं बल्कि इसके पीछे एक बड़े पार्टी लीडर का फीडबैक भी काम कर रहा है।

निगम हलकों में अपने महापौर के बुलावे को नकारते हुए एक साथ 5 कांग्रेसी पार्षदों की बगावत ऐन सामान्य सभा के चंद रोज पहले उभरकर आने से कई तरह की दिक्कतें पैदा हो सकती हैं। हालाकि सबसे ताकतवर महापौर माने जाने वाले ऐजाज ढेबर के लिए 5 पार्टी पार्षदों को बेहतर समझाईश देना बाएं हाथ का काम है। लेकिन, सभी 5 पार्षद जो आहुत बैठक में नहीं गए वे भी ■ शेष पृष्ठ 6 पर

ये बैठक से रहे दूर

कांग्रेस पार्षद दल की बैठक महापौर ऐजाज ढेबर ने बुलाई थी। बैठक में 5 कांग्रेसी पार्षद तय वक्त पर पहुंचना तो दूर नहीं आने की जायज वजह भी पेश नहीं किए। नदारद रहे पार्षदों में अमितेश, अनवर, रितेश त्रिपाठी, बंटी होरा और कामरान अंसारी हैं।

खफा पार्षदों को शय

कांग्रेस से लेकर सरकार के केबिनेट में खास औहदा हासिल एक मंत्री के खासे करीबी हैं पांचों पार्षद। एक पार्षद को तो निगम में ज्वाइन करवाने के लिए तक मंत्री खास तौर पर पहुंचे थे। जबकि महापौर ऐजाज जब पदभार लिए तो अमुक मंत्री नदारद रहे।

पूर्वी लद्दाख में सेना की कार्रवाई पर गर्व: राजनाथ

नई दिल्ली (वार्ता)। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने आज कहा कि मौजूदा सुरक्षा परिस्थितियों में सेना ने जिस तरह के कदम उठाये हैं और कार्रवाई की है उन्हें उस पर गर्व है। श्री? सिंह ने बुधवार को सेना के तमाम शीर्ष कमांडरों को संबोधित किया और उन्हें आश्वस्त किया कि सरकार सशस्त्र सेनाओं को मजबूती प्रदान करने में किसी तरह की कसर नहीं छोडेगी।

रक्षा मंत्री ने सोमवार से यहां चल रहे सैन्य कमांडरों के चार दिन के सम्मेलन को बुधवार को संबोधित किया। बाद में उन्होंने सिलसिलेवार टवीट कर कहा ,'नयी दिल्ली में आज सैन्य कमांडरों के सम्मेलन को संबोधित किया। मौजूदा सुरक्षा माहौल में सेना की पहलकदमी पर बेहद गर्व है। सेना आजादी के बाद से ही देश की सुरक्षा और संप्रभुता के समक्ष चुनौतियों का सफलतापूर्वक सामना कर रही है।' उन्होंने कहा कि चाहे आतंकवाद या उग्रवाद की समस्या हो या कोई बाहरी हमला हो सेना ने इन खतरों का खात्मा करने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। रक्षा क्षेत्र और विशेष रूप से सैन्य ■ शेष पृष्ठ 6 पर

बर्न अस्पताल का मेडिकल वेस्टेज खुले में फेंका जा रहा

क्षेत्र में संक्रमण फैलने का बना खतरा , निगम अधिकारी और जनप्रतिनिधि हैं बेखबर

■ **मैग्नेटोन मॉल संचालक और बर्न अस्पताल के प्रबंधन द्वारा खुले में कचरा फेंकने से विद्याउपनगर नगर , साई मंदिर के आसपास रहने वाले में आक्रोश , कोरोना काल में संक्रमण फैलाने का लगा रहे आरोप ।**

नव प्रदेश संवाददाता

बिलासपुर। नगर निगम की सिर्फ कागजों में ही सफाई व्यवस्था चल रही है अस्पतालों से निकलने वाले मेडिकल वेस्ट खुलेआम रोड एवं डस्टबिन के बाहर फेंका जा रहा है । इन से क्षेत्र में संक्रमण फैलने का खतरा बना हुआ है।

लचर सफाई व्यवस्था की वजह से बिलासपुर नगर पालिक निगम की नज़र अंदाजी के कारण गंदगी के बीच वार्ड वासियों का रहना हो रहा है । झूठ की बुनियाद रख अधिकारी अपनी ही पीठ थपथपा रहे है । जबकि वास्तविकता इससे कोसों दूर है इसका उदाहरण शहर के अनेकों जगह देखने को मिलेगा। लेकिन अधिकारी और जनप्रतिनिधियों को इससे कोई सरोकार नहीं है। आखिर बदहाल सफाई व्यवस्था को कैसे सुधारा जाये।

विद्याउपनगर गायत्री मंदिर रोड से मैग्नेटो मॉल जाने वाले रास्ते में रखे निगम के कूड़ेदान में मैग्नेटो मॉल चौक में स्थित बर्न हॉस्पिटल का मेडिकल वेस्टेज खुलेआम सड़कों में डाला जा रहा है । एक ओर कोरोना जैसी गम्भीर महामारी से आमजन पहले ही परेशान हैं दूसरा रोड और रास्ते में इस प्रकार का अस्पताल प्रबंधन द्वारा वेस्टेज समाग्री खुले में फेंकना गम्भीर परिणाम हो सकता है । जिससे क्षेत्र में संक्रमण फैलने का खतरा बना है। वही आवारा पशु , मवेशी खाने की तलाश में कूड़ेदान में मुंह डालते हैं।

नियमतः यह है कि बर्न अस्पताल से निकलने वाले बेस्टेज समानों की नष्टीकरण की पूर्ण व्यवस्था अस्पताल प्रबंधन द्वारा ऐसी जगह करनी चाहिए जहां संक्रमण फैलने का खतरा न हो ।

नगर पालिक निगम जोन के इंजीनियर सफाई निरीक्षक या हेल्थ ऑफिसर इसके अलावा वार्ड में नियुक्त किए गए सफाई सुपरवाइजर या फिर वार्ड के जनप्रतिनिधि एवं मेयर तथा आयुक्त शायद अपनी जिम्मेदारी नही समझ रहे हैं। सबसे निंदनीय यह है कि चंद क़दमों की दूरी में जस्टिस तंखा मेमोरियल अंध मूक बधिर स्कूल संचालित है । केवल सफाई का फोटो खींच कर आलाधिकारियों को भेज दिया जाता है लेकिन कभी इसकी वस्त्विकत से रूबरू होने की निगम अधिकारी और जनप्रति निधि अपनी जिम्मेदारी नही समझ रहे हैं ।

जिले के चार ब्लाकों में 15 कोविड वैक्सीन सेंटर खोलने की तैयारी में है स्वास्थ्य विभाग

वैक्सीन का पता नहीं, स्वास्थ्य विभाग की तैयारी जोरों पर

नव प्रदेश संवाददाता

बिलासपुर। स्वास्थ्य विभाग द्वारा जिले में 15 कोरोना वैक्सीन सेंटर खोलने की तैयारी किया जा रहा है । यह तैयारियां केंद्र शासन से मिले आदेश के तहत शुरू की गई है । गौरतलब है कि बिलासपुर जिले में बढ़ते कोरोना मरीजों की संख्या और लगातार कोरोना संक्रमण से होने वाली मौत का आंकड़ा चिंता का विषय बना रहा। जिले में कोरोना वायरस को नियंत्रण करने स्वास्थ्य विभाग ने पूरी ताक़त झोंक दी है । जिले के अर्बन एवं ग्रामीण क्षेत्रों में टीम बनाकर प्रत्येक वार्ड , गली , मोहल्लों का निरीक्षण किया और घरों में दस्तख देकर लोगों से कोरोना वायरस के लक्षण की जानकारी ली और लक्षण नज़र आने वाले लोगों की जांच कर

इलाज भी किया नतीजा यह है वर्तमान में गम्भीर अवस्था के मरीजों की संख्या में कमी आई है , और कोरोना संक्रमण से मौत का आंकड़ा भी कम हुआ है। अब राहत देने वाली खबर यह आ रही है कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा बिलासपुर जिले के चार ब्लाकों में कोविड19 वैक्सीन सेंटर खोलने की तैयारी कर रहा है। इन ब्लाकों के अंतर्गत आने वाले ग्राम लखराम , देवरीखुर्द , सिरगिट्टी , तिफरा यदुनन्दन नगर , लिंगयाडिह , करगिकला , टेंगनमाडा , केंदा , चपोरा , जोन्धरा , जयरामनगर , लूथरा खमरिया , मोछ , दैजा , सकरी कुल 15 गांव को चिन्हाकित किया गया है । हालांकि अब तक कोविड 19 वैक्सीन का कुछ पता नही है । लेकिन केंद्र शासन के मिले निर्देश के आधार पर राज्य शासन ने स्वास्थ्य विभाग को आदेश जारी किया है।

सरेराह लूट, वारदात को अंजाम देकर नकाबपोश फरार

नव प्रदेश संवाददाता

बिलासपुर। स्टेट बैंक से पैसा निकाल कर जा रहे अब्बास हीरानी से तीन नकाबपोश ने उनके पास से 60 हजार रुपए लूट कर फरार हो गए । रोज की तरह भारतीय स्टेट बैंक की शाखा जो मेन रोड में संचालित है समय पर खुला और शाखा खुलते ही वहीं पर पास में रहने वालेअब्बास हीरानी बैंक के कैश काउंटर से 60 हजार निकाला । राशि निकालकर पैदल कॉलेज की ओर आगे बढ़े । तभी जेएमपी कॉलेज के पास मौके की तलाश बैठे तीन नकाबपोश उनसे बैंक से निकाली हुई रकम लूट लिया तथा डंडे से मारपीट की । फ़िर वहां से फरार हो गए। मुख्य

मार्ग में दिनदहाड़े हुई इस लूट की घटना से पूरे क्षेत्र में हड़कंप मच गया है। लोगों का कहना हैं अब क्षेत्र में खुलेआम लूट की वारदात होने लगी है । वहीं आसपास में लगे सीसीटीवी कैमरे में आरोपियों का वाहन के साथ देखा जा सकता है । तत्काल इसकी सूचना पुलिस को भी दी गई है और लोगों का भीड़ इकट्ठा हो गया । शायद लुटेरों को इस बात की जानकारी है कि लंबी रकम निकालने के लिए गए हुए हैं और रकम निकाल कर वापस आ रहे हैं । जैसे ही आगे बढ़े लूट की वारदात को अंजाम दिया और फरार हो गए । सूचना पर पुलिस ने नाकेबंदी कर आरोपियों की तलाश में जुट गई है।

कलेक्टर ने की ई-मेगा विधिक सेवा शिविर की तैयारियों की समीक्षा

नव प्रदेश संवाददाता

मुंगेली। जिले में राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार जिला मुख्यालय में शनिवार को विशेष ई-मेगा विधिक सेवा शिविर का आयोजन किया जा जायेगा, जिसमें विशेष ई-मेगा शिविर (विडियो कान्फ्रेंसिंग) में उच्च न्यायालय बिलासपुर, जिला एवं सत्र न्यायालय और जिला कलेक्टोरेट स्थित एनआईसी कक्ष में जिले के पूर्व चिहांकित लाभार्थी एक साथ जुडेंगे। इस संबंध में आज कलेक्टर पी.एस.एल्मा, मुख्य न्यायायिक मजिस्ट्रेट एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव सुश्री सुषमा लकड़ा, पुलिस अधीक्षक अरविंद कुजूर और विशेष न्यायाधीश प्रबोध टोप्पो ने आज संयुक्त रूप से जिला एवं सत्र न्यायालय जिले के विडियो

कान्फ्रेंस कक्ष में बैठक लेकर विशेष ई-मेगा विधिक शिविर के रूप रेखा के संबंध में चर्चा करते हुए की जा रही तैयारियों की समीक्षा की।

बैठक में कहा गया कि विशेष ई-मेगा विधिक शिविर में शासन की कल्याणकारी योजनाओं तथा कार्यक्रमों के बारे में आम लोगों को जानकारी दी जाएगी तत्पश्चात् राज्य शासन की विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं के अंतर्गत पात्रतानुसार पूर्व में चिहांकित हितग्राहियों को लाभान्वित भी किया जाएगा। बैठक में उन्होने लाभार्थियों की बैठक व्यवस्था, सोशल डिस्टेसिंग तथा शासन द्वारा कोरोना कोविड-19 महामारी को रोके जाने संबंधी आवश्यक मापदण्डो आदि के बारे में विस्तार पूर्वक चर्चा की गई । विशेष ई-मेगा विधिक सेवा शिविर के संबंध में वक्ताओं का सम्बोधन जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के यूट्यूब चैनल में लाईव किया जाएगा। इसके अतिरिक्त जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के फेसबुक पेज पर भी लाईव करने की बात कहीं गयी। बैठक में उन्होने विशेष ई-मेगा विधिक सेवा शिविर के बारे में समाचार पत्रों, के अलावा बैनर पोस्टर के माध्यम से भी व्यापक प्रचार प्रसार करने के बात कहीं गयी।

वेबीनार के माध्यम से जागरूकता सप्ताह आयोजन कर लोगों को कोरोना से बचाव के लिए जागरूक किया गया

मुंगेली (नव प्रदेश)। जिले के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय छटन राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के द्वारा वेबीनार के माध्यम से कोरोना पर जागरूकता सप्ताह कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि अमीन सोनवानी ने अपना विचार व्यक्त करते हुए बताया कि कोरोना वायरस एक वैश्विक महामारी है जिसका उपाय सिर्फ अभी मास्क ही वैक्सीन है जब तक वैक्सीन की खोज नहीं हो जाती तब तक हमें कोरोना गाइडलाइंस का पालन करना है विगत 8 माह से विद्यालय बंद है कारण सिर्फ कोरोना महामारी शासन के द्वारा पढ़ाई तू घर द्वार के माध्यम से ऑनलाइन ऑफलाइन बोल तू के बोल लाउडस्पीकर वेबीनार सीजी स्कूल पोर्टल जैसे विभिन्न माध्यमों से दीक्षा पोर्टल एप्प इस प्रकार के माध्यमों से शैक्षणिक कार्य जारी है विगत सितंबर माह में दसवीं, बारहवीं का माध्यमिक शिक्षा मंडल रायपुर द्वारा असाइनमेंट भी लिया गया है जो प्रतिमाह आयोजित किया जाएगा। कोरोना जागरूकता सप्ताह में कुमारी रश्मि साहू के द्वारा रंगोली के माध्यम से जागरूकता का प्रयास किया जा रहा है पुन्नूलाल के द्वारा बहुत ही सुंदर चित्रकला के माध्यम से कोरोना से बचाव की जानकारी दी जा रही है आज इस कार्यक्रम में कार्यक्रम अधिकारी मोहन उपाध्याय ने बताया कि राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के द्वारा लगातार कोरोना वायरस से बचाव हेतु लोगो को जागरूक किया जा रहा है इस इस वैश्विक राष्ट्रीय महामारी में एनएसएस अपनी भूमिका निभा रही है मुंगेली जिला के द्वारा भी सतत रूप से प्रयास किया जा रहा है कि लोगों को करुणा महामारी से बचाया जा सके निश्चित रूप से सोशल डिस्टेंसिंग बनाए रखना मास्कका उपयोग करना प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने के लिए शुद्ध एवं ताजे भोजन का उपयोग करना तुलसी रस का प्रयोग करना महत्वपूर्ण है इस अवसर पर रश्मि साहू प्रियंका लक्ष्मी प्रसाद पुन्नूलाल ज्योति निशा कविता पूजा साहू संदीप ने नारे एवं कोरोना पर कविता रचे कोरोना एक महामारी है बचना हमारी जिम्मेदारी है कोरोना एक बीमारी है मास्क हमारी जिम्मेदारी है कोरोना एक वायरस है हमारे पास तुलसी रस है कोरोना से हमें खतरा है जागरूकता से हमें बचना है।

कलेक्टर ने दी डाटा एन्ट्री आपरेटरों को जिम्मेदारी

मुंगेली (नव प्रदेश)। जिले में कोविड-19 के संक्रमण के रोकथाम के संबंध में राज्य कार्यालय पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग को प्रति दिन माइक्रोसॉफ्ट पवार एप्प के माध्यम से जानकारी भेजी जाएगी। इस हेतु कलेक्टर पी.एस.एल्मा ने जिले में विभिन्न विभागों में कार्यरत् डाटा एन्ट्री आपरेटरों को जिम्मेदारी दी है। इनमें क्रेडा विभाग के डाटा एन्ट्री आपरेटर अर्जुन लहरे, आदिवासी विकास विभाग के डाटा एन्ट्री आपरेटर नरोत्तम साहू, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग जिले के डाटा एन्ट्री आपरेटर कुमारी सुनीता देवांगन और जितेन्द्र श्रीवास, सोशल आडिट यूनिट के कम्प्यूटर आपरेटर राकेश सोनवानी और कार्यालय उपसंचालक समाज कल्याण विभाग के डाटा एन्ट्री आपरेटर अशोक कुमार जायसवाल व अन्य शामिल है।

मिठाई दुकानों को मिठाई की विनिर्माण और अवसान तिथि लिखना अनिवार्य

मुंगेली (नव प्रदेश)। जिले में मिठाई खाद्य कारोबारकर्ताओं को अब मिठाई की विनिर्माण और अवसान तिथि लिखना अनिवार्य है। मिठाई की

विनिर्माण और अवसान तिथि का उल्लेख नहीं करने वाले मिठाई खाद्य कारोबारकर्ताओं के विरूद्ध भारतीय खाद्य एवं मानक प्राधिकारण के बनाये नियमों के तहत कठोर कार्यवाही की जाएगी। कलेक्टर पी.एस.एल्मा ने आज यहां बताया कि कई मिठाई खाद्य कारोबारकर्ताओं द्वारा मिठाई की विनिर्माण और अवसान तिथि अंकित नही किये जाते जिसके कारण हितग्राहियों के स्वास्थ्य पर विपरित प्रभाव पडता है। इसे देखते हुए भारतीय खाद्य एवं मानक प्राधिकारण द्वारा अब सभी मिठाईयों की अलग-अलग अवसान तिथि निर्धारित की है। कलेक्टर एल्मा ने भारतीय खाद्य एवं मानक प्राधिकारण द्वारा बनाये गये नियमों का पालन करने हेतु खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग जिले के खाद्य सुरक्षा अधिकारी को निर्देश दिये है। कलेक्टर एल्मा ने भारतीय खाद्य एवं मानक प्राधिकारण के बनाये गये नियमों का उल्लंघन होने पर कारोबारकर्ताओं के विरूद्ध सख्त कार्यवाही करने के लिए खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग मुंगेली के खाद्य सुरक्षा अधिकारी को निर्देश दिये।

मुख्यमंत्री बताएं जोगी की जाति क्या है: अमित

अमितजोगी ने मुख्यमंत्री के मरवाही आगमन पर स्वागत करते हुए दागे सवाल और लिखा पत्र

नव प्रदेश संवाददाता

बिलासपुर। जनता कांग्रेस जोगी के अध्यक्ष अमित जोगी ने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को पत्र लिखकर मरवाही आने का स्वागत करते हुए पूछा है कि अजीत जोगी आदिवासी नहीं है तो फिर उनकी जाति क्या है ?

मरवाही उपचुनाव में नामांकन फार्म निरस्त कर दिए जाने के बाद अमित जोगी ने मुख्यमंत्री को लिखे पत्र में कहा है कि आपका उपचुनाव में प्रचार पर मरवाही क्षेत्र में स्वागत

करते हुए एक ही प्रश्न के उत्तर की अपेक्षा करता हूँ। मेरे पिता स्वर्गीय श्री अजीत जोगी 17 वर्षो तक कांग्रेस अनुसूचित जनजाति विभाग के राष्ट्रीय अध्यक्ष के पद पर रहे, रायगढ़ आदिवासी संसदीय क्षेत्र से सांसद रहे, और मरवाही आदिवासी सीट से अपने स्वर्गवास तक विधायक रहे। मैं भी मरवाही सीट से 2013 से 2018 तक विधायक रहा हूँ। आपके द्वारा गठित उच्च स्तरीय छानबीन समिति के द्वारा मेरा जाति प्रमाण पत्र यह कहकर निरस्त कर दिया कि मेरा परिवार आदिवासी नहीं है। आपके द्वारा हमारे परिवार की जाति की जांच कराई गई है जिसमें सिर्फ यही बताया जा रहा है कि मेरा परिवार आदिवासी नहीं है लेकिन मेरे परिवार की सही जाति क्या है, इसका खुलासा आज तक नहीं हुआ है। इसलिए आपके आगमन पर मरवाही क्षेत्र के प्रत्येक मतदाता आपसे जानना चाहता है कि मेरे परिवार की सही जाति क्या है? कृपया मतदाताओं और मरवाही की प्रत्येक जनता का भ्रम दूर करने का कष्ट करें ।

जिला कार्यालय में कोरोना जांच हेतु लगाया गया शिविर

नव प्रदेश संवाददाता

सूरजपुर। कलेक्टर श्री रणबीर शर्मा के द्वारा कार्यालयों में बढ़ते संक्रमण को देखते हुए आज संयुक्त जिला कार्यालय में अधिकारियों व कर्मचारियों का शत् प्रतिषत् कोरोना जांच कराने हेतु स्वास्थ्य विभाग को निर्देषित कर शिविर लगाया गया था। जिसमें स्वास्थ्य विभाग के द्वारा पूरे एहतीयात के साथ संयुक्त जिला कार्यालय के अधिकारियों एवं कर्मचारियों का कोरोना जांच किया

गया है। जिसमें 41 अधिकारी व कर्मचारियों ने एन्टीजेन जांच, 14 ने आरटीपीसीआर एवं 15 ने ट्रूनॉट जांच कराया है। कुल 70 लोगों ने जांच कराया हैं। आज कराई गई जांच में एन्टीजेन जांच में किसी भी अधिकारी व कर्मचारी की रिपोर्ट पॉजीटिव नहीं आई है, शेष सेंपल परीक्षण के लिए भेजा गया है।

■ न्यूज गैलरी

राजस्व मण्डल के निर्माणाधीन भवन का संभागायुक्त ने किया निरीक्षण

बिलासपुर (नव प्रदेश)। राजस्व मण्डल के निर्माणाधीन भवन का आज संभागायुक्त डॉ.संजय अलंग ने निरीक्षण किया और लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। बिलासपुर में पुराने राजस्व मण्डल कार्यालय के भवन के समीप ही 6 करोड़ 11 लाख की लागत से नये भवन का निर्माण किया जा रहा है। वर्ष 2017 में स्वीकृत यह भवन पूर्णता की ओर है। संभागायुक्त ने पूरे भवन का विस्तृत मुआयना किया। यहां बनाये गये तीन कोर्ट रूम, रिकार्ड रूम का जायजा लिया। कुर्सी, टेबल एवं अन्य व्यवस्थाओं के संबंध में जानकारी ली। दिव्यांगों की सुविधा की दृष्टि से भवन में निर्माण कार्य करने कहा। इस अवसर पर संयुक्त कलेक्टर मनोज केसरिया, डिप्टी कलेक्टर विरेन्द्र लकड़ा एवं पीडब्ल्यूडी के अधिकारी उपस्थित थे।

लोकवाणी में खेलकूद, भविष्य के विषय पर होगी बात

बिलासपुर (नव प्रदेश)। लोकवाणी में मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल लोकवाणी में इस बार बालक-बालिकाओं की पढ़ाई, खेलकूद, भविष्य आदि विषय पर प्रदेशवासियों से बात करेंगे। इस संबंध में 16 वर्ष से कम आयु के बालक-बालिकाएं आकाशवाणी रायपुर के दूरभाष नंबर 0771-2430501, 2430502, 2430503 पर 29 एवं 30 अक्टूबर को अपरान्ह 3 से 4 बजे के बीच फोन करके अपने सवाल रिकॉर्ड करा सकते हैं। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की मासिक रेडियो वार्ता लोकवाणी की 12वीं कड़ी का प्रसारण 8 नवंबर को होगा।

राज्य सरकार ने 10 दिन आगे बढ़ाई किसान धान पंजीयन की तारीख

मुंगेली (नव प्रदेश)। राज्य सरकार ने किसान धान पंजीयन की तारीख बढ़ा दी है। अब अंतिम तिथि 31 अक्टूबर से 10 दिनों के लिए बढ़ाई है। कृषि मंत्री रविन्द्र चैबे ने सदन में इसकी घोषणा करते हुए कहां कि राज्य सरकार किसानों के साथ हमेशा खड़ी है। बसपा विधायक केशव चंद्रा ने सदन में किसान पंजीयन का मुद्दा उठाया था, जिसके बाद कृषि मंत्री रविन्द्र चैबे ने अंतिम तिथि बढाएं जाने की घोषणा की है।

लोकवाणी में खेलकूद, भविष्य आदि विषय पर होगी बात

मुंगेली (नव प्रदेश)। मुख्यमंत्री बघेल ने लोकवाणी में इस बार बालक-बालिकाओं की पढ़ाई, खेलकूद, भविष्य आदि विषय पर प्रदेशवासियों से बात करेंगे। इस संबंध में 16 वर्ष से कम आयु के बालक-बालिकाएं आकाशवाणी में 28, 29 एवं 30 अक्टूबर को अपरान्ह 3 से 4 बजे के बीच फोन करके अपने सवाल रिकॉर्ड करा सकते हैं। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की मासिक रेडियो वार्ता लोकवाणी की 12वीं कड़ी का प्रसारण 8 नवंबर को होगा। लोकवाणी का प्रसारण छत्तीसगढ़ स्थित आकाशवाणी के सभी केंद्रों,एफएम रेडियो और क्षेत्रीय समाचार चैनलों से सुबह 10.30 से 11 बजे तक होगा।

कोरोना के 20 नए संक्रमित मरीज पाये गए

मुंगेली (नव प्रदेश)। जिले में कोरोना का संक्रमण मंगलवार को घटते क्रम मे दिखा और 20 लोग संक्रमित पाये गये पॉजिटिव केस संख्या बढकर 2675 हो गई है। जिसमें से 2313 व्यक्तियों ने कोरोना को मात देकर स्वस्थ होकर घर लौट चुके है जिसके पश्चात जिले में एक्टिव मरीज की संख्या घटकर 345 हो गई है। कोरोना से मृतकों की संख्या 17 स्थिर है। होम आइसोलेशन में 2091 मरीज है, होम आइसोलेशन से रिकवर मरीजों की संख्या बढकर 1817 हो गई है, होम आइसोलेशन में से 3 मरीज की मृत्यु हो गई है, इसके पश्चात होम आइसोलेशन में पॉजिटिव मरीज की संख्या घटकर 263 है। जिला विकास खण्ड में 14 व्यक्ति, लोरमी विकास खण्ड में 4 व्यक्ति व पथरिया विकास खण्ड में 2 व्यक्ति पॉजिटिव पाये गए है।

शासकीय उचित मूल्य दुकानों के संचालन हेतु आवेदन 13 तक आमंत्रित

मुंगेली (नव प्रदेश)। जिले में अनुविभागीय अधिकारी (रा.) पथरिया द्वारा नगर पंचायत पथरिया के नगरीय क्षेत्र में युक्तियुक्तकरण के तहत नगर पंचायत पथरिया के वार्ड क्रमांक 01 से 05, वार्ड क्रमांक 06 से 10 तथा वार्ड क्रमांक 11 से 15 में तीन नवीन शासकीय उचित मूल्य की दुकान के संचालन हेतु आंबटन किया जाना है। इस संबंध में आमजनों, स्व सहायता समूह, सेवा सहकारी समिति तथा उपभोक्ता भंडार आदि से 13 नवम्बर तक आवेदन आमंत्रित किये गये है। शासकीय उचित मूल्य दुकान प्राप्त करने हेतु इच्छुक संस्था, समूह तथा उपभोक्ता भंडार आदि विधिवत प्रारूप तथा आवश्यक दस्तावेज के साथ कार्यालयीन समय में अनुविभागीय अधिकारी (रा.) पथरिया कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त आवेदन पर विचार नहीं किया जाएगा।

शारीरिक योग्यता प्रमाण पत्र हेतु 4 नवंबर को मेडिकल बोर्ड बैठेगा

फार्म पंजीयन सुबह 10 बजे से 1 बजे तक

मुंगेली (नवप्रदेश)। जिले में सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक आर के. भुआर्य ने बताया कि जिला चिकित्सालय जिले में शारीरिक योग्यता प्रमाण पत्र हेतु 4 नवम्बर दिन बुधवार को जिला मेडिकल बोर्ड का बैठेगा। इस संबंध में सुबह 10 से दोपहर 1 बजे तक फार्म पंजीयन का कार्य होगा।

मुख्यमंत्री बघेल के नरवा कार्यक्रम को मिली बड़ी उपलब्धि

केन्द्र सरकार ने बिलासपुर और सूरजपूर जिले को नेशनल वाटर अवार्ड के लिए किया चयनित

- 'नदी-नालों के पुनरोद्धार में बिलासपुर और जल संरक्षण के क्षेत्र में सूरजपुर जिले ने देश में बनाया प्रथम स्थान'
- नवंबर माह में मिलेगा पुरस्कार

रायपुर। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ राज्य को एक और बड़ी उपलब्धि हासिल हुई है। मुख्यमंत्री के नरवा कार्यक्रम को केन्द्र सरकार पुरस्कृत करेगी। नरवा कार्यक्रम के तहत पिछले दो साल में नदी-नालों के पुनरोद्धार के लिए किए गए कार्यों के लिए प्रदेश के बिलासपुर जिले और जल संरक्षण के कार्यों के लिए सूरजपुर जिले को भारत सरकार के जलशक्ति मंत्रालय की ओर से देश के सर्वश्रेष्ठ जिलों में प्रथम स्थान मिला है।

केन्द्र सरकार के जलशक्ति मंत्रालय द्वारा जल स्त्रोतों के संरक्षण एवं संवर्धन के लिये दोनों जिलों को सन् 2019 का नेशनल वाटर अवार्ड प्रदान किया जाएगा। इसमें बिलासपुर जिले को ईस्ट अण्डर रिवाइवल ऑफ रिवर कैटेगरी में और सूरजपुर जिले को ईस्ट अण्डर वाटर कन्जर्वेशन कैटेगरी पर राष्ट्रीय स्तर पर प्रथम पुरस्कार के लिए चयनित किया गया है। यह पुरस्कार नवंबर माह में प्रदान किया जाएगा।

गौरतलब है कि मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने राज्य में नई सरकार के गठन के साथ ही छत्तीसगढ़ की चार चिन्हारी 'नरवा, गरूवा, घुरवा और बाड़ी' ऐला बचाना हे संगवारी के विजन के साथ प्रदेश की ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नया जीवन प्रदान जो बीड़ा उठाया है। वह अब धरातल पर साकार होता दिखाई देने लगा है। छत्तीसगढ़ सरकार की महत्वाकांक्षी सुराजी गांव योजना का एक महत्वपूर्ण घटक नरवा कार्यक्रम के तहत प्रदेश के सभी जिलों में बड़ी संख्या में नदी और नालों के संरक्षण और संवर्धन के कार्य किए जा रहे हैं। इससे पेयजल की उपलब्धता, सिंचाई साधनों का विकास, भू-जल के रिचार्ज के साथ ही ग्रामीण अर्थव्यवस्था को एक नया जीवन प्रदान हो रहा है।

नरवा कार्यक्रम के तहत बिलासपुर जिले में विभिन्न नदियों एवं नालों में 47 स्ट्रक्चर्स का निर्माण किया एवं 17.508 मिलियन घन मीटर जल भराव क्षमता का सृजन किया गया तथा 152 किलोमीटर लम्बाई तक नदियों एवं नालों में जलभराव सुनिश्चित किया गया। इसके साथ ही जिले में 49 लघु जलाशय योजनायें निर्माणाधीन हैं जिनसे 48.53 मिलियन घन मीटर जल भराव क्षमता सृजित होगी। इससे 181 किलोमीटर लम्बी नदी एवं नालों में जल भराव होगा।

बिलासपुर जिले में प्रवाहित होने वाली 13 मुख्य नदियों एवं नालों तथा स्थानीय नालों की कुल लम्बाई 2352.56 किलोमीटर है। इसमें जल संसाधन विभाग ने एक वृहद, एक मध्यम तथा 165 लघु जलाशय एवं 117 एनिकट का निर्माण किया गया है। कुल 1146.90 किलोमीटर नदी नालों का पुनरोद्धार जल संसाधन विभाग ने किया है। इन नदी-नालों में 284 स्ट्रक्चर निर्मित किये गये हैं, जिनमें से खारंग नदी में 13, शिवनाथ में 5, लीलागर में 13, अरपा में 17, सोन नदी में 12, मनियारी नदी में 8, घोंघा नाला में 12, गोकने नाला में 5, तुंगन नाला में 3, नर्मदा नाला में 3, चांपी नाला में 3, एलान नाला में 4, जेवस नाला में 5 और लोकल नालों में 181 लघु जलाशय और एनीकट का निर्माण किया गया है।

इसी तरह सूरजपुर जिले में जल संरक्षण और भूमिगत जल के स्तर को उठाने के लिए डबरी महाभियान कार्यक्रम चलाया गया। जिसमें हितग्राही मूलक डबरी, कूप के अलावा छोटे-बड़े नालों का चिन्हांकन कर उन्हें पुर्नजीवित करने के गैवियन, लुज बोल्डर चेक डेम, ब्रश वुड जैसे संरचना का निर्माण किया गया। डबरी महाभियान के तहत पिछले दो सालों में लगभग 7 हजार डबरी और 4200 कूप का निर्माण किया गया है। इसमें लगभग 18 हजार एकड़ भूमि सिंचित हुई और किसान साल भर में दो बार फसल लेने लगे है।

■ न्यूज गैलरी

गांजा बेचते एक गिरफ्तार 2 किलों 100 ग्राम गांजा जब्त

रायपुर। मादक पदार्थ गांजा बेचते पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार कर उसके पास से 2 किलों 100 ग्राम गांजा जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार मुखबिर की सूचना पर मंगलवार को शाम 6.25 बजे डीडीनगर पुलिस ने महादेवा तालाब के पास चंगोराभाठा में टिकु उर्फ नारायण यादव आयु 40 वर्ष पिता स्व.जयराम यादव को मादक पदार्थ गांजा बेचने की सूचना पर घेराबंदी कर आरोपी के पास से एक सफेद रंग की झिल्ली में मादक पदार्थ गांजा जब्त किया है। पकड़े गए मादक गांजा का तौल कराने पर 2 किलों 100 ग्राम कीमत 21 हजार रुपयें एवं नगदी 3050 रुपयें कुल 24050 रुपयें जब्त किया है। आरोपी के खिलाफ नार्कोटिक्स 20 बी के तहत कानूनी कार्रवाही किया गया है।

पुलिस कार्रवाई नहीं करेगी तो राकेश धोतरे के खिलाफ कोर्ट में दो करोड़ रूपये के मानहानि का केस दर्ज कराऊंगा-सुंदरानी

रायपुर। भाजपा के वरिष्ठ नेता व पूर्व विधायक श्रीचंद सुंदरानी ने शंकरनगर के पूर्व कांग्रेस पार्षद राकेश धोतरे के खिलाफ दो करोड़ रूपये का मानहानि का अदालत में मुकदमा दायर करने की बात कहीं है। श्रीचंद सुंदरानी ने सोशल मीडिया में अपना एक विडियो वायरल किया है, जिसमें उन्होंने शंकरनगर के पूर्व पार्षद राकेश धोतरे द्वारा उनके और सिंधी समाज के खिलाफ किए गए अभद्र टिप्पणी को लेकर कहा कि उन्हें इसकी जानकारी सोशल मीडिया के जरिए मिली है। उन्होंने कहा कि निश्चित रूप से यह बहुत घटिया स्तर की टिप्पणी की है। यह दुर्भाग्यजनक है। इस तरह का बयान देकर राजनीति का नया इतिहास कांग्रेस पार्टी खोलने जा रही है। उन्होंने कहा कि अगर कांग्रेस इस प्रकार राजनीति करना चाहती है तो मुझे चुनौती स्वीकार है। निश्चित रूप से मेरे साथियों और समाज के लोगों ने राकेश धोतरे के खिलाफ थाने में एफआईआर दर्ज कराई है, अगर पुलिस द्वारा इस मामले में कार्रवाई नहीं करती है तो मैं अदालत में राकेश धोतरे के खिलाफ दो करोड़ रूपये के मानहानि का मुकदमा दर्ज करूंगा।

कंपनी में काम करने के दौरान मजदूर आया करंट की चपेट में,इलाज के लिये अस्पताल भर्ती

रायपुर। कंपनी में काम करने के दौरान मजदूर करंट की चपेट में आने से बुरी तरह झुलस जाने पर इलाज के लिये अस्पताल में भर्ती किया गया है।

मिली जानकारी के अनुसार सिलतरा धरसींवा निवासी मनीष यादव 22 वर्ष पित उमेश यादव ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि मारुति फेरस कंपनी में मेकनिकल विभाग में हेल्फर का काम करता है। प्रार्थी का चाचा मारुति फेरस कंपनी सिलतरा मेकनिकल विभाग में मेंटनेस साईड में कामता यादव इलेक्ट्रीशियन का काम करता है। 26 अक्टूबर को शाम 6 बजे आटोमेटिक फिल्टर कन्ट्रोल केपिसिटर पैनल को साफ करते समय बिजली के डी ओ फ्यूज के संपर्क में आ जाने धमाका हुआ उक्त घटना में कामता यादव बिजली करेंट लगने से पुरी तरह झुलस जाने पर कंपनी के एम्बुलेंस में डालकर ईलाज के लिये कालड़ा अस्पताल रायपुर में इलाज के लिये भर्ती किया गया है। घटना की रिपोर्ट 27 अक्टूबर को 4.20 बजे मारूति फेरस कंपनी सिलतरा के अधिभोगी द्वारा पर्याप्त सुरक्षा उपकरण उपलब्ध कराये बिना उपेक्षापूर्वक कार्य कराने से घटित हुई है। घटना की रिपोर्ट पर पुलिस ने कंपनी के अधिभागी के खिलाफ अपराध कायम कर मामला दर्ज कर लिया है।

ई-कोर्ट के जरिए 5.29 लाख से ज्यादा राजस्व मामलों का निराकरण

रायपुर। छत्तीसगढ़ शासन द्वारा राजस्व प्रकरणों के शीघ्र निराकरण के लिए ई-कोर्ट प्रणाली लागू की गई है। ई-कोर्ट से प्रदेश में अब तक 5 लाख 29 हजार 131 मामलों का निराकरण किया जा चुका है। ई-कोर्ट प्रणाली में जन सामान्य के राजस्व संबंधी मामले राजस्व न्यायालयों में प्राप्त होने वाले सभी आवेदनों को ऑनलाईन दर्ज कर आवेदक को पावती प्रदान की जा रही है। ई-कोर्ट में दर्ज मामले की अद्यतन जानकारी पक्षकारों को उनके प्रकरणों के संबंध की जा रही कार्यवाही की जानकारी अब ऑनलाईन दी जा रही है।

मरवाही विधानसभा उपचुनाव में बजेगा कांग्रेस पार्टी का डंका और प्रचंड मतों से होगी जीत

- कांग्रेस सरकार के मुखिया भूपेश बघेल के जनहितैषी योजनाओं से जुड़ना चाहती है मरवाही की जनता
- प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम ने जन सम्पर्क के दौरान नाप डाला मरवाही का एक एक कोना

रायपुर। छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता एवं सचिव विकास तिवारी ने मरवाही उपचुनाव पर बयान जारी करते हुए कहा कि जहां एक ओर मरवाही की जनता कांग्रेस सरकार के मुखिया मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के जन हितैषी योजनाओं और निर्णयो के साथ अपने आप को जोड़ना चाह रही है। वहीं दूसरी ओर प्रदेश अध्यक्ष मोहन मरकाम के द्वारा लगातार सघन जनसंपर्क और प्रचार के दौरान मरवाही विधानसभा का एक-एक कोना नाप लिया गया है जिसका की बेहतर प्रतिसाद भी मिल रहा है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम का मरवाही विधानसभा उपचुनाव में जनसंपर्क कार्यक्रम जो कि दिनांक 17 अक्टूबर 2020 शनिवार को ग्राम पंचायत लोहारी, कटरा, बेलझिरिया, उषाढ़, गुम्माटोला, बरौर, टिकठी, बगडार, तेन्दुमुड़, कछार एवं दिनांक 18 अक्टूबर 2020 रविवार को ग्राम पंचायत वनाडोंगरी, गनैया, झिरियाटोला, परासी, चंगेरी, करहनी, डड़िया, पोंडी, घिनौची, मालाडाड।तथा दिनांक 19 अक्टूबर 2020 सोमवार को ग्राम पंचायत बचरवार, बंधी, अड़भार, कुड़कई, सेंवरा, कुदरी, पिपलामार, अण्डी, मनगवां।और दिनांक 20 अक्टूबर 2020 मंगलवार को ग्राम पंचायत मटियाडांडड, रूमगा, कोलविरा, पथर्रा, सेखवा, सकोला, कोटमी, दमदम, मड़ई। तथा दिनांक 21 अक्टूबर 2020 बुधवार को ग्राम पंचायत पतगवां, झाबर, नवागांव, टंगियामार, बारीउमराव, गाजन, कंचनडीह, पंडरिया, अमारू।और दिनांक 22 अक्टूबर 2020 गुरूवार को ग्राम पंचायत महौरा, बगड़ी, डोंगरिया, मसुरीखार, तौली, पिपरिया, झिरनापोंडी, बधौरी, दरमोहली। अमरपुर, लटकोनी, गिरारी, सरखोर, पनकोटा, बसंतपुर, सोनबचरवार, लाटा, जमड़ी।

तत्पश्चात दिनांक 23 अक्टूबर 2020 शुक्रवार को ग्राम पंचायत धनौरा, मनौरा, मरवाही(बाजार), कुम्हारी, पीपरडोल, गुल्लीडांड़, करगीकला, दानीकुण्डी(बाजार), सेमरदर्री। और दिनांक 24 अक्टूबर 2020 शनिवार को ग्राम पंचायत सिलपहरी, लटकोनी, धनपुर, धोबहर, लरकेनी(बाजार), नरौर, निमधा, खुरपा, धरहर।

एवं दिनांक 25 अक्टूबर 2020 रविवार को ग्राम पंचायत अमेराटिकरा, बरगंवा, भर्रीडांड, रटगा(बाजार), घुसरिया, मडवाही, चिचगोहना, पथर्री में नुक्कड़ सभा एवं जनसंपर्क के बाद सम्पन्न हुवा। एवं दिनांक 29 एवं 30 को भी प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल एवं प्रदेश अध्यक्ष मोहन मरकाम मरवाही में लगातार सभा एवं जनसंपर्क करेंगे।

कांग्रेस प्रवक्ता विकास तिवारी ने कहा कि जहां एक ओर मरवाही उपचुनाव में कांग्रेस पार्टी का चेहरा मुख्यमंत्री भूपेश बघेल है और कांग्रेस सरकार की किसान हितैषी, आदिवासी हितैषी, जनहितैषी योजनाओं को घर-घर जाकर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम द्वारा बताया जा रहा है जिससे कि कांग्रेस पार्टी की प्रचंड वोटों से जीत सुनिश्चित दिख रही है, वहीं दूसरी ओर भारतीय जनता पार्टी की प्रदेश इकाई जो गुटबाजी के चरम में है और भाजपा के शीर्ष नेता मरवाही उपचुनाव से दूरी बना लिए हैं।

रेणु जोगी के बाद अमित जोगी ने भी मुख्य चुनाव आयुक्त को शिकायत पत्र लिखा

- शिकायत में चुनाव पर्यवेक्षक जयसिंह के आचरण पर उठाया सवाल

रायपुर। जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ (जे) के प्रदेश अध्यक्ष अमित जोगी ने मरवाही विधानसभा के चुनाव पर्यवेक्षक जयसिंह के आचरण पर सवाल उठाते हुए मुख्य चुनाव आयुक्त नई दिल्ली को शिकायत पत्र लिखा है।

अमित जोगी ने अपने शिकायत पत्र में कहा है कि जयसिंह का आचरण कानून के विपरीत आपके द्वारा नियुक्त चुनाव पर्यवेक्षक जयसिंह का आचरण ना केवल संदिग्ध है बल्कि संविधान और कानून के समस्त प्रावधानों के विपरीत भी है। उनके सीधे निर्देशो पर इतिहास में पहली बार निर्वाचन आयोग द्वारा जनप्रतिनिधि अधिनियम के अंतर्गत मान्यता प्राप्त दल को चुनाव प्रचार में भाग लेने से मात्र इस कारण से रोका जा रहा है कि उसके प्रत्याशियों का नामांकन बंद कमरे में बिना सुनवाई का अवसर दिए रद्द कर दिया गया।

अमित जोगी ने कहा भारत के संविधान और कानून में कहीं पर भी ऐसा नहीं लिखा है कि राजनीतिक दलों का प्रचार करने के लिए उसके प्रत्याशी का होना अनिवार्य है। किंतु जयसिंह के द्वारा जनप्रतिनिधित्व अधिनियम के सभी प्रावधानों की धज्जियां उड़ाते हुए मेरी पार्टी के नेताओं और विधायकों को यह कहा गया कि मरवाही चुनाव में आपके दल के द्वारा किया जा रहा प्रचार ('न्याय यात्रा') एक 'संगठित अपराध' की श्रेणी में आता है! इससे स्पष्ट है कि या तो चुनाव पर्यवेक्षक जयसिंह को उपरोक्त अधिनियम, निर्वाचन सम्बंधित नियमों और संविधान के सिद्धांतों की जानकारी है या नहीं।

कोरोना पाजीटिव 287 मरीज स्वस्थ होकर डिस्चार्ज हुए, 2046 नये संक्रमित मिले

उपचार के दौरान 6 की हुई मृत्यु

रायपुर। कोरोना वायरस कोविड 19 की चपेट से प्रदेश धीरे धीरे बाहर निकल रहा है। मंगलवार रात आठ बजे की स्थिति में कोरोना पाजीटिव 287 मरीज स्वस्थ होकर जहां अस्पतालों से डिस्चार्ज हुए वहीं 2046 नये संक्रमित कोरोना मरीज स्वास्थ्य विभाग द्वारा जारी बुलेटिन के अनुसार मिली है। नोडल अधिकारी डॉ. सुभाष पांडेय ने बुलेटिन में जानकारी देते हुए बताया कि प्रदेश में अब तक 1 लाख 79 हजार 654 कोरोना पाजीटिव मरीज है। वहीं प्रदेश में कोरोना से मुक्त होने वालों की संख्या 73 हजार 930 है। पिछले 24 घंटे में कोरोना से 1730 मरीज उपचार के दौरान स्वस्थ होकर डिस्चार्ज हुए है। वहीं 82 हजार 150 मरीज कोरोना संक्रमण से मुक्त होकर अपने घरों में स्वास्थ्य लाभ प्राप्त कर रहे हैं। होम आइसालेशन से डिस्चार्ज मरीज 2017 है। कोविड 19 से 6 मरीजों की उपचार के दौरान मृत्यु हुई है जिनमें एक कोरोना 19 एवं 5 को मार्बिडिटी के मरीज शामिल है। पिछले 24 घंटे में प्रदेश में 21 हजार 833 मरीजों की कोरोना जांच की गई है।

किसान रेल छत्तीसगढ़ के कई स्टेशनों से होकर गुजरेगी

- आज तड़के छिंदवाड़ा से हावड़ा के लिए हुई रवाना

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के छिंदवाड़ा स्टेशन से सज धजकर रवाना हुई किसान रेल।

रायपुर। भारतीय रेलवे द्वारा किसानों की मदद करने तथा देश भर में कृषि उत्पादों की तेज ढुलाई सुनिश्चित करने के उद्देश्य से किसान रेल चलाई जा रही है। यह ट्रेन आज तड़के 5 बजे छिंदवाड़ा से हावड़ा के लिए रवाना हुई। यह गाड़ी छत्तीसगढ़ के राजनांदगांव, दुर्ग, रायपुर, बिलासपुर सहित विभिन्न स्टेशनों से होकर गुजरेगी। किसान रेल द्वारा कृषि उत्पाद देश के एक कोने से दूसरे कोने तक आसानी से व न्यूनतम भाड़े के साथ पहुंचाई जा रही है। किसान रेल एक सुरक्षित, विश्वसनीय और तेज परिवहन प्रदान करता है जो किसानों और कारोबारियों के लिए उनके उत्पादों की अच्छी कीमत दिलाने में भी मददगार साबित हो रहा है। इसी संदर्भ में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे द्वारा 28 अक्टूबर को नागपुर मंडल के छिंदवाड़ा स्टेशन से हावड़ा स्टेशन तक 18 कोचों के संयोजन के साथ किसान स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया गया है जो महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़ ,बिहार व पश्चिम बंगाल राज्यों को जोड़ेगी। वापसी में यह गाड़ी 29 अक्टूबर को हावड़ा स्टेशन से छिंदवाड़ा स्टेशन के लिए रवाना होगी किसानों के हित में चलाई जा रही इस किसान रेल में सब्जी व फल के परिवहन के भाड़े में 50 फीसदी की रियायत दी जा रही है किसानों व व्यापारियों के साथ बैठक कर उन्हें विस्तृत जानकारी दे रहे हैं साथ ही किसान रेल के माध्यम से सब्जी व फल के परिवहन हेतु उन्हें प्रेरित कर रहे हैं। इस सुविधा से किसान कम लागत पर अपने उपज नए संभावित मार्केट तक भेज सकेंगे, जिससे वे आर्थिक रूप से लाभान्वित होंगे किसान रेल के माध्यम से सब्जी व फल का परिवहन करने वाले किसान अथवा व्यापारी रायपुर, दुर्ग पार्सल आफिस या मुख्य वाणिज्य निरीक्षक पार्सल से मुख्य पार्सल सुपरवाइजर रायपुर 9752877967 एवं चीफ पार्सल सुपरवाइजर दुर्ग से 9109112682 से विस्तृत जानकारी प्राप्त कर सकते हैं

पांच आदिवासी किसानों ने बदली बंजर जमीन और खुद की किस्मत

आम का ऐसा उत्पादन कि थोक व्यापारी खेत से ही खरीद लेते हैं फल, मनरेगा से विकसित आम के सामुदायिक बाग में सब्जी की अंतरवर्ती खेती से दोहरा लाभ

रायपुर। सहकारिता की भावना के साथ एक सूत्र में बंधकर आगे बढ़ने की मिसाल है जशपुर जिले का सुरेशपुर गांव। वहां के पांच आदिवासी किसानों ने अपनी एक-दूसरे से लगती जमीन को मिलाकर करीब पांच हेक्टेयर के चक में कुछ साल पहले मनरेगा से आम का बगीचा तैयार किया था। इस बगीचे से पिछले तीन सालों में आठ लाख 70 हजार रूपए की आमदनी इन किसानों को हो चुकी है। आम बेचने के साथ सब्जियों की अंतरवर्ती खेती कर वे दोहरा मुनाफा कमा रहे हैं। ये किसान अब गांव में फल उत्पादक किसान के रुप में भी पहचाने जाने लगे हैं।

जशपुर जिला मुख्यालय से 96 किलोमीटर दूर सुरेशपुर एक आदिवासी बाहुल्य गांव है। पत्थलगांव विकासखण्ड के इस गांव के 45 वर्ष के आदिवासी किसान श्री मदनलाल को अपनी लगभग ढाई हेक्टेयर की पड़ती (बंजर) जमीन पर कुछ भी नहीं उगा पाने का काफी दुख था। रोजगार सहायक और ग्राम पंचायत की सलाह पर उन्होंने उद्यानिकी विभाग की सहायता से सामुदायिक फलोद्यान लगाने एवं उनके बीच अंतरवर्ती खेती के रुप में सब्जियों के उत्पादन का निश्चय किया। श्री मदनलाल ने पंचायत की सलाह पर तुरंत अपनी कृषि भूमि से लगते अन्य किसानों श्री बुधकुंवर, श्री मोहन, श्री मनबहाल और श्रीमती हेमलता से चर्चा कर सामुदायिक फलोद्यान से होने वाले फायदों के बारे में बताया।

चूंकि इन सभी किसानों की आधे से लेकर एक हेक्टेयर तक की कृषि भूमि श्री मदनलाल की कृषि भूमि से लगती थी और भूमि पड़ती होने के कारण सभी के लिए लगभर अनुपयोगी थी। इसलिए सभी ने इसके लिए अपनी सहमति दे दी। आखिरकार श्री मदनलाल की मेहनत रंग लाई और ग्राम सभा के प्रस्ताव के आधार पर नौ लाख 48 हजार रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति के साथ सामुदायिक फलोद्यान रोपण का मार्ग प्रशस्त हो गया। मनरेगा के अभिसरण से उद्यानिकी विभाग ने वर्ष 2013-14 में श्री मदनलाल सहित पांचों किसानों की जमीन को मिलाकर 4.6 हेक्टेयर के एक चक पर आम के सामुदायिक फलोद्यान का रोपण कराया। करीब आठ लाख रूपए की लागत से आम की दशहरी प्रजाति के 1300 पौधे रोपे गए। इस काम को पांचों हितग्राही परिवारों के साथ गांव के 67 श्रमिकों ने मिलकर पूरा किया। मनरेगा के अंतर्गत सभी मजदूरों को कुल 3617 मानव दिवस रोजगार के एवज में पौने छह लाख रूपए से अधिक का मजदूरी भुगतान किया गया।

किसानों ने आम बेचकर कमाए 5.70 लाख, सब्जियों से 3 लाख की कमाई

उद्यानिकी विभाग के अधिकारियों ने बताया कि आम के इस फलोद्यान से पांचों किसानों ने पिछले तीन सालों में आठ लाख 70 हजार रूपए कमाए हैं। आम की बिक्री से पांच लाख 70 हजार रूपए की आमदनी हुई है। वहीं अंतरवर्ती फसल के रूप में बरबट्टी, भिण्डी, करेला, मिर्च, टमाटर, प्याज और आलू की खेती से तीन लाख रूपए की अतिरिक्त कमाई हुई है। सामुदायिक फलोद्यान के फायदे साझा करते हुए इसे लगाने में प्रमुख भूमिका निभाने वाले श्री मदनलाल बताते हैं कि आम के इस बगीचे में उद्यानिकी विभाग ने हमारी बहुत मदद की है। विभाग ने राष्ट्रीय बागवानी मिशन से ड्रिप इरिगेशन सिस्टम, सब्जी क्षेत्र विस्तार, पैक हाउस, मल्चिंग शीट और वर्मी कम्पोस्ट यूनिट के रूप में विभागीय अनुदान सहायता उपलब्ध कराई है। हम पांचों किसानों की एकजुटता तथा मनरेगा और उद्यानिकी विभाग के तालमेल से विकसित इस फलोद्यान से तीन वर्षों में ही हमारी आर्थिक स्थिति अच्छी हुई है। आमों की गुणवत्ता अच्छी होने के कारण पत्थलगांव के फल व्यापारी सीधे खेतों में पहुंचकर हमसे थोक में खरीदी कर रहे हैं।

संपादकीय

सवाल बेटियों की सुरक्षा का

हरियाणा के वल्लभगढ़ में एक हानकार छात्रा की कालेज गेट के बाहर सरे आम गोलीमार कर हत्या कर दी गई। बी.कॉम अंतिम वर्ष की इस मेधावी छात्रा के साथ एक रसूखदार खानदान के बिगड़े नवाब तौशिफ ने इस कूकृत्य को अंजाम दिया। उसके चचेरा भाई कांग्रेस का विधायक है यही वजह है कि उसने सरेआम एक छात्रा की हत्या का दुःसाहस किया। दो साल पूर्व भी तौशिफ ने उक्त छात्रा का बुरी नियत से अपहरण किया था, लड़की के परिजनों ने उसके खिलाफ थाने में नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई थी। मामला तूल पकड़ने लगा था इसलिए उसने लड़की को छोड़ दिया और उसके परिवार वालों से पैर पकड़कर माफी मांग ली थी। चूंकि उसकी राजनीतिक पहुंच थी इसलिए पुलिस ने भी लड़की के परिजनों पर समझौते के लिए दबाव बनाया था, लड़की के परिजन समझौता करने के लिए विवश हो गए थे। इस घटना के दो साल बाद उसने फिर कालेज के सामने से उस लड़की के अपहरण की कोशिश की लेकिन लड़की ने बहादुरी दिखाई तो उसने उसे गोली मार दी। इस घटना को लेकर वल्लभगढ़ में हजारों की संख्या में सड़क पर उतर आएं और पुलिस पर दबाव बना तो पुलिस ने तौशिफ और उसके एक साथी को गिरफ्तार कर लिया। सवाल यह उठता है कि आखिर कब तक हमारी बेटियां इस असुरक्षित माहौल में जीने के लिए अभिशक्त रहेंगी? एक ओर तो सरकार बेटी पढ़ाओं बेटी बचाओं का नारा लगाती है वहीं दुसरी ओर बेटियों को सुरक्षित माहौल देने में सरकारी तंत्र पूरी तरह विफल है। इस तरह की घटनाएं आम बात हो गई है। बेटियों के साथ छेड़खानी, रेप और उनकी जघन्य हत्या करने वाले इन हैवानों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्यवाही होनी चाहिए और जल्द से जल्द इन्हे उनके किए की कड़ी सजा मिलनी चाहिए किन्तु ऐसा होता नहीं है। हमारी न्यायिक प्रक्रिया ऐसी है कि सालों साल आरोपी पर मुकदमा चलता है एक कार्ट से सजा हुई तो उसके खिलाफ वह ऊपर की कोर्ट में अपील कर देता है इस तरह मामला कई साल खींच जाता है। निर्भया का मामला इसका प्रत्यक्ष उदाहरण है जिसमें आरोपियों को फांसी की सजा मिलने में सात साल लग गए थे। एक नाबालिग आरोपी तो छूट भी गया था। अब जरूरत इस बात की है कि बेटियों के साथ अपराध करने वालों के खिलाफ त्वरित कार्यवाही की व्यवस्था सुनिश्चित की जाएं। पुलिस एक निर्धारित समयावधि के भीतर जल्द से जल्द अपनी तफ्तीश पूरी करें और फास्ट ट्रैक अदालतों में ऐसे आरोपियों को जल्द से जल्द सजा मिले और उस सजा के खिलाफ अपील पर सुनवाई की भी समय सीमा निश्चित की जाएं ताकि ऐसे दरिंदों को जल्द से जल्द और सख्त से सख्त सजा मिले तभी उनमें कानून का खौफ पैदा होगा।

विचार

दोनों उग्रवादों पर लगे लगाम

डॉ. वेदप्रताप वैदिक

फ्रांस में पैगंबर मोहम्मद के कार्टूनों को लेकर जो हत्याकांड पिछले दिनों हुआ, उसका धुंआ अब सारी दुनिया में फैल रहा है। सेमुएल पेटी नामक एक फ्रांसीसी अध्यापक की हत्या अब्दुल्ला अजारोव नामक युवक ने इसलिए कर दी थी कि उस अध्यापक ने अपनी कक्षा में छात्रों को मोहम्मद साहब के कार्टून दिखा दिए थे। अब्दुल्ला की भी फ्रांसीसी पुलिस ने गोली मारकर हत्या कर दी। अब यह मामला इतना तूल पकड़ रहा है कि फ्रांस समेत यूरोपीय राष्ट्रों में अभिव्यक्ति की आजादी के नाम पर भारी-भरकम प्रदर्शन हो रहे हैं और इस्लामी उग्रवादियों पर तरह-तरह के प्रतिबंधों की मांग की जा रही है। उधर दुनिया के कई इस्लामी राष्ट्र हैं, जो फ्रांस पर बुरी तरह से बरस रहे हैं और अभिव्यक्ति की इस स्वच्छंदता की भर्त्सना कर रहे हैं। तुर्की के राष्ट्रपति तय्यब एरदोगन ने कहा है कि फ्रांस के राष्ट्रपति अपनी दिमागी जांच कराएं। (कहीं वे पागल तो नहीं हो गए हैं) क्योंकि वे कहते हैं कि इस्लाम फ्रांस के भविष्य को चौपट करनेवाला है। उन्होंने फ्रांसीसी वस्तुओं के बहिष्कार की अपील कर दी है। ऐसी ही अपीलें मलेशिया-जैसे अन्य मुस्लिम राष्ट्र भी कर रहे हैं। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री इमरान खान ने जरा बेहतर प्रतिक्रिया की है। उन्होंने फ्रांसीसी राष्ट्रपति इमेनुएल मेक्रो से कहा है कि उन्हें इस्लाम-द्रोह फैलाने की बजाय इस दुखद मौके पर ऐसी वाणी बोलनी चाहिए थी, जिससे लोगों के घावों पर मरहम लगता और आतंकवादी कोई भी होता, चाहे वह मुस्लिम या गोरा नस्लवादी या नाजी होता, भड़कता नहीं। उनके बयान आग में तेल का काम कर रहे हैं। एक तरफ मुस्लिम नेताओं और संगठनों के ऐसे बयान आ रहे हैं और दूसरी तरफ यूरोप के शहरों में पैगंबर मोहम्मद के कार्टूनों के पोस्टर बना-बनाकर दीवारों पर चिपकाए जा रहे हैं। कोई आश्चर्य नहीं कि कुछ देशों के फ्रांसीसी नागरिकों पर भी जानलेवा हमले शीघ्र ही सुनने में आएं। ये दोनों तेवर मुझे अतिवादी लगते हैं। यदि मुसलमान लोग पैगंबर के चित्र या कार्टून बनाने के विरुद्ध हैं तो उनका सम्मान करने में आपका क्या बिगड़ रहा है ? पैगंबर के कार्टून बनाने से क्या यूरोपीय लोगों को मोक्ष मिल रहा है ? यही सवाल उन मुसलमानों से पूछा जा सकता है जो हिंदू मूर्तियों और मंदिरों को तोड़ते हैं ? आप बुतपरस्ती मत कीजिए लेकिन क्या बुतशिकन होना जरुरी है ? मुसलमान भाइयों से मैं यह भी कहता हूं कि यदि कुछ उग्रवादी लोग कुछ कार्टून या चित्र बना देते हैं तो उससे क्या इस्लाम का पौधा मुरझा जाएगा ? क्या इस्लाम छुई-मुई का पेड़ है ? इस्लाम ने अंधकार में डूबे अरब जगत में क्रांतिकारी प्रकाश फैलाया है। उसे ठंडा न पड़ने दें।

हिंदुस्तानी खुशबू से लबरेज़ कश्मीर

श्याम सुंदर भाटिया

> केंद्रीय गृह मंत्रालय ने यह ऐतिहासिक फैसला जम्मू-कश्मीर पुनर्गठन के तहत लिए है। अब कोई भी भारतीय वहां फैक्ट्री, घर या दुकान के लिए जमीन खरीद या बेच सकता है। मंत्रालय ने यह साफकिया है, इसके लिए किसी तरह के स्थाई निवासी होने का सुबूत देने की जरुरत नहीं होगी। जम्मू-कश्मीर को 5 अगस्त 2019 को अनुच्छेद 370 और 35ए की बंदिशों से मुक्त कर दिया गया था। इसके बाद 31 अक्टूबर को केंद्र शासित प्रदेश बन गया। अब केंद्र शासित प्रदेश होने के करीब-करीब एक साल पूरा होने पर जमीन की खरीद फरोख्त कानून में बदलाव कर दिया गया है। केंद्र शासित प्रदेश में भूमि से सम्बंधित जम्मू-कश्मीर विकास अधिनियम की धारा 17 से राज्य के स्थाई निवासी वाक्यांश को हटा दिए गया है। इससे पूर्व सिर्फजम्मू-कश्मीर के लोग ही जमीन को खरीद या बेच सकते थे। अब बाहर से आने वाले भारतीय भी जम्मू-कश्मीर में स्थाई तौर पर रह सकते हैं।

लीजिए, हुक्मरानों ने आपकी कश्मीर में बसने की हसरत भी पूरी कर दी है। अब आपको पट्टे पर जमीन लेकर घर बसाने या कारोबार करने की कोई दरकार नहीं होगी बल्कि आप मालिकाना हक से अब अपने सपनों का घर बना सकेंगे और व्यवसाय भी कर सकेंगे। हिंदुस्तान का कोई भी व्यक्ति अब केंद्र शासित जम्मू-कश्मीर में बेरोकटोक जमीन खरीद सकता है। वहां बस सकता है, हालाँकि अधिकार के तौर पर खेती की जमीन अब भी कश्मीरियों के लिए रहेगी। 27 अक्टूबर मंगलवार देश ले लिए मंगलकारी रहा या कहें किसी नायाब तोहफ़े से कम नहीं रहा। इस नए नोटिफिकेशन के बाद हरेक हिंदुस्तानी को कश्मीर में बसने और भू ख़रीददारी का हक़ मिल गया है। कश्मीर से आर्टिकल 370 की विदाई के बाद केंद्र सरकार का यह बड़ा और ऐतिहासिक कदम है। जमीन पर दीगर स्टेटस के मालिकाना हक ले लिए केंद्र ने 26 कानूनों को निरस्त कर दिया या बदल दिया है। यूनियन गवर्नमेंट ने जम्मू-कश्मीर में जमीन खरीदने के लिए राज्य का स्थाई निवासी होने की शर्त को हटा दिया है। गृह मंत्रालय की यह अधिसूचना तत्काल प्रभाव से लागू भी हो गई है, लेकिन इस फैसले पर पूर्व सीएम श्री उमर अब्दुल्ला ने तल्ख टिप्पणी की है। बोले - अब जम्मू-कश्मीर ब्रिकी के लिए तैयार है जबकि जम्मू-कश्मीर के उप राज्यपाल श्री मनोज सिन्हा के मुताबिक, हम चाहते हैं - बाहर की इंडस्ट्री जम्मू-कश्मीर में लगें, इसीलिए इंडस्ट्रियल लैंड में इन्वेस्ट की आवश्यकता है।

केंद्रीय गृह मंत्रालय ने यह ऐतिहासिक फैसला जम्मू-कश्मीर पुनर्गठन के तहत लिए है। अब कोई भी भारतीय वहां फैक्ट्री, घर या दुकान के लिए जमीन खरीद या बेच सकता है। मंत्रालय ने यह साफ किया है, इसके लिए किसी तरह के स्थाई निवासी होने का सुबूत देने की जरुरत नहीं होगी। जम्मू-कश्मीर को 5 अगस्त 2019 को अनुच्छेद 370 और 35ए की बंदिशों से मुक्त कर दिया गया था। इसके बाद 31 अक्टूबर को केंद्र शासित प्रदेश बन गया। अब केंद्र शासित प्रदेश होने के करीब-करीब एक साल पूरा होने पर जमीन की खरीद फरोख्त कानून में बदलाव कर दिया गया है। केंद्र शासित प्रदेश में भूमि से

> धारा 370 जम्मू-कश्मीर को एक विशेष दर्जा देती थी। जम्मू-कश्मीर का अपना संविधान था। जम्मू-कश्मीर का अपना झंडा था। केंद्र से पारित कोई भी कानून जम्मू-कश्मीर की विधान सभा में मंजूरी के बाद ही राज्य में लागू किया जाता था। जम्मू-कश्मीर में इंडियन पैनल कोर्ट नहीं बल्कि रनबीर पैनल कोर्ट के तहत मामले दर्ज किए और सुलझाए जाते थे। जम्मू-कश्मीर में भारत के बाहरी राज्य के लोगों को जमीन लेने या नौकरी पाने का अधिकार नहीं था। पूरे देश में चुनाव हर पांच साल बाद होते हैं तो जम्मू-कश्मीर में यह चुनावी अवधि छह बरस थी। दो केंद्र शासित प्रदेशों के बांटने ने 14 महीने बाद अब केंद्र सरकार ने प्रदेश के भूमि सम्बंधित कानूनों में आमूल-चूल परिवर्तन किया है। अब कश्मीर में नए सवेरे के आगाज होगा। कृषि भूमि पर कॉन्ट्रैक्ट खेती प्रारम्भ हो पाएगी। औद्योगिक विकास निगम की स्थापना का मार्ग भी प्रशस्त हो गया है। औद्योगिक और वाणिज्यिक उद्देश्य के लिए खरीदी गई जमीन भी सरकार अब किसी को भी दे सकेगी। पहले इस तरह भूमि सिर्फस्थाई निवासी ही खरीद सकते थे। केंद्र के इस निर्णय से विपक्षी नेता आग बबूला हैं। पीडीपी की चीफमहबूबा मुफ़्ती ने कहा, यह बदलाव पूर्ण रुप से असवैधानिक है। किसी कीमत पर यह स्वीकार्य नहीं है। मुख्य सियासी पार्टियों के गठबंधन गुपकार के प्रवक्ता सज्जाद लोन ने इसे बड़ा धोखा करार दिया।

सम्बंधित जम्मू-कश्मीर विकास अधिनियम की धारा 17 से राज्य के स्थाई निवासी वाक्यांश को हटा दिए गया है। इससे पूर्व सिर्फ जम्मू-कश्मीर के लोग ही जमीन को खरीद या बेच सकते थे। अब बाहर से आने वाले भारतीय भी जम्मू-कश्मीर में स्थाई तौर पर रह सकते हैं।

धारा 370 जम्मू-कश्मीर को एक विशेष दर्जा देती थी। जम्मू-कश्मीर का अपना संविधान था। जम्मू-कश्मीर का अपना झंडा था। केंद्र से पारित कोई भी कानून जम्मू-कश्मीर की विधान सभा में मंजूरी के बाद ही राज्य में लागू किया जाता था। जम्मू-कश्मीर में इंडियन पैनल कोर्ट नहीं बल्कि रनबीर पैनल कोर्ट के तहत मामले दर्ज किए और सुलझाए जाते थे। जम्मू-कश्मीर में भारत के बाहरी राज्य के लोगों को जमीन लेने या नौकरी पाने का अधिकार नहीं था। पूरे देश में चुनाव हर पांच साल बाद होते हैं तो जम्मू-कश्मीर में यह चुनावी अवधि छह बरस थी। दो केंद्र शासित प्रदेशों के बांटने ने 14 महीने बाद अब केंद्र सरकार ने प्रदेश के भूमि सम्बंधित कानूनों में आमूल-चूल परिवर्तन किया है। अब कश्मीर में नए सवेरे के आगाज होगा। कृषि भूमि पर कॉन्ट्रैक्ट खेती प्रारम्भ हो पाएगी। औद्योगिक विकास निगम की स्थापना का मार्ग भी प्रशस्त हो गया है। औद्योगिक और वाणिज्यिक उद्देश्य के लिए खरीदी गई जमीन भी सरकार अब किसी को भी दे सकेगी। पहले इस तरह भूमि सिर्फ स्थाई निवासी ही खरीद सकते थे। केंद्र के इस निर्णय से विपक्षी नेता आग बबूला हैं। पीडीपी की चीफ महबूबा मुफ़्ती ने कहा, यह बदलाव पूर्ण रुप से असंवैधानिक है। किसी कीमत पर यह स्वीकार्य नहीं है। मुख्य सियासी पार्टियों के गठबंधन गुपकार के प्रवक्ता सज्जाद लोन ने इसे बड़ा धोखा करार दिया। नए भू नियम लद्दाख में लागू होंगे या नहीं, यह अभी स्पष्ट नहीं है। उम्मीद है, सरकार आने वाले दिनों में स्थिति साफ़ कर देगी।

उद्योग जगत के लिए नया भू कानून संजीवनी माना जा रहा है। नए कानून से औद्योगिक निवेश की सबसे बड़ी अड़चन दूर हो गई है। इस नए नवेले केंद्र शासित प्रदेश में अब उद्योग की संभावनाएं बढ़ेंगी। देश के बड़े- उद्योगपति वहां उद्योग लगाने के लिए प्रेरित होंगे। इससे न केवल राज्य की माली हालत मजबूत होगी बल्कि युवा भी बारोजगार होंगे। नए नियम शिक्षा और सेहत महकमों के लिए वरदान साबित होंगे। अब तक जमीन का मालिकाना हक न मिल पाने से देश की नामचीन कंपनियां जम्मू-कश्मीर का रुख नहीं करती थीं, इसीलिए जम्मू संभाग हो या कश्मीर, दोनों की जगह औद्योगिक इकाइयां कम ही हैं। ऐसे में युवा रोजगार के लिए दूसरे सूबों में पलायन करने हैं या चुनिंदा युवक आतंकवाद की शरण में चले जाते हैं। मानो, न्यू लैंड लॉ कह रहा हो

-वेलकम इन न्यू कश्मीर !

सभ्य समाज को कलंकित करती बाल यौन उत्पीड़न की घटनाएं

मुनीष भाटिया

> रोज कोई ना कोई बालिका के 'निर्भया' घोषित हो रही है ढ्ढ आए दिन समाचारों में छः वर्ष की बाला से लेकर साठ वर्ष की वृद्धा तक के साथ यौन उत्पीड़न की ख़बरें सुनने को मिलती रहती हैं। इसी दौरान बच्चों के अपहरण के भी मामले सैंकड़ों में दर्ज़ हुए। आज समय की यह मांग है कि कड़े से कड़े कानून बनाकर और ऐसे मामलों में फास्ट ट्रेक कोर्ट में निबटारा करने का प्रावधान किया जाए और समाज की इन नकारात्मक प्रवृतियों पर लगाम कसी जाए। अतः बेहद ज़रूरी है कि सर्वप्रथम घर-घर फैल रही अश्लीलता का विरोध किया जाए। नारी को उपभोग की वस्तु न मानकर उसे समाज में उचित सम्मान दिलाने में सार्थक क़दम उठाए जाएं।

स्वतंत्रता बाद इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता कि महिला एवं बाल सुधार हेतु बड़ी तेजी से सुधारात्मक कदम उठाये गए हैं लेकिन फिर भी जब देश में बालक बालिकाओं की दशा पर दृष्टि् डाली जाती है तो सहसा बलात्कार एवं बाल यौन उत्पीडन की घटनाओं में उत्तरोत्तर हो रही वृधि यह सोचने को मजबूर कर रही है कि समाज आज किस खतरनाक मुहाने पर खडा है ढ्ढ होशियारपुर काण्ड में छह वर्ष की बालिका से बलात्कार के बाद उसको ज़िंदा जला देना हैवानियत को भी शर्मसार करता है ढ्ढ देश में हर रोज इस तरह की दरिंदगी के किस्से किसी ना किसी राज्य से भले कश्मीर हो या पंजाब या फिर उत्तरप्रदेश या राजस्थान से सुनने को मिलते ही रहते हैं इसका एकमात्र कारण समाज के प्रत्येक वर्ग में शिक्षा का अभाव है। नेशनल क्राइम रिकॉर्ड ब्यूरो द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार, वर्ष 2018 में प्रतिदिन देश में 109 बच्चों के साथ यौन शोषण किया गया तथा बच्चों के यौन अपराधों से संरक्षण अधिनियम के तहत दर्ज मामलों की संख्या में अगले वर्षों वृद्धि देखी गई। देश की न्याय पालिका द्वारा ऐसे कुकृत्य करने वाले दरिंदों को कड़ी सज़ा भी दी गयी है ताकि समाज में फिर किसी की हिम्मत इस तरह के कुत्सित कदम की ओर ना जाये पर फिर भी इन घटनाओं में हो रही वृधि चिंताजनक है।

बाल शोषण से जुड़े यौन अपराधों के लिए भारत सरकार ने पोक्सो एक्ट 2012 में संशोधन को मंजूरी देकर यौन अपराधों के लिए मृत्युदंड का दंडात्मक प्रावधान भी किया किन्तु फिर भी समाज की गंदी सोच नहीं बदल पा रही है ढ्ढ इस क़ानून के संशोधन में दंडात्मक प्रावधानों में स्पष्टता लाते हुए यह उम्मीद की गयी थी कि बालक बालिकाओं से यौन जुड़े अपराध में कमी आएगी और बालक बालिकाओं के हितों में सुरक्षा आयेगी ढ्ढ पोक्सो अधिनियम के अंतर्गत एक बालक की आयु को 18 वर्ष की कम उम्र के व्यक्ति के रूप में परिभाषित किया गया है और हर स्तकर पर बच्चों के हितों और उनके कल्यावण को सर्वोच्चप प्राथमिकता देते हुए उनके शारीरिक, मानसिक और सामाजिक विकास को सुनिश्चित किया गया है। इसके साथ ही बाल दुर्व्यवहार की श्रेणी में

भावनात्मक स्तर पर किए जाने वाला व्यवहार ही भी इस श्रेणी में रखा गया है जिसमें जानबूझ कर या पूरी सूझ बूझ से अश्लील सामग्री देना दिखाना या गलत तरीके से छूना अथवा बाल नग्न और अश्लील चित्र या वीडियो क्लिप बनाना भी बाल यौन दुर्व्यवहार माना गया है। आज का समाज बालक बालिकाओं के अधिकारों के प्रति सजग है और न ही यह वर्ग स्वयं में इन अत्याचारों से लड़ पाने की निजी शक्[जुटा पा रही है। कमजोर होने पर बाल बालिका समाज में सॉफ्ट टारगेट बने हुए हैं उनमें इतना साहस नहीं होता कि वे इन घटनाओं का प्रतिकार कर सके ढ्ढ समाज में बालिका के यौन उत्पीडन की घटनाएं, बालको के अनुपात में ज्यादा हैं ढ्ढ इन घटनाओं के लिए ज़िम्मेदार अक्सर पास पड़ोस और रिश्तेदार या कोई निकट संबंधी ही अधिकतर होते हैं जो अपनी यौन कुंठाओं की शान्ति के लिए इस वर्ग को लक्ष्य बना रहे हैं ढ्ढ अधिकतर मामले तो समाज में दबे ही रह जाते हैं जहां भी किसी प्रकार की छेड़छाड़ होती है या तो वह पीड़ितों द्वारा चुपचाप सहन कर ली जाती है और यदि कहीं प्रतिकार होता भी होता है तो परिवारजन या तो मौन धारण कर लेते हैं या अपने रिश्तेदारों के दबाव में आकर कोई प्रतिक्रिया नहीं देते ढ्ढ आस-पास की व्यंग्यपूर्ण नज़रों से वह पीड़ित परिवार स्वयम को अकेला पाता है। यहां तक कि परिवार की महिलाएं भी आवाज़ उठाने में हिचक महसूस करती हैं। उन्हें डर रहता है कि कहीं उन्हें भी इसी तरह की हिंसा का पात्र नहीं बना दिया जाए। लेकिन वास्तव में यह ज़रूरी है कि बजाए तमाशा बनने के अपनी आवाज़ को बुलंद किया जाए।

आज यदि हम समाज पर समाचारों में यत्र-तत्र सर्वत्र बाल यौन उत्पीडन की घटनाएं सुनने-देखने को मिल जाएंगी। इसका एक कारण समाज में नारी को उपभोग की वस्तु बनाकर एक 'ब्रांड' की तरह पेश करना भी है। त्याग व ममता की प्रतिमूर्ति को बाज़ारू वस्तु बनाकर, अश्ली्लता का नंगा नाच किया जा रहा है जिससे समाज में चारित्र्य व नैतिकता का ह्रास हो चुका है। सौंदर्य प्रदर्शन तो कोई बुरी बात नहीं पर जब देह प्रदर्शन व अश्लीलता को मनोरंजन के नाम पर परोसा जाता है तो यह इक्कीसवीं सदी के महिला जगत का दुर्भाग्य ही कहा जा सकता है। कोई ना कोई किसी ना किसी रूप में प्रत्यक्ष अथवा अप्रत्यक्ष रूप से अश्लीलता फैला रहा है।

पाठकों की बात

पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

लिखी हुई बात को

लिखी हुई बात को प्रत्येक पढ़ने वाला नहीं समझ सकता, क्योंकि लिखने वाला भावनाएं लिखता है और लोग केवल शब्द पढ़ते हैं। रिश्ता बारिश जैसा नहीं होना चाहिए, जो बरसकर खत्म हो जाय। बल्कि रिश्ता हवा की तरह होना चहिये, जो खामोश हो मगर सदैव आस पास हो। - **पी एल श्रीवास्तव**

धूप बन उड़ते जाते

धूप बन उड़ते जाते हैं प्रतिपल मेरे स्पंदन, ओ राम स्नेह भर जलता है झिलमिल मेरा यह दीपक मन, ओ राम .... धरती ने कण कण सौंपा है उच्छ्वास शून्य विस्तार गगन भू से नभ तक लहराती अमरत्व रस बेला फैला, ओ राम ..... झरे पुष्प बिखरे अक्षत कण रोली हल्दी धूप अर्ध्य नवैद्य मुखर प्रतिपल अर्पित तुमको प्रतिध्वनि प्रारूप में , ओ राम रे।

- पुष्पा मिश्रा त्रिपाठी

खास पाती

ग़म है धूप छांव से उनमें

ग़म है धूप छाँव से उनमें निखर रही हूं मैं, इतनी मुश्किलों में भी पल पल संवर रही हूं मैं। मेरी तफ्तीश में देखो सारी दुनिया जुट गई है, उनके आसरे ही जैसे जीवन जी रही हूं मैं। ग़मो की कभी कमी न थी जिंदगी मे मेरी, फिर भी ग़मो से डटकर मुकाबला कर रही हूं मैं। किस्मत ने मुझको जितना भी आजमाया है, शायद इसी कारण सबसे बेहतर रही हूं मैं। भाते नही मुझे वो लोग जो बनावटी हैं, भीतर से जो रही हूँ वही बाहर से रही हूं मैं। नर्म मिजाज की हूँ बहुत भावुक सा मन मेरा, लेकिन ग़लत जो हो उसको सदा गर्म रही हूं मैं। छीने किस्मत ने मुझसे सारे श्रृंगार सभी गहनें लेकिन मुस्कानों से अपना श्रृंगार कर रही हूं मैं।

रश्मि ठाकुर

जब राम से इस देश की पहचान

जब राम से इस देश की पहचान है, तो रावणों का क्यूं यहां गुणगान है। सजदे, खुदा का करना अच्छी बात है, पर उस खुदा का अक्स ही इंसान है। दिल से चराग़ों की इबादत करता हूं, हां आंधियों से जंग का ऐलान है। सारे किनारे खुदगरज़ हैं इसलिये, दिल में समंदर के लिये सम्मान है। हर आदमी यारों बिकाऊ है नहीं , ये सबसे अच्छा मुल्क हिन्दुस्तान है।

- डॉ संजय दानी

सनद रहे आपका एक ही दिन है

सनद रहे आपका एक ही दिन है चुनाव का दिन बाकी हुकूमत रहगी 5साल लगातार सब जायेगा छिन इसलिए विवेक पर ध्यान दें वादों को गौर से सुनिये जो उत्थान और विकास का हो कर्मयोगी उसी को इस बार चुनिये।

- प्रवीण माटी

धुली पुछीं भोर में प्रेम का

धुली पुछीं भोर में प्रेम का साक्षात्कार अद्भुत दृश्य प्रभावी सौंदर्य आर्यिका मौन है बैठी है साधिका सी पीछे युगल कपोत सजीला रूठ कर बैठी है कपोत सुन्दरी शब्दातीत तटस्थ भाव उजले बादलों का पूरा झुंड परख रहा है मौन की अनिवार्यता उमड़ रहे हैं भाव पँख शरद मे थे जो सिमटे हुए थिरक कर बस एक अंगड़ाई लेते हुए शब्द भरे उड़ान अहा! उग आती है कविता सूर्य रूप धरे हुए सूर्य से होड़ करती है कविताएँ मेरी! **- डॉ मेनका त्रिपाठी**

'प्रेम' या तो साथ है या फिर

'प्रेम' या तो साथ है या फिर याद है बाक़ी बीच में अगर कुछ है तो बस इतना कि ! वक़्त गुज़रता जाता, दिन कटते जाते और उम्र ! उम्र चुकती जाती है क्या खोया , क्या पाया के हिसाबों में..! और इन सबके साथ इन सबके बीच जितना जी पाए...उतना ही बस जीवन है...!

- आभा खरे

टूथपेस्ट का दाम दिनो दिन बढ़ रहा



टूथपेस्ट का दाम दिनो दिन बढ़ रहा है फिर भी हमारे नये मित्र को खुश देख कर पूछा,भाई पेस्ट की महंगाई का तुम पर कोई असर नही ! चहकते हुये उस पोपले ने अपना मुंह खोल दिया देखा तो अंदर सारे दांत झड़ गये थे। **- संत आर थवाईत**

पर्वत सी हाँ निडर हूँ मैं, कोई विरह

पर्वत सी हाँ निडर हूँ मैं, कोई विरह में डूबा हुआ संवाद नहीं, कोई टूटा हुआ विश्वास नहीं, अपना हौंसला बढ़ाने के लिए मैं खुद ही काफ़ी हूँ, धरा बनकर हर मिले दुःख में मुस्काने के लिए- मैं सुलझी हुई एक राही हूँ..!

- अनुभूति 'अनु'

QUIZ TIME

1) छत्तीसगढ़ के किस जिले में सर्वाधिक वन पाये जाते हैं? (सरगुजा / कोरिया)
2) छत्तीसगढ़ का कौन-सा नेशनल पार्क प्रोजेक्ट टाइगर के अन्तर्गत है?
3) महानदी का पोराणिक नाम 'नीलोत्पला' बताया गया है-
4) लाल-पीली मिट्टी हेतु स्थानीय नाम क्या है?
5) वर्ष 1948 में 'कर्मवीर' से पत्रकारिता प्रारंभ करने वाले व्यक्ति का नाम बताइए?

Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) सरगुजा (2) इन्द्रावती राष्ट्रीय उद्यान (3) [illegible] (4) मटासी मिट्टी (5) स्वराज्यप्रसाद त्रिवेदी

आज का इतिहास

नई दिल्ली (वार्ता)। 1709 - इंगलैंड तथा नीदरलैंड ने फ्रांस विरोधी संधि पर हस्ताक्षर किए। 1794 - फ्रांसीसी सेना ने दक्षिण पूर्वी नीदरलैंड के वेनलो पर कब्जा किया। 1851 - बंगाल में ब्रिटिश इंडियन एसोसिएशन की स्थापना। 1859 - स्पेन ने अफ्रीकी देश मोरक्को के खिलाफयुद्ध की घोषणा की। 1864 - यूनान ने नया संविधान अंगीकार किया। 1913 - मध्य अमेरिकी देश अल सल्वाडोर में बाढ से हजारों लोग मारे गये। 1920- पूर्व राष्ट्रपति जाकिर हुसैन के प्रयासों से जामिया मिलिया इस्लामिया की स्थापना। 1924 - ब्रिटेन में लेबर पार्टी को संसदीय चुनाव में हार। 1942 - नाजियों ने बेलारूस के पिनस्क में 16 हजार यहूदियों की हत्या की। 1945 - विश्व में पहला बॉल पोंइट बाजार में आया। 1947 - बेल्जियम, लक्जमबर्ग तथा नीदरलैंड ने बेनेलक्स संघ बनाया। 1958 - अमेरिका ने नेवादा में परमाणु परीक्षण किया। 1990 - अफ्रीकी देश अल्जीरिया में भूकंप से 30 लोग मारे गये। 1994 - न्यूयार्क में अमेरिकी भारतीय राष्ट्रीय संग्रहालय का शुभारंभ। 1999 - ओडिशा के तटीय इलाकों में जबरदस्त चक्रवाती तूफान आया। 2005 - राजधानी दिल्ली में बम धमाके में 60 से अधिक लोगों की मौत। 2008 - असम में बम विस्फोट में 69 लोग मारे गये तथा 350 लोग घायल हुए। 2012 - अमेरिका के पूर्वी तट पर सैंडी तूफान के कारण 286 लोगों की मौत। 2015 - चीन ने एक बच्चे की नीति को खत्म करने की घोषणा की।

अर्जुन कपूर को लेकर धमाका बनायेंगे शाहरुख खान!

मुंबई (वार्ता)। बॉलीवुड के किंग खान शाहरूख खान, अर्जुन कपूर को लेकर फिल्म 'धमाका' बना सकते हैं। शाहरुख खान इन दिनों अभिनय की दुनिया से दूरी बनाए हुए है, लेकिन उनका प्रोडक्शन हाउस रेड चिलीज़ एंटरटेनमेंट पूरी तरह सक्रिय है। अब शाहरुख खान के बैनर ने नई फिल्म की प्लानिंग कर ली है। शाहरूख, अर्जुन कपूर को लेकर फिल्म बनाने जा रहे हैं जिसका नाम है 'धमाका'। फिल्म का यह नाम अस्थाई है और वक्त आने पर बदला भी जा सकता है। फिल्म के निर्देशन की बागडोर पुलकित के हाथों होगी, जिन्होंने 'बोसः डेड ऑर अलाइव' जैसी चर्चित सीरिज़ बनाई थी।

सिल्वर स्क्रीन पर नागिन का किरदार निभायेगी श्रद्धा

मुंबई (वार्ता)। बॉलीवुड अभिनेत्री श्रद्धा कपूर सिल्वर स्क्रीन पर नागिन का किरदार निभाती नजर आयेंगी। श्रीदेवी, रीना रॉय, रेखा और मनीषा कोईराला जैसी अभिनेत्रियां सिल्वर स्क्रीन पर नागिन का किरदार निभा चुकी हैं। अब श्रद्धा कपूर भी पहली बार नागिन का किरदार निभाती नजर आयेंगी। श्रद्धा ने ट्वीट कर कहा, स्क्रीन पर नागिन का किरदार निभाना मेरे लिए बेहद खुशी की बात है। मैं श्रीदेवी मैम की नगीना और निगाहें में देखकर बड़ी हुई हूं और हमेशा ऐसी भूमिका निभाना चाहती थी, जो भारतीय लोक परम्परा से जुड़ा रहा है। बताया जा रहा है कि इस फिल्म का टाइटल 'नागिन' होगा और यह तीन फिल्मों की सीरीज होगी। इस सीरीज को विशाल फुरिया डायरेक्टर करेंगे और निखिल द्विवेदी इसके प्रोड्यूसर हैं। इस तरह लंबे अरसे बाद सिल्वर स्क्रीन पर इच्छाधारी नागिन देखने को मिलेगी।

करीना कपूर खान ने फ्लॉन्ट किया बेबी बंप

नई दिल्ली। बॉलीवुड एक्ट्रेस करीना कपूर खान प्रेग्नेंसी पीरियड एंजॉय कर रही हैं। हाल ही में सोशल मीडिया पर करीना कपूर खान की लेटेस्ट फोटो सामने आई। पिंक ड्रेस में करीना बेबी बंप फ्लॉन्ट करती दिखाई दीं। वह ऐड की शूटिंग में व्यस्त हैं। हाल ही में बहन करिश्मा कपूर संग उनकी फोटोज सामने आई थीं। करिश्मा ने शूट से पहले मेकअप करते हुए दोनों का एक बूमेरैंग भी शेयर किया जिसमें करीना बैठकर मेकअप करा रही हैं और करिश्मा पीछे खड़ी हैं।

इसके अलावा करीना कपूर को पति सैफ अली खान संग मुंबई स्ट्रीट पर वॉक करते हुए स्पॉट किया गया। फोटोज में करीना कपूर खान ने मुंह पर मास्क लगाया हुआ है और बालों को बांधा हुआ है। वहीं, सैफ अली खान प्लेन व्हाइट कुर्ता-पायजामा में नजर आ रहे हैं। हाल ही में करीना, दिल्ली से वापस मुंबई लौटी हैं। दरअसल, वह फिल्म 'लाल सिंह चड्ढा' की शूटिंग पूरी करने के लिए वहां परिवार के साथ गई थीं।

कंगना ने तेजस की तैयारी शुरू की

मुंबई (वार्ता)। बॉलीवुड अभिनेत्री कंगना रनौत ने अपनी आने वाली फिल्म 'तेजस की तैयारियां शुरू कर दी हैं। कंगना ने एक वीडियो ट्वीट किया है। शेयर वीडियो में कंगना निर्देशक सर्वेश मेवाड़ा और विंग कमांडर अभिजीत गोखले के साथ एक वर्कशॉप में भाग लेते दिखाई दे रही हैं। कंगना ने वीडियो को कैप्शन देते हुए लिखा, टीम तेजस ने आज वर्कशॉप स्टार्ट कर दिया है। सुपर टैलेंटेड डायरेक्टर सर्वेश मेवाड़ा और हमारे कोच विंग कमांडर अभिजीत गोखले के साथ काम शुरू करके बहुत खुशी हुई।÷ कंगना ने हाल ही में फिल्म का एक पोस्टर शेयर किया था। फिल्म में कंगना लड़ाकू विमान उड़ाते नजर आएंगी।

होंडा ने वर्ल्ड चैम्पियनशिप के 125 सीसी और 250 सीसी क्लास में प्रतियोगिता शुरू की

होंडा ने हासिल की 800वीं एफआईएम वर्ल्ड चैम्पियनशिप ग्रां प्री जीत

नई दिल्ली (वार्ता)। होंडा के मोटो 3 राइडर जॉमे मासिया (ल्योपर्ड रेसिंग) ने स्पेन के मोटरलैंड एरॉगोन में आयोजित 2020 एफआईएम वर्ल्ड चैम्पियनशिप ग्रां प्री के 12वें राउण्ड में मोटो 3 क्लास में जीत हासिल की है। 1961 में स्पेनिश ग्रां प्री के 125 सीसी क्लास में वर्ल्ड ग्रां प्री रेस के साथ शुरूआत करने के बाद होंडा ने अब अप्रत्याशित 800 ग्रां प्री जीत हासिल की है।

ताकाहीरो हाचिगो, प्रेसिडेंट, सीईओ एवं रीप्रेजेन्टेटिव डायरेक्टर, होंडा मोटर कंपनी लिमिटेड ने कहा, ''मुझे गर्व है कि होंडा ने 800वीं एफआईएम वर्ल्ड चैम्पियनशिप ग्रां प्री जीत हासिल कर ली है। मैं दुनिया भर के होंडा के प्रशंसकों के प्रति आभारी हूं, जिन्होंने हमेशा से होंडा की रेसिंग गतिविधियों को अपना पूरा समर्थन दिया है। मैं उन सभी राइडरों के प्रति भी आभारी हूं, जिन्होंने 1959 के बाद से पूरे जोश और समर्पण के साथ अपने सामने आनी वाली सभी समस्याओं का डटकर मुकाबला किया और आज हमें इस मुकाम तक पहुंचाया है। होंडा के लिए यह गर्व का समय है और आने वाले समय में भी हम जीत के लिए मुकाबला करते रहेंगे।÷

1954 में होंडा के संस्थापक सोइचिरो होंडा ने 'दुनिया में सर्वश्रेष्ठ बनने के सपने के साथ' आयल ऑफ मैन टीटी के साथ प्रीमियम मोटर स्पोर्ट्स इवेन्ट में प्रवेश का ऐलान किया था। रेसिंग मशीन के विकास के पांच साल बाद, होंडा आयल ऑफ मेन टीटी रेस में प्रवेश करने वाली पहली जापानी निर्माता बन गई। इसके बाद 1960 में होंडा ने एफआईएम रोड रेसिंग वर्ल्ड चैम्पियनशिप के 125 सीसी और 250 सीसी क्लास में प्रतियोगिता शुरू की। 1961 में टोम फिलिस ने सीजन ओपनिंग स्पेनिश ग्रां प्री में जीत के साथ होंडा को पहली जीत दिलाई। होंडा ने 1962 में 50 सीसी और 350सीसी में तथा 1966 में 500 सीसी में प्रवेश किया और 1966 में सभी पांच क्लासेज में चैम्पियनशिप जीती।

1967 सीजन के अंत तक, जब होंडा ने अपनी फैक्टरी रेसिंग गतिविधियों को रोक दिया था और 11 साल बाद दोबारा शुरूआत की, उस समय यह 138 ग्रां प्री जीतें हासिल कर चुकी थी। तीन साल बाद 1982 में अमेरिकी राइडर फ्रेडी स्पेंसर ने अपनी होंडा एनएस 500 पर बेल्जियम में 7वां राउंड जीता और वर्ल्ड ग्रां प्री रेसिंग में लौटने के बाद पहली जीत दिलाई।

गुडइयर टायर उतरी इंजन ऑयल बाजार में

नई दिल्ली (वार्ता)। टायर और रबड़ कंपनी गुडइयर टायर एंड रबर कंपनी ने एश्योरेंस इंटरनेशनल लिमिटेड के साथ मिलकर इंजन ऑयल बाजार में प्रवेश करते हुये भारतीय बाजार में नये इंजन ऑयल लाँच किये हैं। एश्योरेंस इंटरनेशनल लिमिटेड - गुडइयर ल्यूब्रीकेंट्स के भारत में सेल्स, मार्केटिंग और ऑपरेशन्स प्रमुख संजय शर्मा ने आज यहां यह घोषणा करते हुये कहा कि दोनों कंपनियों के बीच हुई लाइसेंसी सहभागिता के तहत बाजार में सभी प्रकार के ल्यूब्रीकेंट उपलब्ध होंगे, जिसमें ग्रीस, ब्रेक फ्लुइड, ट्रांसमिशन ऑयल, ट्रैक्टर ऑयल, डीजल एग्जॉस्ट फ्लुइड, गियर ऑयल और हाइड्रोलिक ऑयल शामिल होंगे। उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय मानकों पर आधारित उनका उत्पाद उच्चस्तरीय परीक्षणों के मानदंडों को पार करके बाजार तक पहुंच रहा है।

टाइटन के मुनाफे में 45 प्रतिशत की गिरावट

नई दिल्ली (वार्ता)। कोरोना वायरस कोविड-19 के संक्रमण के प्रसार की रोकथाम के लिए लगाये गये लॉकडाउन और इसके कारण उपजी आर्थिक परिस्थितियों ने उपभोक्ताओं की प्राथमिकतायें बदल दीं, जिसका असर चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में टाइटन कंपनी के मुनाफे पर भी दिखा। कंपनी ने आज यह जानकारी दी कि चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में उसका कर पूर्व लाभ गत वित्त वर्ष की समान अवधि के आंकड़े 429 करोड़ रुपये से 45 प्रतिशत घटकर 238 करोड़ रुपये रह गया। कंपनी के मुताबिक चालू वित्त वर्ष की पहली छमाही में सोने के सिक्कों की बिक्री से हुई आमदनी को मिलाकर भी उसकी कुल आमदनी गत वित्त वर्ष की समान अवधि की तुलना में 9,461 करोड़ रुपये से 34 प्रतिशत घटकर 6,290 करोड़ रुपये रह गयी। सोने के सिक्कों (बुलियन) की बिक्री से हुई आमदनी को हटाने पर कंपनी की कुल आमदनी में 44 प्रतिशत की गिरावट रही। कंपनी ने बीएसई को बताया कि चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में उसकी बिक्री में 89 प्रततिशत का सुधार आया है और यह सुधार खासकर ज्यूलरी की बिक्री होने के कारण आया है। वित्त वर्ष 2020-21 की दूसरी तिमाही में कुल आमदनी 4,389 करोड़ रुपये रही जिसमें 391 करोड़ रुपये की बिक्री सोने के सिक्कों की रही।

पंजाब नैशनल बैंक में सतर्कता जागरूकता सप्ताह का आयोजन

भिलाई। सतर्कता जागरूकता सप्ताह के उपलक्ष्य में पंजाब नैशनल बैंक के मण्डल कार्यालय भिलाई एवं मण्डल के अधीन सभी शाखाओं/ कार्यालयों में कार्यरत स्टाफ सदस्यों द्वारा 27 अक्तूबर को प्रातः 10 बजे जीवन के सभी क्षेत्रों में ईमानदारी, पारदर्शी रीति, सजगता, सतर्कता एवं सत्यनिष्ठा की प्रतिज्ञा ली गई। ज़ोनल ऑडिट कार्यालय, रायपुर के प्रमुख श्री एम?एम? थॉमस तथा मण्डल प्रमुख श्री जितेंद्र स्वाई ने मण्डल कार्यालय एवं परिसर में स्थित अन्य कार्यालयों के सभी

स्टाफ सदस्यों को प्रतिज्ञा दिलाई। शपथ समारोह पश्चात श्री स्वाई ने अपने सम्बोधन में कहा कि सभी स्टाफ सदस्यों को अपने कार्यकलापों के प्रत्येक क्षेत्र में ईमानदारी, निष्पक्षता व पारदर्शिता बनाए रखने के लिए निरंतर प्रयत्नशील रहने तथा अपने संगठन के विकास एवं प्रतिष्ठा के प्रति सचेत रहते हुए कार्य करने हेतु आह्वान किया। सतर्कता जागरूकता सप्ताह देशभर में सतर्क भारत-समृद्ध भारत की थीम पर मनाया 02 नवंबर तक मनाया जाएगा।

पीएनबी मण्डल कार्यालय भिलाई द्वारा आयोजित किया गया ग्राम संपर्क अभियान

भिलाई। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 151 वीं जयंती के मौके पर पंजाब नैशनल बैंक ने 'ग्राम संपर्क अभियान' शुरू किया है. इस अभियान के तहत बैंक की मण्डल कार्यालय, भिलाई अंतर्गत 21 ग्रामीण शाखाओं में दिनांक 27 तथा 28 अक्तूबर को कैंप लगा कर ऋण वितरण के साथ डिजिटल बैंकिंग जैसी मूलभूत सुविधा और प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, अटल पेंशन योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना इत्यादि से ग्रामीणों को अवगत कराया गया तथा शाखा प्रमुखों द्वारा कार्यक्रम में मौजूद ग्रामीणों से डिजिटल योजना के विभिन्न उत्पादों व अन्य योजनाओं का लाभ उठाने हेतु फार्म भी प्राप्त किए गए। मण्डल प्रमुख श्री जितेंद्र स्वाई ने ये कहा कि यह अभियान विभिन्न गतिविधियों को बढ़ावा देगा और आत्मनिर्भर भारत की कल्पना को सार्थक करेगा।

रुपया 16 पैसे लुढ़का

मुंबई (वार्ता)। दुनिया की अन्य प्रमुख मुद्राओं के बास्केट में डॉलर की मजबूती और घरेलू शेयर बाजार में हुई जबरदस्त बिकवाली के दबाव में बुधवार को अंतरबैंकिंग मुद्रा बाजार में रुपया 16 पैसे लुढ़ककर 73.87 रुपये प्रति डॉलर पर आ गया। पिछले दिवस में रुपया 13 पैसे चमककर 73.71 रुपये प्रति डॉलर पर रहा था।

घरेलू शेयर बाजार के मजबूती में खुलने का असर शुरुआती कारोबार में रुपये पर भी रहा और भारतीय मुद्रा एक पैसे की तेजी में 73.70 रुपये प्रति डॉलर पर खुली। बाद में डॉलर की मजबूती और घरेलू शेयर बाजार में शुरु हुई चौतरफा बिकवाली के दबाव में भारतीय मुद्रा 73.93 रुपये प्रति डॉलर के दिवस के निचले स्तर पर आ गयी। अंत में यह गत दिवस की तुलना में 16 पैसे लुढ़ककर 73.87 रुपये प्रति डॉलर पर बंद हुई।

आईपीएल/2020

हमें मजबूत और सकारात्मक मानसिकता की आवश्यकता – क्षेयस

इस हार से प्रेरणा लेकर आगे के मैच जीतेंगे: श्रेयस

दुबई (वार्ता)। सनराइजर्स हैदराबाद से हारने के बाद दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान श्रेयस अय्यर ने कहा कि यह मैच पावरप्ले में ही हाथ से निकल गया था टीम इस हार से प्रेरणा लेकर आगे के मैच जीतेगी।

सनराइजर्स हैदराबाद ने मंगलवार को दिल्ली कैपिटल्स को आईपीएल मुकाबले में 88 रन के बड़े अंतर से हराया। हैदराबाद ने टॉस हारने के बाद पहले बल्लेबाजी करते 20 ओवर में दो विकेट पर 219 रन का विशाल स्कोर बनाया। बड़े स्कोर के दबाव में दिल्ली मुकाबले में नहीं खड़ी हो पायी और 19 ओवर में 131 रन ही बना सकी। दिल्ली को इस तरह लगातार तीसरी हार का सामना करना पड़ा। दिल्ली की टीम इससे पहले कोलकाता नाईट राइडर्स

और किंग्स इलेवन पंजाब से हारी थी। श्रेयस ने कहा, ÷निश्चित तौर पर यह हमारे लिये एक बड़ा नुकसान है लेकिन आप इस मोड़ पर हार नहीं मान सकते। हमारे पास अभी भी दो मैच हैं जिनमें से एक में जीत आवश्यक है। हम पिछले तीन मैचों से जीत का इंतजार कर रहे हैं। लगातार हार से निश्चित तौर पर हमारे ऊपर दबाव बन गया है। टीम के खिलाड़ी बहुत मजबूत और प्रेरणा से भरे हुये हैं और यह हार निश्चित तौर पर हमें प्रेरित करने वाला है। हमने पावरप्ले में ही यह मैच खो दिया था। उन्होंने कहा, ÷हमें मजबूत और सकारात्मक मानसिकता की आवश्यकता है।

कोलकाता को चेन्नई से रहना होगा सतर्क

दुबई (वार्ता)। कोलकाता नाईट राइडर्स को आईपीएल में गुरूवार को होने वाले अपने महत्वपूर्ण मुकाबले में चेन्नई सुपरकिंग्स से सतर्क रहना होगा तभी उसकी प्लेऑफ की उम्मीदें बनी रह पाएंगी। कोलकाता इस समय तालिका में 12 मैचों में छह जीत, छह हार और 12 अंकों के साथ पांचवें स्थान पर है। चेन्नई के खिलाफ मुकाबले में जीत उसे प्लेऑफ की दहलीज पर ला खड़ा करेगी। हालांकि कोलकाता को प्लेऑफ सुनिश्चित करने के लिए उसे अपने बचे हुए दोनों मैच जीतने होंगे। कोलकाता को चेन्नई के बाद राजस्थान रॉयल्स से मुकाबला खेलना है। कोलकाता यदि दो मैचों में एक मैच ही जीत पाती है तो उसके 14 अंक ही रहेंगे और फिर उसे कुछ टीमों के साथ 14 अंकों पर नेट रन रेट की जटिलता से गुजरना पड़ सकता है। प्लेऑफ की होड़ से लगभग बाहर हो चुकी महेंद्र सिंह धोनी की कप्तानी वाली चेन्नई की टीम अब अपने बचे दो मैचों में दूसरी टीमों का खेल खराब कर सकती है। चेन्नई ने अपने पिछले मुकाबले में विराट कोहली की कप्तानी वाली रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु को हराया था और अब वह कोलकाता के लिए भी परेशानी खड़ी कर सकती है। गत उपविजेता चेन्नई 12 मैचों में मात्र चार जीत और आठ अंकों के साथ आठवें और अंतिम स्थान पर है। चेन्नई के पास अब गंवाने के लिए कुछ नहीं है जबकि हार से कोलकाता का सफर मुश्किल हो सकता है।

विश्व स्तर पर हमारे पास भी पेले जैसे खिलाड़ी हैं: रिजिजू

नई दिल्ली (वार्ता)। केंद्रीय खेल मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा है कि विश्व स्तर पर भारत के पास भी पेले जैसे खिलाड़ी हैं और देश में महिला मुक्केबाज एमसी मैरीकॉम का उदाहरण है जिन्होंने आठ विश्व चैंपियनशिप पदक जीते हैं।

रिजिजू राष्ट्रीय खेल विश्वविद्यालय, मणिपुर और भारतीय खेल प्राधिकरण के लक्ष्मीबाई राष?ट्रीय शारीरिक शिक्षा महाविद्यालय (एलएनसीपीई), त्रिवेंद्रम द्वारा शारीरिक शिक्षा एवं खेलः समुदायों को एकजुट करने की ताकत विषय पर संयुक्त रूप से आयोजित दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय वेबिनार के उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि थे। राष्ट्रीय खेल विश्वविद्यालय के कुलपति आरसी मिश्रा (सेवानिवृत्त आईएएस) और इंटरनेशनल फेडरेशन ऑफ फिजिकल एजुकेशन (एफआईईपी), स्लोवाकिया के उपाध्यक्ष प्रोफेसर ब्रानिस?लाव एंटाला भी इस वेबिनार में शामिल हुए। करीब एक घंटे तक चले इस वेबिनार में वक्ताओं ने समाज में शारीरिक शिक्षा के महत्व के बारे में बात की। उन?होंने यह भी बताया कि किस प्रकार खेल न केवल देश के भीतर बल्कि विश्व स्तर पर समुदायों को एकजुट करने में मदद करता है।

रिजिजू ने कहा, ÷इस वेबिनार का विषय केवल शारीरिक गतिविधियों के लिए ही नहीं बल्कि समाज के लिए भी एक महत्वपूर्ण पैमाना है। खेल की सफलता से क्षेत्र समृद्ध होता है और पूरे समुदाय को काफी कुछ हासिल होता है। भारत में एमसी मैरीकॉम का उदाहरण है जो महिलाओं के लिए ऐसी प्रेरणा हैं। उन्होंने आठ विश्व चैंपियनशिप पदक जीते और मां बनने के बाद से चार बार। वह महिलाओं के एक बड़ी प्रेरणा हैं कि आप मातृत्व के बाद भी सफल हो सकती हैं। विश्व स्तर पर भी हमारे पास पेले जैसे खिलाड़ी हैं जिनकी सफलता ब्राजील से आगे निकल गया और पूरी दुनिया को प्रेरित किया।

नव प्रदेश
दंतेवाड़ा/कोंडागांव/किरंदुल/ बचेली/बिलासपुर/अंबिकापुर
बिलासपुर, गुरूवार, 29 अक्टूबर 2020

आजादी के 73 सालों बाद भी मोलसनार के ग्रामीण पी रहे चुए का पानी

■ **एनएमडीसी आदर्श गांव के आस पास के 9 पारा के लोग पानी,सड़क आदि मूलभूत सुविधाओं से आज तक है वंचित**

नव प्रदेश संवाददाता

दंतेवाड़ा। बड़े बचेली तहसील एवं पालिका क्षेत्र से महज 13 किमी की दूरी पर बसे ग्राम मोलसनार जो कि ग्राम पंचायत के अंर्तगत आता है जिसमे अनुमानित 1810 वोटर है यह गाँव एनएमडीसी का आदर्श गांव है मोलसनार ग्राम में सुविधाएं तो है जैसे पानी,बिजली,स्वास्थ परंतु इस गाँव तक जाने सड़क नही है। ठीक इसके विपरीत इस ग्राम पंचायत मोलसनार पर आश्रित 9 पारे है जैसे खाले पारा, कुचेनार, कटेउपारा, उंगापारा,धन्नु पारा,पटेल पारा,बड़े पारा,कोटवार पारा,मड़कानार पारा,उदेला जिनकी मोलसनार से दूरी महज 3 से 4 किमी है इन पारो में से कुछ एक को छोड़कर बाकी के पारो में जाने हेतु ना तो सड़के है ना ही पीने के पानी की कोई सुविधा है और ना ही कोई स्वास्थ्य सेवाएं है। आपको बता दे कि स्थानीय ग्रामीणों के मुताबिक ये क्षेत्र एनएमडीसी के गोदग्राम है जिसके मुताबिक एनएमडीसी द्वारा इन जगहों पर विकास का कार्य किया जाना था परंतु एनएमडीसी प्लांट स्थापित होने से लेकर आज तक विकास कार्य इन जगहों तक पहुंच ही नही पाया। जिस वजह से आज

भी यहां के ग्रामीण पिछड़े हुए है। आलम यह है की यहां के सारे ग्रामीण पीने के पानी के लिए कई दशकों से चुए का पानी एवं लाल नदी का पानी इस्तेमाल करने को मजबूर है जब गर्मियां आती है चुए का पानी सूखने लगता है ऐसी स्थिति में सारे ग्रामीण ठीक पीछे बहने वाले लाल नदी पर आश्रित हो जाते है। पानी का रंग लाल क्यो है जानकारी ली गयी तो स्थानीय ग्रामीण बलराम भास्कर ने बताया की एनएमडीसी माइनिंग से जो आइरन की डस्ट निकलती है उसके मिश्रण से पानी का रंग लाल एवं मटमैला हो जाता है। इस पानी को पीकर गाँव के बच्चे,महिलाएं एवं बुजुर्ग लगातार बीमार पड़ रहे है। यही नही ग्रामीणों को नहाने बर्तन धोने कपड़े धोने सहित मछली पकड़ने हेतु भी इसी लाल पानी का इस्तेमाल करना पड़ता है। सड़को की हालत तो बद से बदतर है बरसात की वजह से कई पुल बह चुके है।

बीएसएनएल की लचर व्यवस्था से उपभोक्ता हलकान

परेशान होकर कई सिम पोर्ट करवा रहे तो कई कटवा रहे ब्रॉडबैंड की लाइन।

बचेली (नव प्रदेश)। बीएसएनएल की सेवा से अब उपभोक्ता परेशान होकर दूसरी कम्पनियों को मजबूरीवश अपनाने में लगे हुए है। कारण स्पष्ट है ग्राहक सेवा के मामले में बचेली कार्यालय की हालत बद से बद्तर है,ग्राहकों के मुताबिक कई बार तो ऑफिस खुला रहता है परंतु पूरे आफिस में एक भी कर्मचारी मौजुद नही रहता है फिर चाहे बिल चुकाने की बात हो या कम्प्लेन की बात हो ग्राहकों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। सिम रिप्लेसमेंट के लिए तो ग्राहक चक्कर पे चक्कर लगा ही रहे है, ब्राडबैंड सेवाएं बंन्द है फिर भी रेंटल बिल चुकाते चुकाते ग्राहकों की जेब अब ढीली हो चुकी है। जब रिपोर्टर मौके का मुआयना करने गए तो टेबल, कम्प्यूटर,फर्श पर जमी धूल की मोटी परत दीवारों में जमे जाले चीख चीखकर कार्यालय के हालात बयान कर रहे थे। मौके पर 1 कर्मचारी मौजुद था अधिकारी मौके से नदारद थे फोन लगाया गया परंतु साहब ने फोन उठाना जरूरी नही समझा। बाद में जब दूसरे के माध्यम से साहब से बात की गई तो साहब ने कर्मचारियों की कमी का हवाला देते हुए बताया कि मुख्यालय जगदलपुर में इस बारे में आला अधिकारियों को कई बार अवगत कराया गया है कि कर्मचारियों की आवश्यकता है परंतु अभी तक कोई सुनवाई नही हुई है। अब ऐसे में नगर में धीरे धीरे उपभोक्ता दूसरी कंपनियों की सर्विस को देखकर बीएसएनएल से किनारा करते नज़र आ रहे है।

बिल्हा में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका पद हेतु दावा आपत्ति 5 नवंबर तक

बिलासपुर। एकीकृत बाल विकास परियोजना बिल्हा अंतर्गत नगर पंचायत बोदरी के वार्ड क्रमांक 5 में केन्द्र क्रमांक 1, तिफरा वार्ड क्रमांक 8 में केन्द्र नंबर 11 और भैसबोड़ केन्द्र क्रमांक 1 हेतु आंगनबाड़ी कार्यकर्ता तथा परसदा ति.वार्ड क्रमांक 9 के केन्द्र नंबर 2, निपनियां केन्द्र क्रमांक 1 और मोहतरा केन्द्र क्रमांक 3 हेतु आंगनबाड़ी सहायिका पद के लिये अनंतिम मूल्यांकन पत्रक परिशिष्ट चार का मूल्यांकन समिति द्वारा अनुमोदन किया गया है।

प्याज की उपलब्धता एवं बाजार भाव की निगरानी के संबंध में बैठक आज

दन्तेवाड़ा (नव प्रदेश)। कलेक्टर दीपक सोनी के अध्यक्षता में आलू प्याज के समस्त व्यापारियों की बैठक आज अपरान्हन 2.00 बजे संयुक्त जिला कार्यालय भवन के डंकनी सभा कक्ष में प्याज की उपलब्धता एवं बाजार भाव की निगरानी के संबंध में बैठक आयोजित की गई है।

सतनाम सन्देश यात्रा 3 नवम्बर को

भाटापारा। बलिदानी गुरु, राजा गुरु, गुरु बालकदास जी ने रावटी के माध्यम से समाज को एकजुटता प्रदान किये जिसके यादगार मे सतनाम संदेश (रावटी) यात्रा 3 नवम्बर को रायपुर से मुंगेली, जगतगुरु रूद्र कुमार जी के सानिध्य मे आयोजित किया जा रहा है।

ठेकेदार पर हुई एफआईआर, राजीनामा करवाने लगा रहा झूठे आरोप- एसडीओ

काउंटर केस करवाने व राजीनामा करवाने के लिए ही ठेकेदार ने की झूठी शिकायत

नव प्रदेश संववाददता

कोंडागांव। कोंडागांव अनुविभागीय अधिकारी चितरंजन खोबरागड़े ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि कॉन्ट्रेक्टर भारत जैन ने राजनीतिक पार्टी में बनी पैठ व पैसों के बल पर झूठे आरोप लगाए है, कॉन्ट्रैक्टर भारत जैन पर एफआईआर दर्ज होने के हफ्ता भर बाद दबाव बनाने के लिए मुझपर गलत आरोप लगा रहा है,। एसडीओ चितरंजन खोबरागड़े जल संसाधन विभाग कोंडागांव में पदस्थ है, उनके बताए अनुसार बीते दिनों 09 अक्टूबर को भारत जैन पर जो पैसे से ठेकेदारी व कोंडागांव के जाम पदर पारा में निवास करते है, जोकि 2015 से मेरे अधिनस्त ठेकेदारी का कार्य कर रहा है, केशकाल में 02 नग एच टाइप, 01 नग आई टाइप भवन निर्माण का कार्य करने का टेण्डर लिया है, जिसका वर्क आर्डर लेने के लिए आया था, कार्यपालन अभियंता अधिकारी ने उससे बोला कि आप का टेंडर पास होने के लिए कार्यपालन अधिक्षण अभियंता इंद्रावती परियोजना जगदलपुर गया है,

उसके बाद मेरे द्वारा उक्त ठेकेदार को भवन निर्माण में गुणवत्तापूर्ण कार्य करने का विशेष ध्यान देने बोलने पर नाराज होकर भारत जैन मुझे गाली गलौज देने लगा। एवं शासकीय कार्य में बाधा डालकर जान से मारने की धमकी दिया है, जिसकी लिखित शिकायत सिटी कोतवाली थाना कोंडागांव में की है, एसडीओ की रिपोर्ट पर ठेकेदार भारत जैन के विरुद्ध अपराध दर्ज हुआ जिसमें धारा 506, 186 भारतीय दंड विधान अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। उसके बाद 22अक्टूबर को ठेकेदार भारत जैन के द्वारा दबाव बनाने के लिए झूंठा आरोप लगाया जा रहा है यह साफ नजर आ रहा है कि काउंटर केश करवाने व राजीनामा करवाने के लिए ही ठेकेदार भरत जैन मुझ पर 02 लाख लेकर नोकरी लगवाने का गलत आरोप लगा रहा है, इसमें जरा सी भी सच्चाई होती तो भारत जैन इतने दिनों से कहा गया था, और शिकायत क्यों नही की जब उनके ऊपर एफआईआर दर्ज हो गयी तब कहा से जागकर आरोप लगाने आ गए। विचारणीय बात यह है कि क्या कोई ठेकेदार जो कंस्ट्रक्शन का काम करके लाखो करोड़ो रुपया कमाता है, वह नौकरी लगवाने के लिए 02 लाख रुपया किसी को देगा। चितरंजन खोबरागड़े अनुविभागीय अधिकारी जिला संसाधन विभाग ने उनके ऊपर लगे आरोप को सिरे से नकारते हुए, इस गलत आरोप से जो उनकी छबि धूमिल हुई है, इसके लिए माननीय न्यायालय में ठेकेदार भारत जैन के विरुद्ध मानहानि का दावा प्रस्तुत करने की बात कही। और उन्होंने कहा कि अपने देश के कानून पर पूरा विश्वास है।

इस दीवाली गोबर से बने दीयें से रौशन होगा बीजापुर

बीजापुर (नव प्रदेश)। आमतौर पर दीया मिट्टी से बनाया जाता है। लेकिन इस बार राष्ट्रीय आजीविका मिशन के तहत् ग्रामीण गौठानों एवं नगर पालिका बीजापुर शहर के गौठानों में महिला स्व-सहायता समूह की महिलाएं गोबर से आकर्षक एवं सुन्दर दीये बना रही है। दीये के साथ-साथ विभिन्न आकर्षक होम डेकोरेशन, स्वास्तिक, शुभ-लाभ, धूपबत्ती, लक्ष्मी गणेश जी की मूर्ति एवं गमला गोबर से बनाया जा रहा है। बाजार की उपलब्धता के अनुरुप विभिन्न गौठानों में दीये बनाये जा रहे। जिससे स्व-सहायता की महिलाएं अतिरिक्त आय अर्जित कर पायेगी। दीया बनाने वाले समूह में भैरमगढ़ ब्लाक के ग्राम पंचायत पातर पारा, बीजापुर ब्लॉक के ग्राम पंचायत धनोरा नगरपालिका क्षेत्र के गौठानों सहित विभिन्न गौठानों में महिला स्व-सहायता समूह दीया को रंग-रोगन कर आकर्षक कलाकृति उकेरती हुई अंतिम रुप दे रही हैं। जिसे स्थानीय बाजार के माध्यम से विक्रय किया जायेगा। मणि कंचन स्व-सहायता समूह की सचिव ओमिन बाई साहू ने बताया कि बिक्री के लिये ग्राहको द्वारा भी उत्सुकता दिखाई दे रहा है। नये तरीके के कार्य करने से इसके लिये जिला प्रशासन द्वारा मार्गदर्शन एवं प्रोत्साहित किया गया। गोबर से बने दीया पूर्ण रुप से ईको फ्रेंद्धली है। इसे उपयोग के बाद खाद के रूप में गमलो या बाड़ियों में उपयोग किया जा सकता है। स्व-सहायता समूह की सभी महिलांए पूरे मन से इस कार्य को करने में जुटी हुई है यह हमारी अतिरिक्त आमदनी का स्त्रोत बना है, जिससे इस बार हम लोग भी दीपावली के अवसर पर अतिरिक्त लाभ अर्जित कर त्यौहार अच्छे से बनायेंगे।

पतंजलि स्टोर में चौथी बार हुई चोरी, चोर पुलिस की गिरफ्त से दूर

नव प्रदेश संवाददाता

किरंदुल। चोरों का हौसला इतना बुलंद है की सीसीटीवी कैमरा लगने के बावजूद भी मंगलवार की आधी दरमियान रात को किरंदुल बस स्टैंड में स्थित पतंजलि स्टोर से खाद्य सामग्री सहित नगद 6 हजार व बरसो पुराने राम सीता के सिक्के चोरी कर ले गए। वही दुकान के संचालक राजेश सिन्हा ने बताया कि इससे पूर्व में भी तीन बार और चोरी हो चुकी है लेकिन अब तक पुलिस को एक बार भी चोर को पकड़ने में सफलता नहीं मिली है जिसके कारण चोरों का हौसला और भी बुलंद होते जा रहा है! दुकान के ऊपरी साइड में नगर पालिका द्वारा ग्रिल लगाया गया है ! ग्रिल कम हाइट होने के कारण चोर आसानी से पार करके सीढ़ी के रास्ते दुकान में प्रवेश कर जाता है और चोरी का घटना अंजाम देकर वही रास्ते से वापस निकल जाते हैं। नगर में बढ़ रही चोरी की घटना से आम नागरिक काफी परेशान हैं। पिछले एक महीना के दरमियान कई जगह मोटरसाइकिल व अन्य चोरी की घटना घटी है। थाना प्रभारी डी के बरवा ने बताया कि थाने मे प्रार्थी द्वारा रिपोर्ट दर्ज करवाई गई है सीसीटीवी कैमरे के फुटेज जांच कर जल्द से जल्द पुलिस

अम्बिकापुर : मानसिक दिव्यांग बच्चों को एम.आर. किट का वितरण

अम्बिकापुर। राजीव गांधी शिक्षा मिशन (समग्र शिक्षा) के अन्तर्गत समावेशी शिक्षा के तहत कलेक्टर एवं जिला मिशन संचालक श्री संजीव कुमार झा एवं जिला परियोजना संचालक श्री कुलदीप शर्मा के मार्ग दर्शन में आज कलेक्टोरेट परिसर स्थित कम्पोजिट बिल्डिंग में मानसिक दिव्यांग बच्चों को एम.आर. किट का वितरण किया गया। इस दौरान राजीव गांधी शिक्षा मिशन सरगुजा के जिला मिशन समन्वयक डॉ. संजय सिंह के द्वारा बच्चों से चर्चा की गई तथा पालकों को यह किट उपयोग करने हेतु सुझाव दिए गए। मानसिक रूप से दिव्यांग इन बच्चों को यह एम.आर. किट ए.डी.आई.पी. स्कीम के तहत एन.आई.ई.पी.आई.डी. सिकन्दराबाद के सहयोग से वितरण किया गया। दिव्यांगजनों के सशक्तिकरण के लिए कार्य करने वाली इस संस्था शाखा छत्तीसगढ के राजनान्दगांव में संचालित है। राजनान्दगांव से इस संस्था से पुर्नवास अधिकारी श्री गौतम चौरे एवं आडियों लॉजिस्ट श्री गजेन्द्र कुमार साहु उपस्थित रहे। इन्होने राजीव गांधी शिक्षा मिशन सरगुजा के सहायक कार्यक्रम समन्वयक(समावेशी शिक्षा) श्री दिनेश शर्मा के साथ उपस्थित रहकर वितरण कार्य में सहयोग किया तथा आवश्यक दस्तावेजीकरण पूर्ण कराया।

समक्ष नोटरी कांकेर जिला उ.ब. कांकेर

उद्घोषणा

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका महजबीन शेख पति इकबाल खान, ओड़कापारा केशकाल जिला कोण्डागांव द्वारा मोहल्ला ओड़कापारा केशकाल तह. केशकाल में स्थित भूमि खसरा नं. 132/7/च. रकबा 0.5670 हे. में से 70 डिसमिल भूमि को आवेदिका द्वारा उक्त भूमि को विक्रय की जा रही है अनावेदक मुकेश सोनी पिता सत्यनारायण सोनी निवासी केशकाल तह. केशकाल जिला कोण्डागांव (छ.ग.) द्वारा क्रय किया जा रहा है।

अतः इस संबंध में किसी व्यक्ति, संस्था निकाय आदि को कोई उजर दावा आपत्ति हो तो न्यायालयीन अवधि में इस उद्घोषणा के नगर/ मोहल्ले में मुनादी के 15 दिवस के भीतर न्यायालयीन समय में स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उस न्यायालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 28/10/2020 को मेरे हस्ताक्षर एवं मुहर से जारी किया गया है।
स्थान- कांकेर
दिनांक 28/10/2020

हस्ताक्षर/ मोहर

नाम परिवर्तन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं PURVESH DAS S/O GORAKHNATH DAS निवासी BHAGWANPUR BEHIND OF PUNJAB GARDEN AMBIKAPUR, DIST SURGUJA (C.G.) यह शपथ करता हूं कि मैंने अपना यह पुराना नाम को त्याग कर नया नाम PURVESH KUMAR DAS S/O GORAKHNATH DAS रख लिया हूं। अत: आज से मुझे समस्त शासकीय, अर्धशासकीय व अन्य दस्तावेजों में मेरे नये नाम PURVESH KUMAR DAS S/O GORAKHNATH DAS से ही जाना पहचाना जावे।

PURVESH KUMAR DAS
BHAGWANPUR BEHIND OF
PUNJAB GARDEN
AMBIKAPUR,
DIST. SURGUJA (C.G.)

नाम परिवर्तन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं KAUSAR PARVEEN CHISHTY W/O ZAHID ALI CHISHTY निवासी TAIBA CHOWK TALA PARA WARD. 26, NEAR KHWAJA GAREEB NAWAZ MASJID BILASPUR (C.G.) यह शपथ करती हूं कि मैंने अपना यह पुराना नाम को त्याग कर नया नाम KAUSAR ALI CHISHTY W/O ZAHID ALI CHISHTY रख ली हूं। अत: आज से मुझे समस्त शासकीय, अर्धशासकीय व अन्य दस्तावेजों में मेरे नये नाम KAUSAR ALI CHISHTY W/O ZAHID ALI CHISHTY से ही जाना पहचाना जावे।

KAUSAR ALI CHISHTY
TAIBA CHOWK TALA PARA
WARD. 26, NEAR KHWAJA
GAREEB NAWAZ MASJID
BILASPUR (C.G.)

प्रथम पृष्ठ का शेष...

राज्य स्थापना दिवस:..

में कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी शामिल होंगे और प्रदेशवासियों को वीडिय ो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से संबोधित करेंगे।

संभावना है कि दु्रत गति से बुढ़ापारा सौंदर्यीकरण कार्य और ऑक्सीजोन में नए मल्टीस्टोरी पार्किंग का लोकार्पण समेत नई राजधानी में भी कई नए निर्माण कार्यों का शुभारंभ होगा।

आदिवासी पगड़ी पहनकर...

बस्तर महाराजा कमलचंद भंजदेव, बड़ी संख्या में मांझी, चालकी, मेंबर तथा प्रबुद्ध नागरिक शामिल हुए। मेंबर तथा प्रबुद्ध नागरिक शामिल हुए।

सामान्य सभा को लेकर...

पार्टी के सबसे ताकतवर मंत्री के ही खास हैं। ऐसे में लगता नहीं कि निगम की सामान्य सभा में सब कुछ महापौर ऐजाज ढेबर के लिए इतना आसान होगा।

भारत के साथ...

और सलाह-मशविरे के जरिए आवश्यक मुद्दों को सुलझा रहे हैं।

वांग भारत-चीन सीमा विवाद के बीच पोम्पियो की तरफ से भारत के साथ करीबी संबंध कहे जाने को लेकर पूछ गए सवालों का जवाब दे रहे थे। मंगलवार को अमेरिकी विदेश मंत्री ने गलवान घाटी में हुई हिंसा में भारतीय जवानों के शहीद होने का जिक्र करते हुए कहा नई दिल्ली की संप्रभुता की रक्षा के लिए वाशिंगटन उसके साथ खड़ा रहेगा। एलएसी पर सैनिकों के वास्तविक आंकड़ों के बारे में कहा जाना मुश्किल है लेकिन ऐसा कहा जा रहा है कि दोनों देश के सेनाओं की तरफ से पूर्वी लद्दाख में विभिन्न टकराव वाली जगहों पर मई महीने से हजारों सैनिकों की तैनाती की गई है। पिछले कई दशकों में भारत और चीन के बीच यह सैनिकों में यह बड़ा टकराव है।

भारत की बजाय वाशिंगटन की आलोचना करने और उस पर ध्यान केन्द्रित करते हुए वांग ने कहा- हम हमेशा मानते हैं कि किसी भी देश के बीच द्विपक्षीय संबंधों का शांति और स्थिरता और क्षेत्र के विकास के लिए अनुकूल होना चाहिए। इससे किसी तीसरे पक्ष के हितों को नुकसान नहीं पहुंचाना चाहिए।

पूर्वी लद्दाख में सेना की...

सुधारों का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि सरकार इस दिशा में आगे बढ रही सेना की मदद के लिए प्रतिबद्ध है जिससे वह हर क्षेत्र में उन्नति कर सके। उन्होंने कहा कि सरकार सेनाओं को सशक्त बनाने में अपनी ओर से किसी तरह की कसर नहीं छोडेगी।

उल्लेखनीय है कि पूर्वी लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा पर पिछले पांच महीने से चीन के साथ सैन्य गतिरोध चल रहा है और सेना ने इस समूचे घटनाक्रम के दौरान मजबूती के साथ स्थिति का सामना किया है और चीन का उसकी हर चाल का करारा जवाब दिया है।

श्री सिंह को निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार इस सम्मेलन को मंगलवार को संबोधित करना था लेकिन उसी दिन उन्हें अमेरिका के विदेश और रक्षा मंत्रियों के साथ टू प्लस टू संवाद में भी हिस्सा लेना था इसलिए अंतिम समय में उनका यह संबोधन टालना पडा था।

कार्यालय कार्यपालन अभियंता, लोक निर्माण विभाग, कोरबा संभाग कोरबा (छ.ग.)

निविदा आमंत्रण सूचना

क्रमांक-5673/NIT-5/2020-2021/क्लेलि दिनांक 23/10/2020

निविदा प्रपत्र क्रय करने हेतु आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि :- 04/11/2020 अपरान्ह 5.30 बजे
ठेकेदारों द्वारा प्रस्तुत निविदाएं प्राप्त करने की अंतिम तिथि :- 10/11/2020 अपरान्ह 5.30 बजे
निविदा खोलने की तिथि :- 11/11/2020 पूर्वान्ह 11.30 बजे तक

एनआईटी क्र. निविदा क्र.	कार्य का नाम NoOfCalls	कार्य की अनुमानित लागत (लाख में) अमानत राशि (रु.में) बैंक साल्वेंसी (रु.में)
1	2	3
5 T0048	लोक निर्माण विभाग उपसंभाग कोरबा अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2020-21 में पेटी बाजार सामाग्री प्रदाय का कार्य द्वितीय आमंत्रण	5.00 3750.00 75000.00
5 T0049	लोक निर्माण विभाग उपसंभाग भैसमा अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2020-21 में पेटी बाजार सामाग्री प्रदाय का कार्य द्वितीय आमंत्रण	5.00 3750.00 75000.00
5 T0050	लोक निर्माण विभाग उपसंभाग क्र.-1 कटघोरा अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2020-21 में पेटी बाजार सामाग्री प्रदाय का कार्य द्वितीय आमंत्रण	5.00 3750.00 75000.00
5 T0051	लोक निर्माण विभाग उपसंभाग क्र.-2 कटघोरा अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2020-21 में पेटी बाजार सामाग्री प्रदाय का कार्य द्वितीय आमंत्रण	5.00 3750.00 75000.00
5 T0052	तरदा-सर्वमंगला-इमलीछापर मार्ग के कि.मी. 12/2 से 28/2 कुल 14.20 कि.मी. में डब्ल्यू.बी.एम./ डब्ल्यू.एम.एम. द्वारा पेंच मरम्मत का कार्य प्रथम आमंत्रण	20.00 15000.00 300000.00
5 T0053	हरदीबाजार-तरदा-सर्वमंगला-इमलीछापर मार्ग लं. 27.19 कि.मी. के निर्माण कार्य अंतर्गत बाउण्ड्रीवाल पीलर कार्य प्रथम आमंत्रण	4.38 3285.00 65700.00
5 T0054	लोक निर्माण विभाग उपसंभाग कोरबा अंतर्गत व्ही.आई.पी. आवासगृहों का आवश्यक मरम्मत कार्य प्रथम आमंत्रण	20.00 15000.00 300000.00
5 T0055	आयुर्वेदिक औषधालय जवाली में अहाता निर्माण कार्य प्रथम आमंत्रण	3.22 0.00 0.00

टीप :- 1. T0048 से T0054 तक निविदा प्रपत्र की कीमत 750/- रुपए है। 2. T0048 से T0051 की निविदा प्रपत्र फार्म E है तथा T0052 से T0054 का फार्म A है। तथा T0055 का A(a) है। 3. T0048 से T0051 तथा T0054 की कार्य अवधि 31.03.2021 तक है। T0052 का कार्य की अवधि 04 माह वर्षा ऋतु है एवं T0053, T0055 का कार्य अवधि 02 माह वर्षा ऋतु सहित है।
निविदा संबंधी शर्तें विभागीय वेबसाईट www.cg.nic.in/pwdraipur में Live Tender के अंतर्गत निविदा प्रपत्र में उपलब्ध है। इनका अवलोकन संबंधित संभाग कार्यालय में किया जा सकता है।

कार्यपालन अभियंता
जी-84581/4 **लोक निर्माण विभाग कोरबा, संभाग कोरबा (छ.ग.)**

IndusInd Bank

इंडसइंड बैंस लि. सीएफडी व्यापार विहार रोड संजय अपार्टमेंट के बगल बिलासपुर छ.ग. 495001

आम नीलामी सूचना

इंडसइंड बैंक लिमिटेड सार्वजनिक नीलामी के द्वारा वाहनों (जिनके निर्माता कम्पनियों के नाम मॉडल एवं निर्माण वर्ष निम्नानुसार है) की नीलाम हेतु ''जैसा है जहां है'' के आधार पर'' आवेदन दिनांक 29/10/2020 अपरान्ह 2.30 से 5.30 बजे तक आमंत्रित करता है। वाहनों के आरक्षित मूल्य निम्नानुसार निर्धारित किए गए हैं।

1. Brand - MAHINDRA 275 YUVO 35 HP 13X6 TYRE OIB PS, YOM - REG NO CG16CH7554, Chassis MBNSFAEBAHND02689 Engine NHDSHAE3969 RES AMOUNT 400000, Defaulter Name RAMPHAL BAIGA
2. Brand - MAHINDRA 275DI ECO NBP MKM OIB LARGER TYRE, YOM 2019 - REG NO NON REGESTERD, Chassis MBNAAADAPKRD03618 Engine RKD2DBN5564 RES AMOUNT 440000, Defaulter Name MADAN SINGH
3. Brand - FORCE, BALWAN-400 DLX (REAR TYRE 13.6X28) YOM 2019 - REG NO CG09JK1736, Chassis T07024774K18 Engine D10043387 RES AMOUNT 300000 Defaulter Name TIKA RAM GADHEVAL
4. Brand - MAHINDRA 415 BP LARGE TYRE OIB PCM POWER STEERING , YOM 2019 - REG NO CG11AV7952, Chassis MBNABAVBAKNL00468 Engine NKL4YBE0058 RES AMOUNT 415000 Defaulter Name SHYAM LAL KHAIRWAR
5. Brand - EICHER 333 SUPER PLUS 36HP, YOM 2014 - REG NO CG08U3784, Chassis 921914177285 Engine D72457 RES AMOUNT 225000 Defaulter Name MULCHAND PATRE
6. Brand - EICHER 333DI 33HP, YOM 2014 - REG NO CG286649, Chassis 922414198507 Engine D87268 RES AMOUNT 225000 Defaulter Name NANDU MANGESHKAR
7. Brand - EICHER 333DI 33HP, YOM 2018 - REG NO CG29A5124, Chassis 926514158066 Engine S324E62274 RES AMOUNT 400000 Defaulter Name SANTOSH KUMAR PRAJAPATI
8. Brand - ESCORTS PT 439 DS+AM, YOM 2012 - REG NO CG29A5124, Chassis B3131309 Engine E3145812 RES AMOUNT 125000 Defaulter Name VINOD KUMAR RAJWADE
9. Brand - MAHINDRA INTRO 275 BP ECO MKM LARGE TYRE, YOM 2017 - REG NO CG08AF6074, Chassis NYNH01986 Engine NYNH01986 RES AMOUNT 225000 Defaulter Name DILKAR KUMAR MANDAVI
10. Brand - EICHER 242 DI 25HP, YOM 2015 - REG NO CG06GD0551, Chassis 922910220723 Engine 522829151598 RES AMOUNT 200000 Defaulter Name DILKAR KUMAR MANDAVI

उपरोक्त वाहनों की सार्वजनिक नीलामी छ.ग. के लिए इंडसइंड बैंक लि. सीएफडी व्यापार विहार संजय अपार्टमेंट के बगल बिलासपुर छ.ग. 495001 दिनांक 29/10/2020 अपरान्ह 2.30 से 5.30 बजे तक निम्नलिखित नियमों एवं शर्तों के तहत की जाएगी।

(1) प्रत्येक वाहनों का बयान राशि आरक्षित मूल्य का 10% निश्चित किया गया है।
(2) इच्छुक आवेदक एक से अधिक वाहनों के लिए आवेदन करना चाहते हैं तो उन्हें प्रत्येक वाहन के लिए अलग-अलग बयाना राशि आरक्षित मूल्य का 10% डिमांड ड्राफ्ट प्रस्तुत करना होगा।
(3) आवेदन के साथ वाहनों की बयाना राशि का केवल डिमांड ड्राफ्ट। पे आर्डर ''इंडसइंड बैंक लि.'' के पक्ष में बिलासपुर पर देय संलग्न होना चाहिए अन्यता आवेदन अस्वीकृत कर दिए जाएंगे और आवेदक की नीलामी नहीं की जावेगी।
(4) आरक्षित मूल्य से कम मूल्य में वाहनों की नीलामी नहीं की जावेगी।
(5) सबसे ऊंची बोली लगाने वाले को बोली की रकम का 25% तत्काल जमा करना होगा एवं शेष रकम नीलामी तिथि से 10 दिनों के अंदर भुगतान करना होगा।
(6) अन्यता उनके पक्ष में हुई नीलामी को निरस्त करते हुए उनके द्वारा जमा की गई पूरी रकम को जब्त कर लिया जाएगा।
(7) सबसे ऊंची बोली लगाने वाले सहित किसी भी आवेदन को या पूरी नीलामी को अथवा किसी भी वाहनों की नीलामी को बिना कारण बताए निरस्त या अस्वीकृत करने का अधिकार बैंक के पास सुरक्षित रहेगा।

नोट :- (1) प्रकाशन में किसी भी प्रकार की त्रुटि के लिए बैंक जिम्मेदार नहीं होगा, भौतिक निरीक्षण ही मान्य होगा। इच्छुक व्यक्ति नीलामी से पहले वाहन का निरीक्षण कर सकते हैं।
(2) पैन कार्ड, आवासीय प्रमाण पत्र एवं आधार कार्ड की छाया प्रति संलग्न करेंगे तथा मूल प्रति सत्यापन हेतु प्रस्तुत करेंगे।

उपरोक्त लिखित वाहन से संबंधित कोई भी जानकारी हेतु संपर्क करें। -
फोन नं. 8871238458, 8827396330, 9827956687, 9826427082,
पूर्वान्ह से 6:00 अपरान्ह तक

स्थान - बिलासपुर
दिनांक 29/10/2020

प्राधिकृत अधिकारी
इंडसइंड बैंक लि.
बिलासपुर छ.ग.

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक यशवंत धोटे द्वारा बंसल स्कूल कैम्पस, अशोक विहार कॉलोनी, पण्डरी से मुद्रित कर कुबेर प्लाजा शॉप नं. 226 सेकंड फ्लोर लिंक रोड बिलासपुर से प्रकाशित, संपादक- रविशंकर शुक्ला*
RNI NO.CHHHIN/2015/62431, डाक पंजीयन क्रमांक जी.2-112/सी.जी./बी.एल.पी./108/2020-2022, email: navpradesh@gmail.com, फोन व फैक्स : 07752-400878

बस्तर दशहरा को सम्पन्न कराने कलेक्टर ने की तैयारी

■ **सांसद दशहरा समिति के अध्यक्ष दीपक बैज ने किया डैमेज कंट्रोल**

नव प्रदेश संवाददाता

जगदलपुर। विश्व प्रसिद्ध बस्तर संभाग की ऐतिहासिक दशहरा पर्व की मुख्य रस्म भीतर रैनी व बाहर रैनी पर्व की जिम्मेदारी निभाने वाले किलेपाल परगना के माड़िया जनजाति के लोगों को प्रशासनिक अधिकारियों की बदइंतजामी का शिकार होना पड़ा गया।जिसके कारण भीतर रैनी के दिन वह बैरंग लौटने की तैयारी में थे। सदियों से चली आ रही बस्तर की परंपरानुसार किलेपाल परगना से बडी संख्या में लोग रथ खींचने जगदलपुर आते हैं और इस वर्ष भी प्रशासन द्वारा कोविड-19 को देखते हुए 500 की संख्या में उनको लाकर बस्तर बाड़े में ठहराया गया था। ग्रामीणों के रहने-खाने व अन्य सुविधाओं के लिए बस्तर जिले के जिम्मेदार प्रशासनिक अधिकारी व एसडीएम जी.आर.मरकाम को जिम्मेदारी दी गई थी। किंतु किलेपाल परगना के माड़िया 500 की संख्या में जब बीपीएस बाड़ा पहुँचे तब उन्हें वहां जिला प्रशासन का कोई भी जिम्मेदार नही मिला और ना ही उनके लिए राशन की व्यवस्था की

गई थी जिससे नाराज मजबूर आदिवासी 3 किलोमीटर दूर जगदलपुर शहर आकर अपने पैसे से राशन खरीद खाने को मजबूर नजर आए समय पर व्यवस्था नहीं होने पर ग्रामीण नाराज हो गए। बिना रथ खींचकर वह वापस जाने की तैयारी कर रहे थे।

सांसद दीपक बैज को जानकारी लगते ही संभाली कमान

इस अव्यवस्था की जानकारी व ग्रामवासियों के लामबंद होने की जानकारी जब बस्तर सांसद व दशहरा समीति अध्यक्ष दीपक बैज को हुई तो नाराज़ ग्रामीणों को समझाने उनके बीच बस्तर परिवहन संघ कार्यालय जाकर तत्काल 10 कुंटल लकड़ी,ग्रामीणों को टीशर्ट, राशन व्यवस्था करवाकर खुद ही उनके लिए भोजन बनाते नजर आने लगे। वही खुद भी उनके साथ भोजन का आंनद लिया। सांसद दीपक बैज को किलेपाल के ग्रामीणों ने बताया कि उन्हें तीन दिनों से लाया गया किंतु खानेट्ठपीने के लाले पड़ गए थे जिससे जिम्मेदार अधिकारियों की लापरवाही स्पष्ट तौर पर सामने आई।किलेपाल क्षेत्र के ग्रामीण पहली बार इस तरह स्वयं सांसद को अपने बीच देखकर समस्या का समाधान करने को लेकर खुशी जाहिर की।

बस्तर के आदिवासी परिजन के साथ पहुंचते है रथ खींचने

बस्तर दशहरा पर्व में हर साल किलेपाल क्षेत्र के अलग - अलग गावों के ग्रामीण रथ खींचने परिवार के साथ पहुंचते थे . इस साल कोरोना महामारी के कारण ऐसा नहीं हो पाया . दशहरा समिति ने रथ खीचने वाले ग्रामीणों को चिहिनत कर लाया गया है.जबकि इसके पहले तक ग्रामीण स्वयं खाना बनाने के लिए लकड़ी व बर्तन आदि लेकर पहुंचते थे और बस्तर हाईस्कूल , फॉरेस्ट ऑफिस , माडिया डेरा व कलेक्टोरेट परिसर में ठहरते थे।

■ न्यूज गैलरी

विधायक ने कोलेंग में धान खरीदी केंद्र खोलने की अनुशंसा की

जगदलपुर (नवप्रदेश)। विधायक जगदलपुर एवं संसदीय सचिव रेखचंद जैन ने जगदलपुर विधानसभा क्षेत्र के संवेदनशील विकास खंड दरभा के अति सुदूरवर्ती एवं नक्सली प्रभावित क्षेत्र कोलेंग में में धान खरीदी केंद्र खोलने की अनुशंसा खाद्य , नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग के मंत्री अमरजीत भगत से की जिसे मंत्री श्री भगत ने स्वीकार करते हुए खाद्य सचिव को तत्काल धान खरीदी केंद्र स्वीकृत करने हेतु आदेशित किया है। विदित हो कि सुदूर वनांचल में बसा हुआ कोलेंग क्षेत्र जगदलपुर विधानसभा क्षेत्र का अंतिम छोर है एवं उड़ीसा सीमा से लगा हुआ है इस क्षेत्र के बहुत से ग्राम पंचायत के लोगों को धान बेचने हेतु 40-50 कीलोमीटर की दूरी तय कर दरभा तक आना पड़ता था जिससे उन्हें बहुत ही कष्ट का सामना करना पड़ता था जिसे दूर करने के लिए विधायक जगदलपुर ने यह महत्वपूर्ण प्रयास किया जिसे खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री ने तत्काल स्वीकृत कर दिया है। अति संवेदनशील नक्सली प्रभावित क्षेत्र कोलेंग में धान खरीदी केंद्र खुलने से इस क्षेत्र के लोगों की बहुप्रतीक्षित मांग पूरी हो गई है और यहां के लोगों ने विधायक जगदलपुर एवं संसदीय सचिव रेखचंद जैन का आभार व्यक्त किया है।

राज्य स्थापना दिवस पर शासकीय भवनों में रोशनी करने के निर्देश

कांकेर (नव प्रदेश)। राज्य शासन द्वारा लिये गये निर्णय के तहत आगामी 01 नवंबर को राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर जिला मुख्यालय में स्थित शासकीय भवनों में रोशनी की जायेगी। कलेक्टर श्री के.एल. चौहान ने राज्य शासन द्वारा दिये गये निर्देशानुसार उक्त दिवस को शासकीय भवनों में रोशनी करने के निर्देश अधिकारियों को दिये है।

गुमड़ा स्कूल में बच्चों को आयोडिन की कमी से होने वाले खतरों से कराया गया अवगत

दंतेवाड़ा (नव प्रदेश)। प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी वैश्विक आयोडिन अल्पता विकार नियंत्रण दिवस के अवसर पर 21 अक्टूबर से 27 अक्टूबर तक जिले के समस्त स्वास्थ्य केन्द्रों में वैश्विक आयोडिन अल्पता विकार नियंत्रण दिवस अभियान के रूप में मनाया जा रहा है। जिसके तहत 27 अक्टूबर को विकासखण्ड गीदम के गुमड़ा में स्कूल बच्चों के मोहल्ला क्लास में आयोडिन युक्त नमक की महत्वता, उपलब्धता एवं दैनिक जीवन में इसकी आवश्यकता का प्रचार-प्रसार किया जायेगा एवं आयोडिन की कमी से होने वाली बिमारियां घेंघा, मानसिक विकृति, बहरापन, गूंगापन और भेंगापन ठीक से खड़े होने व चलने में कठिनाई और शारीरिक विकास में रूकावट होती है व गर्भवती के शरीर में आयोडिन की कमी होने पर गर्भपात का खतरो आदि के संबंध में जागरूकता किया गया। ''वैश्विक आयोडिन अल्पता विकार नियंत्रण दिवस'' के अवसर पर स्कूली बच्चों में निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

जनपद पंचायत बैकुण्ठपुर की सामान्य सभा की बैठक 5 को

कोरिया (नव प्रदेश)। जनपद पंचायत बैकुण्ठपुर की सामान्य सभा की बैठक 5 नवंबर को दोपहर 12 बजे से जनपद पंचायत बैकुण्ठपुर के सभाकक्ष में आयोजित की गई है। बैठक में विकास कार्यों की समीक्षा, जलाषयों को लीज पर देने, सामाजिक सहायता पेंषन योजना, राष्ट्रीय परिवार सहायता योजना सहित अन्य विशयों पर चर्चा की जायेगी। जनपद पंचायत बैकुण्ठपुर के मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने जनपद पंचायत बैकुण्ठपुर के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं सभी सदस्य सहित संबंधितों को निर्धारित स्थान और समय पर उपस्थित होने का आग्रह किया है।

पंचायत एवं नगरीय निकायों के शिक्षक एक नवम्बर से होंगे संविलियन

मुंगेली (नव प्रदेश)। जिला पंचायत के मुख्य कार्य पालन अधिकारी श्रीमति नुपूर राशि पन्ना ने आज यहां बताया कि राज्य शासन के निर्णय के अनुसार शासकीय शालाओं में कार्यरत् दो वर्ष या उससे अधिक सेवा पूर्ण तथा एक जुलाई 2020 को आठ वर्ष या उससे अधिक सेवा पूर्ण करने वाले पंचायत एवं नगरीय निकायों के शिक्षको का संविलियन एक नवम्बर 2020 से किया जाएगा। उनका संविलियन शिक्षा विभाग में किया जाएगा। इस संबंध में प्राप्त दावा आपत्ति के निराकरण पश्चात् पंचायत एवं नगरीय निकायों के शिक्षको का एकीकृत अंतिम वरिष्ठता सूची जारी कर दी गई है।

गोधन न्याय योजना के गोबर से बने दिए से जगमगायेगा घर

जिला सीईओ के मार्गदर्शन से स्वसहायता समूह हो रही लाभांवित

नव प्रदेश संवाददाता

कांकेर। छत्तीसगढ़ शासन की महत्वाकांक्षी गोधन न्याय योजना के तहत् गोठान में खरीदे जा रहे ''गोबर'' के बने ''दिये'' से इस दीपावली में लोंगो के घर जगमगायेगें। कांकेर जिले में बिहान से जुड़ी महिला स्व-सहायता समूहों की महिलाओं द्वारा वर्मी कम्पोस्ट के अलावा दीपावली को ध्यान में रखते हुए दीया, ओऊम्, स्वास्तिक, शुभ-लाभ, गणेश जी की मूर्ति, अन्य सजावटी समान भी बनाये जा रहे हैं।

कलेक्टर श्री के.एल.चौहान और जिला पंचातय के सीईओ डॉ संजय कन्नौजे के मार्गदर्शन में गोधन न्याय योजना के तहत् गौठानों में खरीदे गये गोबर से कांकेर, अन्तागढ़ और नरहरपुर विकासखण्डो मे बिहान से जुड़ी 09 स्व-सहायता समूह की 96 महिलाओं द्वारा 14 हजार 845 दीये के साथ, शुभ-लाभ, गणेश जी की मूर्ति, ओऊॅम्, स्वास्तिक बनाये जा रहे हैं, जिसमें अभी तक 10,625 दीये बेचकर 42 हजार 300 रूपये की आमदनी प्राप्त कर चुकी हैं। इस प्रकार जिले में गोधन न्याय योजना के तहत् खरीदे जा रहे गोबर से बिहान के स्व-सहायता समूह की महिलाओं द्वारा विभिन्न सामग्री तैयार किये जा रहें है, जिससे उनकी आर्थिक स्थिति मजबूत हो रही है तथा छत्तीसगढ़ शासन की ग्राम सुराजी योजना का लाभ ग्रामीणों को मिल रहा है।

कांकेर विकासखण्ड के कोकानपुर, गढ़पिछवाड़ी, कन्हारपुरी में रानी दुर्गावती, गायत्री स्व-सहायता समूह तथा जय माँ सरस्वती समूह और अन्तागढ़ विकासखण्ड के कलगांव, बड़ेतोपाल, आमाबेड़ा, हवेचुर में उन्नति समूह, जय भारत माता समूह एवं नरहरपुर विकासखण्ड के लिलवापहर व बिहावापारा में जय मां वैष्णों देवी समूह वा जय मां पार्वती समूहो की महिलाओं के द्वारा गोबर से दीये, स्वास्तिक एवं अन्य सजावटी समाग्री बनाये जा रहे है, जिन्हे बिहान के द्वारा बैंक लिंकेज व सामुदायिक निवेश कोष की राशि के माध्यम से आर्थिक सहायता प्रदान की गयी है, साथ6 ही बिहान के डी.एम.एम. सत्यप्रकाश तिवारी व डी.पी.एम. ममता प्रसाद द्वारा प्रशिक्षण प्रदान किया गया है।

गंगालूर में तहसील कार्यालय का शुभारंभ किया गया

बीजापुर (नवप्रदेश)। गंगालूर क्षेत्रवासियों का बरसों पुराना सपना साकार हो रहा है छग सरकार के भूपेश बघेल की मंशानुरूप शासन की समस्त योजनाएं जनता तक सुगमतापूर्वक पहुंचाने विभिन्न दस्तावेजों जाति, निवास, आय सहित भूमि विवाद बटवारा नामांतरण, नकल बी-1 खसरा स्थानीय स्तर पर सुगमतापूर्वक प्रदान करने एवं राजस्व प्रकरणों के निराकरण में तेजी लाने के उद्देश्य से कलेक्टर रितेश अग्रवाल द्वारा गंगालूर में प्रति सप्ताह के दो दिवस बुधवार एवं गुरूवार को तहसील कार्यालय, लिंक कोर्ट के रूप में शुभारंभ किया गया। गंगालूर क्षेत्र के 15 ग्राम पंचायत जिसके अंतर्गत 9 पटवारी हल्का है वहीं 47 गांव के लोगों को अब छोटी-छोटी कार्यों के लिये जिला कार्यालय आने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। गंगालूर जिला कार्यालय से 22 किमी है। वहीं भीतर के गांव की बात किया जाय तो 50 किमी की दूरी तक गांव है। जो जाति, निवास, आय, शपथ पत्र भूमि बटवारा नामांतरण सहित विभिन्न कार्यों के लिये बीजापुर आते है। उन ग्रामीणों को समस्या को देखते शासन-प्रशासन के पहल पर तहसील कार्यालय खोला गया है। जिससे ग्रामीणों में हर्ष व्याप्त है। ग्रामीणों ने प्रशासन के इस पहल का हृदय से धन्यवाद देते हुए जिला प्रशासन का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष शंकर कुड़ियम ने ग्रामीणों से चर्चा करते हुए कार्यालय खुलने से होने वाले लाभ को विस्तार से बताया जिस पर ग्रामीणों ने खुशी जाहिर की। कलेक्टर रितेश अग्रवाल ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए छत्तीसगढ़ सरकार की महत्वपूर्ण योजनाओं से जुड़ने के लिये लोगों को प्रोत्साहित किया।

दुकान खोलने व बंद करने के समय की पाबंदी हटी

दन्तेवाड़ा (नव प्रदेश)। कलेक्टर दीपक सोनी ने आदेश जारी कर जिले में सभी प्रकार की दुकानों एवं व्यवसायिक प्रतिष्ठानों को खोलने व बंद करने की प्रशासनिक पाबंदी हटा दी है। कोरोना संक्रमण के कारण जिले की दुकानों और व्यापारिक प्रतिष्ठानों के खुलने बंद होने के समय निर्धारण को शिथिल कर दिया गया है। जिला प्रशासन ने दुकानों को पहले की तरह खोलने व बंद करने से संबंधित नया आदेश जारी किया है, लेकिन कोरोना संक्रमण से बचाव को लेकर अभी भी स्वास्थ्य विभाग द्वारा जारी एडवाजरी और कोविड प्रोटोकॉल का पालन करना अनिवार्य किया गया है। दुकानदारों तथा ग्राहकों को मास्क लगाना, फिजिकल डिस्टेसिंग का पालन करना जरूरी किया है। अभी भी लोगों को घरों से बाहर निकलते समय चेहरे पर मास्क लगाया अनिवार्य होगा। इतना ही नहीं सामानों की खरीद-बिक्री के दौरान ग्राहक व दुकानदार दोनों को चेहरे पर मास्क लगाना होगा। मास्क नहीं लगाने पर अफसरों द्वारा जांच के दौरान पकड़े जाने पर संबंधित दुकानदारों के विरुद्ध जुर्माना लगाने की कार्रवाई की जाएगी। मास्क की जांच के लिए शहर में नगरीय निकायों के अधिकारियों सहित प्रशासनिक अधिकारी निगरानी करेंगे।उल्लेखनीय है कि कोविड वायरस के संक्रमण की रोकथाम एवं नियंत्रण के लिये पूर्व में जिला प्रशासन द्वारा व्यावसायिक प्रतिष्ठानों और दुकानों के रात्रि आठ बजे तक संचालित होने का आदेश जारी किया गया था।

जल संरक्षण एवं संवर्धन में सूरजपुर देश के उत्कृष्ट जिलों में प्रथम

■ **सूरजपुर जिला ईष्ट अंडरवाटर कन्जर्वेशन कैटेगिरी पर राष्ट्रीय स्तर पर प्रथम पुरस्कार के लिए चयनित**

नव प्रदेश संवाददाता

सूरजपुर। भारत सरकार के जलशक्ति मंत्रालय की ओर से सूरजपुर जिले को जल संरक्षण एवं संवर्धन के क्षेत्र में किये गये कार्यो के लिए देश के सर्वश्रेष्ठ जिलों में प्रथम स्थान मिला हैं। तत्कालिक कलेक्टर एवं वर्तमान कलेक्टर श्री रणबीर शर्मा एवं जिला पंचायत सीईओ श्री आकाश छिकारा के मार्गदर्शन में यह सामूहिक टीम भावना से उपलब्ध प्राप्त हुई हैं। केन्द्र सरकार के जलशक्ति मंत्रालय द्वारा जल स्त्रोतों के संरक्षण एव संवर्धन के लिए जिले को वर्ष 2019 का नेशनल वाटर अवार्ड प्रदान किया जाएगा। इसमें सूरजपुर जिले को ईस्ट अण्डर वाटर कन्जर्वेशन कैटेगरी पर राष्ट्रीय स्तर पर प्रथम पुरस्कार के लिए चयनित किया गया है। इस उपलब्धि पर कलेक्टर श्री रणबीर शर्मा ने कहा कि यह हमारे सामूहिक प्रयास का प्रतिफल हैं। इससे हमें और अच्छा कार्य करने की प्रेरणा प्राप्त हुई हैं। आने वाले समय में जल संवर्धन एवं संरक्षण सहित अन्य क्षेत्रों में भी जिले के विकास के लिए बेहतर प्रयास किया जायेगा। जिला पंचायत सीईओ श्री आकाश छिकारा ने इस शानदार उपलब्धि के लिए बधाई देते हुए कहा कि वर्तमान में जल संरक्षण हेतु एनजीजीबी के नरवा परियोजना के अंतर्गत जिले में 64 नालों का विकास किया जा रहा है। जिसमें सिंचाई के लिए जल उपलब्धता बढ़ेगी व जल स्तर में भी वृद्धि होगी।

मानकों की धज्जियां उड़ा,प्रदूषण फैला रहे हैं क्रशर संचालक

जगदलपुर (नवप्रदेश)। लोहंडीगुड़ा ब्लाक के अंतर्गत ग्राम धूरागांव गायत्री स्टोन क्रेशर में बिना कोई सुरक्षा उपकरण के लापरवाही पूर्वक काम करवाया जा रहा है।शासकीय नियम कायदों की धज्जियां उड़ाकर धड़ल्ले से स्टोन क्रेशर संचालित किया जा रहा हैं, नियमों को ताक पर रखकर क्रेशर प्लांट संचालित कर रहे संचालकों पर कार्रवाई करने की खनिज विभाग को फुर्सत नहीं है। धूरागांव की स्टोन क्रेशर में भारी अनियमितता बरतने का आरोप लगाते हुए मजदूरों ने बताया कि कार्य स्थल में काम के दौरान उनके पास जूता हेलमेट दस्ताना व मास्क जैसी सुरक्षा उपकरण क्रेशर मालिक द्वारा उपलब्ध नहीं कराई गई है जो काम के दौरान बेहद जरूरी है वही काम कर रहे कुछ मजदूरों ने अपना नाम नहीं छापने की शर्त पर बताया कि खदान में काम कर रहे एक मजदूर को खदान विस्फोट के लिए कहा गया और वह उसकी चपेट में आ गया आज वह काम करने के लायक नहीं है,अपंग हो चुका है वहीं दुर्घटना के बाद मालिक द्वारा उक्त मजदूर का इलाज करवाया गया और उनके द्वारा कहा गया कि जब तक इसका स्वास्थ्य ठीक नहीं हो जाती तब तक भकतु को सप्ताह में 1000 रुपए दिया जाएगा

लेकिन आज उनके द्वारा सप्ताह में 500 रुपए दिया जा रहा है। उक्त मजदूर के परिजनों ने बताया कि सुरक्षा उपकरण यदि दिया गया होता तो आज भकतु के हाथ पैर सही सलामत होते और उसे किसी के सामने हाथ फैलाने मजबूर नहीं होना पड़ता । मजदूरों ने बताया कि खदान से काफी मात्रा में डस्ट निकलता है जो हवा के माध्यम से हमारे शरीर में चला जाता है जिससे हम कई मजदूर बीमार हो रहे हैं हमने कई बार खदान के मालिक से सुरक्षा उपकरण के लिए कहा पर वह एक कान से सुनकर दूसरे कान से निकाल देते हैं।

पैसेंजर व्हीकल योजनान्तर्गत स्वरोजगार स्थापना हेतु 31 तक आवेदन आमंत्रित

बीजापुर (नवप्रदेश)। अंत्यावसायी सहकारी विकास समिति बीजापुर द्वारा पैसेंजर व्हीकल योजनान्तर्गत एक इकाई हेतु अनुसूचित जनजाति वर्ग के अभ्यर्थियों से स्वरोजगार स्थापना के लिए 31 अक्टूबर तक आवेदन पत्र जनपद पंचायतों तथा नगरीय निकायों के माध्यम से आमंत्रित किया गया है। योजना के नियमानुसार आवेदक अनुसूचित जनजाति वर्ग सहित जिले का मूल निवासी होना चाहिए। इस हेतु सक्षम अधिकारी द्वारा प्रदत्त जाति एवं निवास प्रमाण पत्र संलग्न करना आवश्यक है। आवेदक की आयु 18 से 50 वर्ष के मध्य होना चाहिए। आवेदक का पारीवारिक वार्षिक आय ग्रामीण क्षेत्र की दशा में 98 हजार रूपए तथा शहरी क्षेत्र की स्थिति में एक लाख 20 हजार रूपए से अधिक नहीं होना चाहिए। आवेदक को वैध कॉमर्शियल ड्रायव्हिंग लायसेंसधारी होना अनिवार्य है। आवेदक किसी शासकीय या अर्द्धशासकीय संस्था में सेवारत् नहीं होना चाहिए।

नवोदय विद्यालय में प्रवेश हेतु ऑनलाईन आवेदन प्रारंभ

कांकेर (नव प्रदेश)। जवाहर नवोदय विद्यालय करप में कक्षा 6वीं में प्रवेश के लिए ऑनलाईन आवेदन प्रांरभ हो चुका है। जिले के किसी भी च्वाईस सेंटर से ऑनलाईन आवेदन किया जा सकता है, आवेदन करने की अंतिम तिथि 15 दिसम्बर निर्धारित की गई है। जवाहर नवोदय विद्यालय करप के प्रचार्य जयन्ती पी गोयल ने बताया कि जो विद्यार्थी जवाहर नवोदय विद्यालय करप में कक्षा 6वीं में प्रवेश लेना चाहते हैं, उसे शासकीय अथवा मान्यता प्राप्त विद्यालय में शैक्षणिक सत्र 2020-21 में कक्षा 5वीं में अध्ययनरत होना चाहिए तथा उनका जन्म तिथि 01 मई 2008 से 30 अप्रैल 2012 के मध्य होना चाहिए। उन्होंने बताया कि नवोदय विद्यालय में कक्षा 6वीं में 80 सीटों पर प्रवेश दिया जायेगा।

शराब दुकान बंद होते ही कोचियों से महंगे दामों में मिल रही शराब

प्रिंट रेट से अधिक बेचने पर विभाग की कार्यवाही, होटल ढाबों में ऊंचे दामो पर आसानी से मिल रहा अवैध माल

नवप्रदेश संवाददाता

कांकेर। सरकार के द्वारा चलाई जा रही अंग्रेजी शराब दुकान में प्रिंट रेट से अधिक दाम पर शराब बेचने की खबर को दैनिक नवप्रदेश ने बड़ी ही प्रमुखता से 28 अक्टूबर को प्रकाशित किया गया था।शराब के अधिक दाम की खबर को लेकर जहाँ एक ओर शराब के शौकीनों में खुशी देखी गई तो दूसरी ओर शराब दूकान संचालकों में हड़कंप मचा हुआ है।और तो और शराब दुकान की आड़ में चल रहे अवैध गोरखधंधे की खबर भी बाहर निकल रही है। बता दे की शराब दुकान में प्रिंट से अधिक दाम पर शराब बेचने की खबर प्रकाशित होने के बाद शराब के शौकीनों ने बताया की शराब दुकान में राज्य शासन सभी ब्रांड की शराब मुहैया कराई जाती है।लेकिन शराब दुकान के मैनेजर व स्टाफ की मिलीभगत से ब्रांड शराब का स्टॉक हमेशा खत्म होना बताया जाता है।जबकि शराब दुकान बंद होने के बाद वही ब्रांड शराब कोचियों के पास अधिक दाम पर शराब दुकान के इर्दगिर्द महंगे दामो पर बड़ी आसानी से मिल जाती है।इसके अलावा शराब दुकान में

सरकारी शराब दुकान पर प्रशासन का संचालन नहीं

ब्रांड शराब की कीमत को अधिक दाम में बेची जाती है।शराब के प्रिंट रेट से अधिक दाम पर बेचने व ग्राहक द्वारा जिस दाम पर शराब खरीदी जा रही है।उसका बिल मांगने पर बिल के लिए शराब दुकान के मैनेजर व स्टाफ ग्राहक से आए दिन झगड़ा लडाई में उतारू हो जाते है।इस प्रकार शराब दुकान में आए दिन झगड़े लड़ाई से किसी दिन बड़ी अनहोनी से इंकार भी नही किया जा सकता है।

मिली जानकारी और हमारे विश्वसनीय सूत्रों के अनुसार कॉंकेर शराब दुकान के मैनेजर व स्टाफद्वारा जिस दिन शराब की खेप शराब दुकान पहुँचती है।उसी दिन शराब दुकान मैनेजर व स्टाफ के द्वारा कोचियों तक सन्देश पहुँचा दिया जाता है।और देर शाम ब्रांड शराब शौकीनो तक नही पहुँच कर होटलों व ढाबों सहित कोचियों तक बड़ी आसानी से मिल जाती है।इस आधार पर शराब की अवैध धंधे पर विभाग की ओर से अब तक कोई ठोस कार्यवाही नही देखी गई है।जिससे साफ ज़ाहिर होता है।की सरकारी शराब दुकान में किस तरह गोरखधंधा किया जा रहा है।

बियर से लेकर ब्रांड शराब पर 20 से लेकर 70 तक अवैध वसूली

शराब के शौकीनों के अनुसार शराब दुकान संचालनकर्ताओं के द्वारा बियर से लेकर ब्रांड शराब पर शराब संचालक और स्टाफ प्रिंट रेट से 20 रुपए से लेकर 70 रुपए तक अवैध वसूली की जाती है।और बिल मांगने पर बिल भी नही दिया जाता है। इस प्रकार के आरोप के बावजूद विभाग की ओर से अब तक कोई ठोस कार्यवाही नही की गई है।जो विभाग की कार्यवाही पर सवालिया निशान लगा रहा है ?।

बस्तर का घड़वा धातु शिल्प,बस्तर दशहरा में आकर्षण का केंद्र

मुकेश सोलंकी/नवप्रदेश

जगदलपुर। विश्व प्रसिद्ध बस्तर दशहरा में 75 दिनों तक चलने वाले इस पर्व में बस्तर क्षेत्र के घड़वा जाति के लोग घड़वा धातु से बने शिल्प के साथ जगदलपुर पहुँचते है।इस धातु को छत्तीसगढ़ के आदिवासी-लोक धातु शिल्प को ढोकरा धातु शिल्प कहकर संबोधित किया गया है । इस शब्द का प्रचलन संभवतः 1970 के दशक में आरंभ हुआ और जल्द ही आम बोल-चाल में आ गया । लेखिका रूथ रीव्स ने अपनी पुस्तक 'फोक मेटल्स ऑफइंडिया' में संभवतः पहली बार ढोकरा शब्द का प्रयोग पश्चिम बंगाल के घुमक्कड़ धातु शिल्पी समुदाय के लिए किया था ।

किंतु बस्तर , छत्तीसगढ़ के धातु शिल्प के लिए ढोकरा धातु शिल्प का संबोधन औचित्यपूर्ण नही है । यहां के धातु-शिल्पी स्वयं को ढोकरा समुदाय का अंग नही मानते और वे अपने शिल्प को भी ढोकरा नाम से संबोधित भी नही करते । बस्तर के धातु शिल्पी स्वयं को मूलतः घसिया जाति से उदभूत मानते हैं और अब अपने को घढ़वा कहते हैं । इस आधार पर बस्तर के धातु शिल्प को घढ़वा धातु शिल्प कहना अधिक सार्थक होगा ।

बस्तर के घढ़वा धातु शिल्पी द्वारा बनाया गया बैल,मोम के तार द्वारा शरीर की सज्जा किये जाने के कारण बैल के शरीर पर धागे के सामान टेक्सचर दिखाई दे रहा है जो आदिवासी धातु ढलाई पद्यति की पहचान है।

इस प्रकार भारत में लॉस्ट-वैक्स पद्धति से धातु ढलाई की लगभग 4500 साल पुरानी एक अटूट परंपरा है । इस परंपरा का एक विशेष रूप पश्चिमी बंगाल, बिहार, उड़ीसा एवं छत्तीसगढ़ के आदिवासी-लोक धातु शिल्प में आज भी देखा जा सकता है । इस पद्यति में मोम एवं साल वृक्ष के गौंद (धुअन) के तारों को मिटटी के आधार पर लपेटकर मूर्ति को आकार दिया जाता है । जिससे मूर्ति की सतह पर एक विशेष प्रकार का अलंकारिक टेक्चर उभर आता है जो इस धातु शिल्प की विशेषता है और इसे एक अलग पहचान देता है ।

इस सम्बन्ध में बस्तर में अनेक किवदंतियां प्रचलित हैं इनमें से एक प्रमुख कहानी जो थोड़े बहुत परिवर्तन के साथ अधिकांशतः घढवा लोगों द्वारा मान्य की जाती है, यह है कि बस्तर रियासत के समय में बस्तर के राज दरवार में किसी व्यक्ति ने पैर में पहनने का आभूषण पैरी महाराज को भेंट दिया था । महाराज ने गहने के कलात्मक सौन्दर्य से प्रभावित होकर कहा कि भाई तुम लोग तो गहने घढ़ते हो, इसलिए तुम घढ़वा हो, आज से तुम्हे घढ़वा कहा जायेगा । तब से बस्तर के धातु शिल्पी घढ़वा कहलाने लगे।

यू तो घढवा सारे बस्तर में फैले हुए हैं, किन्तु इनके बस्तर का मूल निवासी होने के बारे में यहां दो प्रकार की मान्यतायें प्रचलित हैं । कुछ लोग यह मानते हैं कि घढ़वा बस्तर के ही मूल निवासी हैं, क्योंकि इनका रहन-सहन, रीति-रिवाज, आचार व्यवहार, वेश भूषा, नृत्य-गीत, देवी-देवता वही हैं जो बस्तर में रहने वाले अन्य आदिवासियों के हैं, वे बोली भी स्थानीय ही बोलते हैं ।

घढ़वाओं में प्रचलित दूसरा मत यह है कि वे बस्तर के मूल निवासी नहीं हैं, अपितु उड़ीसा से यहां आकर बसे हैं । कहते हैं कि एक बार बस्तर महाराज ने अपना महल बनवाया तब उन्हे दंतेश्वरी देवी की धातु मूर्ति बनवाने की आवश्यकता हुई । इस समय सारे बस्तर में धातु मूर्ति ढाल सकने वाला कोई व्यक्ति नही मिला । तब उड़ीसा से पांच घढ़वा परिवारों को यहां बुलाया गया और उन्होंने दंतेश्वरी देवी की चांदी की मूर्ति ढालकर तैयार की । कालांतर में वे परिवार ही सारे बस्तर में फैल गये ।

बस्तर का घढ़वा धातु शिल्पी समुदाय

बस्तर के धातु-शिल्प का प्रमाणिक उल्लेख सन 1950 में प्रकाशित डा. वैरियर एल्विन की पुस्तक ट्राइबल आर्ट ऑफ़ मिडिल इंडिया में मिलता है । उन्होंने बस्तर में धसिया जाति के लोगों द्वारा पीतल के बर्तन, गहने और मूर्तियां बनाये जाने का उल्लेख किया था । रसल और हीरालाल ने अपनी पुस्तक में, सेन्ट्रल प्रविंस के गजेटियर 1871 के हवाले से लिखा है घसिया एक द्रविडियन मूल की जाति है जो बस्तर में पीतल के बर्तन सुधारने और बनाने का काम भी करती है । परंतु आज बस्तर के अनेक धातु शिल्पी अपने को घसिया जाति का नहीं मानतें वे अपने का स्वतन्त्र घढ़वा आदिवासी जाति का बताते हैं। बहुत से घढ़वा यह बात भी स्वीकारते हैं कि, घसिया जाति की वह शाखा जो धातु ढलाई का कार्य करने लगी, घढ़वा कहलाने लगी है । वे कहते हैं घढ़वा का शाब्दिक अर्थ घढ़ने वाला है अर्थात वह व्यक्ति जो मूर्तियां और गहने आदि गढता है, घढवा कहलाता है ।

न्यूज गैलरी

कोविड पॉजीटिव से एक की मृत्यु

महासमुंद। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आर.के. परदल ने बताया कि आज 27 अक्टूबर को विकासखण्ड बसना का रहने वाला 27 वर्षीय पुरूष की मृत्यु हो गई। उनका उपचार राजधानी के एम्स चिकित्सालय में चल रहा था। बताया जा रहा है कि उन्हें पहले से ही बीमारी थी तथा उपचार के दौरान उन्हें कोविड-19 का धनात्मक पाया गया था। कोविड-19 के निर्धारित प्रोटोकॉल के तहत उनके पार्थिव देह को क्षेत्र तक पहुंचाने की व्यवस्था की गई।

हादसे में दो मृत, दो घायल

महासमुंद। कोडार खल्लारी के पास मंगलवार को हुए सड़क हादसे के अलावा दो अन्य हादसों में दो लोगों की मौत हो गई। वहीं दो लोगों को गंभीर अवस्था में इलाज के लिए रायपुर रिफर किया गया। सोमवार देर रात तुमगांव के गाड़ाघाट के पास अस्पताल में भर्ती मां को घर छोड़कर अस्पताल से सामान लेकर लौट रहे दो सगे भाईयों को ट्रक ने ठोकर मार दी। घटना में छोटे भाई की मौत हो गई वहीं दूसरे को घायल अवस्था में रायपुर रिफर किया गया है। दूसरा हादसा हादसा बागबाहरा में हुआ अत्यधिक शराब पीने के बाद तेज गति से वाहन चालन कर रहे दो लोग डिवाइडर से जा टकराए जिससे घटनास्थल पर एक की मौत हो गई।

ग्राम दर्री निवासी रुखमणी बाई का पिछले कुछ दिनों से शहर के निजी अस्पताल में उपचार चल रहा था। सोमवार को उनके ठीक होने के बाद उन्हें घर छोड़कर अस्पताल से सामान लेकर घर लौट रहे दो भाई तुमगांव के गाड़ाघाट के पास दुर्घटना के शिकार हो गए। वापसी में मुकेश ध्रुव और गोवर्धन ध्रुव को अज्ञात वाहन ने ठोकर मार दी जिससे दोनों गंभीर रुप से घायल हो गए। इलाज के लिए ले जाने के दौरान मुकेश ध्रुव की रास्ते में मौत हो गई। बागबाहरा में मंगलवार को शराब पीकर बाइक से जा रहे युवक फैमिली ढाबा के पास डिवाइडर से जा टकराए। घटना में गंभीर रुप से घायल पुनाराम देवांगन (35) की अस्पताल ले जाने के दौरान मौत हो गई।

ट्यूशन फीस के नाम पर की जा रही मोटी रकम की उगाई निजी स्कूल प्रबंधन द्वारा

निजी स्कूल प्रबंधन ने ट्यूशन फीस को ही कर दिया है कुल फीस के बराबर

नवप्रदेश संवाददाता

कोंडागाँव। निजी स्कूलों द्वारा स्कूल के ट्यूशन फीस के नाम पर मनमानी की शिकायत लेकर आज कोंडागाँव जनदर्शन में कलेक्टर पुष्पेन्द्र मीणा के समक्ष गुहार लगाने जिले के निजी स्कूलो के बच्चो के पालक व अभिभावक पहुंचे थे।

ज्ञापन सौंपते पालको ने कहा कि जिले में निजी स्कूल प्रबंधन द्वारा ट्यूशन फीस के नाम से मनमानी वशूली की जा रही है। जिला कोंडागाँव में संचालित निजी स्कूलों द्वारा शासन के दिशानिर्देशों व मापदंडो को दरकिनार करते मन माने ढंग से ट्यूशन फीस लिया जा रहा है।

बच्चो को केवल वाट्सएप व यूट्यूब के माध्यम से पढ़ा कर किया जा रहा खाना पूर्ति: पालको ने कहा कि बच्चों को केवल वॉट्सऐप व यूट्यूब के माध्यम से पढ़ाई की खाना पूर्ति करवाई जा रही है। वहीं दूसरी ओर कुछ स्कूलों में तो अभिभावकों को फीस का वर्गीकरण कर ट्यूशन फीस ही नहीं बताई जा रही है, क्योंकि इन स्कूलों में ट्यूशन फीस को ही कुल फीस के ही बराबर कर दिया गया है,बस चार्ज को छोड़ अन्य फीस बढ़ाकर पूरे के पूरे स्लैब में बदलाव कर दिया गया है,साथ ही स्कूल संचालक अभिभावकों को इस संबंध में जानकारी मांगने पर कोई स्पस्ट जवाब नहीं दिया जाता हैं। कलेक्टर को आवेदन सौपते पालको ने कहा है कि जल्द से जल्द मामले पर जांच कर निजी स्कूल संचालको के मनमानी पर अंकुश लगाया जाए।

अश्लील मैसेज करने वाला आरोपी युवक गिरफ्तार

साजा। दिनांक 24 अक्टुबर 2020 को प्रार्थिया थाना बेमेतरा में लिखित आवेदन पेश कर रिपोर्ट दर्ज करायी कि दिनांक 16 अप्रेल 2020 से प्रार्थिया अपने मामा के घर निवास कर रही है। आरोपी द्वारा अपने मोबाईल नम्बर से प्रार्थिया के मामा के मोबाईल नम्बर पर प्रार्थिया के नाम से लगातार अश्लील मैसेज भेजा है जिससे प्रार्थिया को काफी मानसिक प्रताडना हुई, की रिपोर्ट पर थाना बेमेतरा में अपराध सदर धारा 509 (ख) भादवि पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। उक्त घटना के संबंध में वरिष्ट अधिकारियो को अवगत कराया गया। जिस पर पुलिस अधीक्षक बेमेतरा दिव्यांग पटेल के निर्देशन पर अति. पुलिस अधीक्षक विमल कुमार बैस एवं एसडीओपी बेमेतरा राजीव शर्मा के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी बेमेतरा निरीक्षक राजेश मिश्रा एवं थाना स्टाफ द्वारा विवेचना के दौरान दिनांक 27.10.2020 को थाना बिल्हा जिला बिलासपुर क्षेत्रांतर्गत के रहने वाले आरोपी शंकर पटेल ऊर्फ गौरीशंकर पटेल पिता बिहारी पटेल उम्र 27 साल को पकडा गया। आरोपी से उक्त घटना के संबंध में पूछताछ करने पर अपना जुर्म स्वीकार किये। उपरोक्त आरोपी से घटना में प्रयुक्त मोबाईल जप्त कर प्रकरण में आरोपी के विरूद्ध पर्याप्त साक्ष्य पाये जाने से आज दिनांक 27.10.2020 को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय में पेश किया गया। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी बेमेतरा निरीक्षक राजेश मिश्रा, सउनि के.एस. नेताम, आर. संदीप साहू, आर. नागेश सिंह, आर. मनीष मिश्रा, हीरालाल साहू, राजेश भास्कर एवं अन्य थाना स्टाफ का सराहनीय भूमिका रही।

एनएमडीसी लिमिटेड, हैदराबाद में सतर्कता जागरूकता सप्ताह, 2020 का आयोजन

हैदराबाद/रायपुर। केंद्रीय सतर्कता आयोग के निर्देशानुसार 27-10-2020 से 02-11-2020 तक सतर्कता जागरूकता सप्ताकह - 2020 का आयोजन किया जा रहा है जिसकी थीम है - ÷सतर्क भारत समृद्ध भारत÷।

उपर्युक्तक निर्देशों के अनुपालन में भारत के सबसे बड़े लौह अयस्कज उत्पाादक एवं नवरत्नर पीएसयू एनएमडीसी में भी सतर्कता जागरूकता सप्ता ह का आयोजन किया जा रहा है। सतर्कता जागरूकता सप्तााह, 2020 के उद्घाटन के अवसर परश्री सुमित देब, अध्यूक्ष-सह-प्रबंध निदेशक, एनएमडीसीने मुख्याासलय हैदराबाद में अपने कर्मचारियों को संगठन के लिए सत्य निष्ठा प्रतिज्ञा हिंदी में दिलवाई तथा नागरिकों के लिए सत्यदनिष्ठाच प्रतिज्ञा श्री वी.वी.एस. श्रीनिवास, मुख्यध सतर्कता अधिकारी ने अंग्रेजी में दिलवाई। इस अवसर पर श्री पी.के. सतपथी, निदेशक (उत्पा्दन) ने माननीय राष्ट्र पति महोदय का संदेश, श्री आलोक कुमार मेहता, निदेशक (वाणिज्ये) ने माननीय उप राष्ट्र पति तथा अधिशासी निदेशक श्री बी. साहू एवं श्री एस. सुरेन्द र ने क्रमशः माननीय प्रधानमंत्री तथा केंद्रीय सतर्कता आयुक्त के संदेश पढ़कर सुनाए। प्रतिज्ञा दिलवाने का यह कार्यक्रम छत्तीदसगढ़, कर्नाटक, मध्यक प्रदेश, आंध्र प्रदेश, झारखंड तथा नई दिल्लीर में स्थित सभी परियोजनाओं, अनुसंधान एवं विकास केंद्र तथा क्षेत्रीय कार्यालयों में सीधा प्रसारित किया गया जिससे कि वहां कार्यरत एनएमडीसी के अन्ये 5000 कर्मचारी भी एक साथ प्रतिज्ञा ले सकें। कार्यक्रम का आयोजन कोविड-19 महामारी से संबंधित स्वा?स्य00 संबंधी सभी सावधानियों का पालन करते हुए किया गया।

एनएमडीसी में सतर्कता जागरूकता सप्तारह,2020 के दौरान विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है जिसमें व्यसक्तिगत तथा अंतरविभागीय प्रतियोगिताएं तथा जागरूकता संबंधी कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

महासमुंद धनसुली में एक युवक को हाथी ने कुचला

- **पत्नी और बेटे के सामने हुई घटना, सुबह से धान कटाई कर रहे थे खेत में**

महासमुंद। महासमुंद से लगे ग्राम धनसुली के एक युवक को हाथी ने 27 अक्टूबर को कुचल कर मार डाला ।बताया जा रहा है, मृतक का नाम गणेश सतनामी (42) है, जो मंगलवार की सुबह अपने पत्नी और बेटे के साथ खेत में धान काटने गया हुआ था। उसी समय अचानक हाथी निकल आया जिसमें पत्नी और बेटे ने जान बचाकर वहां से भागने में सफल हुए वहीं, गणेश को हाथी ने सूंड में पकड़ लिया। इसके बाद दूर से पत्नी और बेटा अपने पिता की इस दर्दनाक घटना को देखते रह गए।

ग्रामीणों ने बताया कि धनसुली के करतीदादर में गणेश ने धान लगाकर खेती कर रहा है। सोमवार को ही हार्वेस्टर में धान कटवाया था। लेकिन खेत के साइड में छूटे धान के फसल को काटने के लिए मंगलवार की सुबह से ही अपने खेत पहुंच गया था। इसी दौरान हाथी ने हमला कर दिया। गणेश के पत्नी और उसके बेटे सुरक्षित हैं लेकिन गणेश को हाथी ने घटना स्थल पर ही कूचल कर मार डाला। ग्रामीणों ने इसकी सूचना फारेस्ट विभाग को दे दी है।

राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक कोरोना जागरूकता के लिए इंडियन बैंक में करा रहे सोशल डिस्टेंसिंग का पालन

कवर्धा। कोविड-19 कोरोना वायरस के संक्रमण के रोकथाम और नियंत्रण को ध्यान में रखते हुए नेहरू युवा केंद्र कवर्धा छत्तीसगढ़ युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार संयुक्त तत्वाधान में नेहरू युवा केंद्र के जिला समन्वयक श्री सौरभ कुमार निषाद के नेतृत्व में कोरोना वायरस जागरूकता अभियान पंडरिया विकासखंड के ग्राम कुंडा के इंडियन बैंक, इलाहाबाद बैंक में लोगों को जागरूक करने के लिए व सोशल डिस्टेंसिंग के पालन के लिए राष्ट्रीय स्वयंसेवक श्री पुरुषोत्तम निर्मलकर के द्वारा बैंकों में चूना से गोला बनाकर सोशल डिस्टेंसिंग पालन करने के लिए बैंक के पास चूना का गोला बनाया गया। इस गोले से बैंक में आने वाले लोगों को चुना से बने गोलों को देखकर सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करें और कोरोना महामारी बीमारी से सुरक्षित रहे। इस अवसर पर पंडरिया जनपद के सभापति श्रीमती अंजनी कृष्णा चंद्राकर भी उपस्थित थे। आज कोरोनावायरस पूरे विश्व के लिए खतरा बन बैठा है अभी तक इस बीमारी का कोई उपचार नहीं पाया गया है। सुरक्षा ही इनका सही उपचार है।

वनांचल बोक्करखार, महालीघाट में आदिवासी बच्चों को मिल रही मोहल्ला कक्षा से शिक्षा

कवर्धा। छत्तीसगढ़ राज्य वनों से आच्छादित राज्य है, जो पूरे देश मे तीसरे स्थान पर है, जिसमें कबीरधाम जिला भी वन संपदा से भरपूर है। कबीरधाम जिले के चारों विकासखंड कवर्धा, बोड़ला, पंडरिया और सहसपुर लोहारा में से विकासखंड बोड़ला मैकल श्रेणी के गोद मे स्थित है। जिले की बोड़ला वनांचल विकासखंड अंतर्गत संकुल केंद्र बोक्करकरखार चारों ओर से वनों से घिरा हुआ है। सघन वनों के बीच होने के बावजूद भी यहां शिक्षा के क्षेत्र में कभी पीछे नही रहा। यह क्षेत्र बैगा आदिवासी का गढ़ रहते हुए भी शिक्षा व खेल के क्षेत्र में अपनी पहचान बनाया हुआ है।

इस कड़ी को आगे बढ़ाते यहां के शिक्षक, शिक्षिका लगातार शिक्षा के क्षेत्र में अपने कार्य क्षेत्र में सहयोग देने कभी किसी से पीछे नहीं रहते। सक्रिय रूप से कार्य संकुल प्रभारी कृष्ण कुमार धुर्वे ने बताया कि इस वैश्विक महामारी कोरोना संक्रमण के बीच शासकीय प्राथमिक शाला महाली घाट में शिक्षिका संतोषी पैकरा एवं शाला संगवारी सुख सिंह धुर्वे द्वारा मोहल्ला क्लास का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें प्रतिदिन 30 से 35 बच्चे लाभान्वित हो रहे हैं। वनों से घिरे इस क्षेत्र में जहां पहुंचना दुर्लभ है ऐसे स्थान पर महिला शिक्षिका द्वारा लगातार प्रयास कर अपने शाला के बच्चों के लिए प्रयास किया जा रहा है जिसकी सराहना स्वयं संकुल प्रभारी कृष्ण कुमार धुर्वे, ग्राम सरपंच के द्वारा किया जा रहा है।

नरेंद्र मोदी सेना युवा मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष बने दया सिंह

भिलाई। नरेंद्र मोदी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित देवशुक्ला ने नरेंद्र मोदी सेना के युवा मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष पद पर दया सिंह को मनोनीत किया है। पंडित शुक्ला ने दया सिंह को नियुक्त पत्र सौंपते हुए उम्मीद जताई है कि नरेंद्र मोदी सेना के संगठन को पूरे देश में मजबूती से खड़ा कर प्रधानमंत्री की नीतियों और रीतियों को जन-जन तक पहुंचाने का काम करेंगे। गौरतलब है कि दया सिंह भिलाई में संघर्षशील और जुझारू व्यक्तित्व के रूप में अपनी अलग पहचान रखते है। बोलबम सेवा एवं कल्याण समिति की स्थापना कर दया सिंह ने जनसेवा और लोक कल्याण की दिशा में उल्लेखनीय काम किया है। कोविड-19 कोरोना संक्रमण व लॉकडाउन के दरम्यान जरूरतमंदों की सेवा भी कल्याण समिति के माध्यम से की। इसके अलावा दया सिंह भारतीय जनता पार्टी की राजनीतिक में गहरी दखल रखते है। दया सिंह भारतीय जनता युवा मोर्चा की प्रदेश इकाई में भी दायित्व निभा चुके है। श्री सिंह बोलबम एवं कल्याण समिति के माध्यम से प्रत्येक महाशिवरात्रि के मौके पर शिवजी ऐतहासिक बारात निकालकर गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्ड में नाम दर्ज करा चुके है। शिवजी की बारात देशभर के कई प्रतिष्ठित हस्ती और सांसद और विधायक भी शामिल होते रहे है। हेलमेट से जीवन रक्षा के नारे को बुलंद करते हुए विशाल हेलमेट बाइक रैली निकालकर गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्ड में भी भिलाई का नाम दर्ज करा चुके है। विभिन्न धार्मिक आयोजनों में भी श्री सिंह का उल्लेखनीय योगदान रहा है।

सिरीयस मरीजों का उत्कृष्ट ईलाज (उचित दरों में), सर्वसुविधायुक्त आईसीयू आधुनिक ऑपरेशन थियेटर सभी प्रकार की जांच सुविधा
बांठिया हॉस्पिटल
कोविड मरीजों के ईलाज के लिए अलग व्यवस्था
100 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त अस्पताल
24 घंटे उपलब्ध सुविधाएं
राजा तालाब रोड, रायपुर, फोन : 0771-2425009, 2424737